राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

दैनिक शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 175 • नई दिल्ली, सोमवार 02 अक्टूबर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




3 एक तारीख एक घंटा सेवा कार्यक्रम का किया आयोजन...

# वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने दिखाया शौर्य, राजधानी में देश का सबसे बड़ा एयर-शो

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना की 91वां स्थापना दिवस पर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने शानदार करतब कर अपना शौर्य दिखाया। एयरशो में वायु सेवा के 65 विमान शामिल हुए, जिन्हें आगरा, ग्वालियर और गाजियाबाद से लांच किया गया।

राजधानी भोपाल के बड़े तालाब पर शनिवार को देश का सबसे बड़ा एयर शो का आयोजन हुआ। जहां चिनूक की होल्डिंग पोजिशन देखने को मिली तो सूर्य किरण को डायमंड शेप बनाया। वहीं आईएल-78 ने हवा में फ्यूल भरा। बतादें भारतीय वायुसेना ने 91वें स्थापना दिवस पर शनिवार को भोपाल में शौर्य दिखाया। दुनिया ने मध्य प्रदेश की भोपाल में हुए वायु सेना का दम देखा। वायु सेवा के लड़ाकू विमान ने आसमान पर करतब दिखा कर सब को चौका दिया। एयर शो में तेजस, मिराज जैसे 30 से ज्यादा लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर ने करतब दिखाया। इस शो में राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। वहीं फ्लाई पास्ट कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**मप्र में एयर बेस बढ़ाने की तैयारी-** एयर चीफ मार्शल विभाष पांडे ने बताया कि वायुसेना मध्यप्रदेश में अपने एयर बेस बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए जगह का सर्वे किया का रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि युवाओं को वायु सेना से जोडऩे के लिए एमपी में जल्द ही एक रैली भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा आज का शो सफल रहा। भोपालवासियों का उत्साह बताता है कि उन्हें ये शो बेहद पसंद आया। वर्चुली भी बड़ी संख्या में लोगों ने



इस शो का आनंद लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहले कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे, लेकिन किसी कारण के कारण वस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। इस बारे में जानकारी देते हुए यह चीफ मार्शल विभाष पांडे ने कहा कि वह देश की रक्षा मंत्री हैं उन्हें आखिरी वक्त पर भी कोई और अति महत्वपूर्ण कार्य आ सकता है, जिसके चलते वे यहां नहीं पहुंच पाए होंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए वायुसेना ने तीन दिन तक रिहर्सल की।

इसके बाद 30 सितंबर को फाइनल शो आयोजित किया गया। इसके पहले 28 सितंबर को फुल ड्रेस रिहर्सल की गई थी। तीन दिन तक अभ्यास के दौरान भी भोपाल के लोगों ने इस एयर शो का आनंद उठाया।

**भोपाल के आसपास के लोग भी पहुंचे -** एयर शो देखने के लिए भोपाल के अलावा आसपास के क्षेत्रों के लोग भी यहां पहुंचे। लेक व्यू और वीआईपी रोड के आसपास रहने वाले लोगों के घरों में उनके नाते रिश्तेदारों का भी जमघट लग गया। सभी ने अपने घरों से इस शो को देखा। इसके साथ ही स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शो देखने पहुंचे थे। करतब दिखाने के लिए विमानों आगरा, ग्वालियर और गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से उड़ान भरी थी। इसके साथ कुछ विमानों ने भोपाल एयरपोर्ट और हेलीकॉप्टर थ्री ईएमई सेंटर से भी उड़ान भरी। शो में महिला पायलट भी शामिल रहीं। उन्होंने भी सारंग हेलीकॉप्टर की टीम के साथ आसमान में करतब दिखाए। फ्लाई पास्ट में लड़ाकू विमान एसयू-30, मिराज 2000, जगुआर, एलसीए तेजस, हॉक्स, हेलीकॉप्टर चिनूक, एमआई-17 वी5, चेतक, एएलएच और परिवहन विमान सी130 और आईएल 78 शामिल हुए। सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम, सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम और आकाश गंगा टीम ने भी कार्यक्रम में प्रदर्शन अपना दम दिखाया।

## संक्षिप्त समाचार

### 31 साल चला हत्या का केस, दो सगे भाइयों को उम्रकैद



**बांदा**। उत्तर प्रदेश के बांदा में एक दलित युवक की हत्या के मामले में कोर्ट ने 31 साल बाद दो सगे भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इतने साल बाद पीड़ित परिवार को न्याय मिला है। हत्या को अंजाम देने वाले दोनों सगे भाई जवान से बूढ़े हो चुके हैं। सैकड़ों तारीखें पड़ीं। कई जज बदल गए। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी दो सगे भाइयों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है, साथ ही 60 हजार का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट के सरकारी अधिवक्ता ने मामले की पुष्टि की है। दरअसल, बबेरू थाने के भदेहदु गांव में साल 1992 में एक महिला ने केस दर्ज कराया था। शिकायत में महिला ने कहा था कि वह अपने पति के साथ खेत में फसल की कटाई कर रही थी। उसी दौरान गांव के दो सगे भाइयों ने मवेशी खेत में छोड़ दिए। मना करने पर गाली-गलौज किया और पति के सिर में लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में पति को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने विवेचना की। आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। अभियोजन ने 7 गवाह पेश किए, सैकड़ों तारीखें पड़ीं, करीब डेढ़ दर्जन जज बदल गए। केस ट्रायल में आने के बाद दोनों पक्षों में बहस और तमाम दलीलों के बाद दोनों भाइयों को विशेष न्यायाधीश ने दोषी करार दिया।

### एक्स ने अब तक क्रिएटर्स को किया 166 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान

**नई दिल्ली**। अपने प्लेटफॉर्म पर यूजर्स को बनाए रखने के लिए, एक्स कॉर्प ने अब तक क्रिएटर्स को लगभग 20 मिलियन डॉलर (166 करोड़ रुपये से अधिक) का भुगतान किया है। यह खुलासा सीईओ लिंडा याकारिनो ने किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने जुलाई में क्रिएटर्स को अन्य वेरिफाइड यूजर्स को उनके पोस्ट के जवाब में दिखाए गए विज्ञापनों से अर्जित विज्ञापन राजस्व के एक हिस्से के लिए भुगतान करना शुरू कर दिया। याकारिनो ने शुक्रवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया, कि क्रिएट, कनेक्ट, कलेक्ट ऑल ऑन एक्स। हम क्रिएटर्स जैसे नए सेगमेंट की आर्थिक सफलता को सक्षम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अब तक हमने अपने निर्माता समुदाय को लगभग 20 मिलियन डॉलर का भुगतान किया है। एक्स के मालिक एलन मस्क के अनुसार, जुलाई में पहला भुगतान लगभग 5 मिलियन डॉलर था। क्रिएटर्स को अब यूजर्स से उनके ट्वीट का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। एक्स ने क्रिएटर्स के लिए अपने नए लॉन्च किए गए विज्ञापन राजस्व साझाकरण कार्यक्रम के तहत भारत सहित क्रिएटर्स को विज्ञापन राजस्व में से उनके हिस्से का भुगतान करना शुरू किया। दुनिया भर के कई क्रिएटर्स ने साझा किया है कि उन्हें माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म से इसके नए प्रोग्राम के माध्यम से कितना पैसा मिला है।

### सीएसपी संचालक केंद्र के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाये- थाना प्रभारी रंजीत सिन्हा



**जामताड़ा**। जिले में आपराधिक घटनाओं की बढ़ती ग्राफ को देखते हुए जिला की पुलिस एक्टिव मूड में आ गई है। वहीं रविवार को जामताड़ा थाना परिसर में थाना प्रभारी रंजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सीएसपी संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में थाना प्रभारी रंजीत सिन्हा ने सीएसपी संचालकों को कहा कि ऐसा देखा जा रहा है कि जामताड़ा थाना क्षेत्र में ग्राहक सेवा केंद्र अंतर्गत वित्तीय लेनदेन काफी मात्रा में किया जा रहा है। विगत दिनों में ऐसा भी देखा जा रहा है कि ऐसे स्थान में सीसीटीवी कैमरा ना होने से सीएसपी केंद्रों का मुख्य दरवाजा बिल्कुल खुला हुआ है। ऐसे में आपराधिक सामाजिक तत्वों के द्वारा अपराध की घटना को आसानी से अंजाम दिया जा रहा है। वही अपराध निरंतरण को लेकर थाना प्रभारी ने मौके पर मौजूद संचालकों से कई बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सीएसपी संचालकों से कम से कम केंद्र के अंदर एक और बाहर एक कैमरा लगाने को कहा। सीसी केंद्र के मुख्य दरवाजे को गेट ग्रिल से बंद करने सीएसपी केंद्र में मार्क्स,नकाबपोश हेलमेट,आदि पहनकर आने वाले ग्राहकों को साथ लेनदेन नहीं करने को कहा। केंद्र में संचालक के अलावे वित्तीय स्थान में आने वाले स्टाफ का सीसीटीवी कैमरा में आना सुरक्षित करने सीसीटीवी कैमरा काम नहीं करने पर केंद्र के अंदर प्रवेश करने वाले लोगों को रोकने के लिए एक सुरक्षा गार्ड को नियुक्ति करने आदि बिंदुओं पर चर्चा किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एवं लेनदेन के विवरण अपने खाते पर अपडेट रखें साथ में आधार नंबर मोबाइल नंबर भी अवश्य नोट करें।

# देशभर में एक साथ चला स्वच्छता अभियान

## पीएम मोदी की अपील पर विभिन्न शहरों में महात्मा गांधी को देश के लोगो ने दी स्वच्छांजलि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम नरेन्द्र मोदी की अपील पर रविवार को एक साथ देशभर के लाखों लोगों ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। पीएम की राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान की अपील पर नेताओं, अभिनेताओं से लेकर छात्रों तक, सभी क्षेत्रों के लोगों ने रविवार को एक घंटे के श्रमदान में हिस्सा लिया। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के अनुसार, इस अभियान के तहत देशभर में 9.20 लाख से अधिक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की पिछली कड़ी में पीएम मोदी ने सभी नागरिकों से एक अक्टूबर को 'स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान' करने की अपील में कहा था कि महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर यह 'स्वच्छांजलि' होगी। इस दौरान श्रमदान करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झाड़ू लेकर अहमदाबाद में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा दिल्ली के झंडेवालान इलाके में इस अभियान में शामिल हुए। इस दौरान देशभर में केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने झाड़ू उठाकर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में हिस्सा लिया। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल,



भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने भी एक स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी स्वेच्छा से शामिल हुए। दिल्ली नगर निगम ने भी राजधानी में 500 स्थानों पर सफाई अभियान चलाया। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोगों से इस अभियान में शामिल होने का आग्रह करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आइए, एक नया इतिहास बनाएं! आज सुबह 10 बजे। आइए एक घंटे के लिए स्वयंसेवक बनें, स्वच्छता के माध्यम से महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दें। शामिल होने के लिए स्थानीय स्वच्छता कार्यक्रमों को स्कैन करें या देखें। वहीं क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे क्रिकेट खिलाड़ियों ने भी लोगों से 'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' के लिए साथ आने और स्वच्छता के प्रति संकल्प को मजबूत करने के लिए सबसे बड़े नागरिक नेतृत्व वाले आंदोलन में शामिल होने की अपील की। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि लोग स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े रहेंगे, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च किया था।' लखनऊ में 'स्वच्छता पखवाड़ा' में हिस्सा लेने वाले उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील पर देशभर में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### स्वच्छता अभियान पर केन्द्र और राज्य के नेताओं ने लगाई झाड़ू

**नई दिल्ली**। देशभर में आज स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से पहले केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने अभियान का आगाज किया। इस अवसर पर केन्द्र और राज्य के अनेक केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री सतह पर उतरकर स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग दे रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी समेत कई नेताओं ने झाड़ू उठा लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के अहमदाबाद में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया वहीं गृह मंत्री कई भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नजर आए। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी एक साथ अंबेडकर नगर बस्ती में अभियान का आगाज करते नजर आए। जेपी नड्डा ने कहा, कि भारतीय जनता पार्टी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चला रही है। देश भर के कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान में जुटे हुए हैं। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी के साथ स्वच्छता



अभियान में हिस्सा लेने पहुंचे नड्डा ने महात्मा गांधी के स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आइये संकल्प लें कि इस जन आंदोलन से जुड़कर जीवन में सदैव स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए जीवनशैली अपनायेंगे।उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता का जो सपना देखा और मोदी जी ने जिस सपने को साकार किया है, हम उसे और मजबूती से आगे ले जाए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड और उत्तर रेलवे के अधिकारियों के साथ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के लिए 14 मिनट का क्लीन-अप प्रोटोकॉल तैयार किया गया है। आज 35 जगहों पर इसकी शुरुआत होगी और फिर बाद में इसे आगे बढ़ाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चक्रतीर्थ नैमिषारण्य में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर वे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सीतापुर क्षेत्र में झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति कर्तव्यबोध का अहसास कराया ।

# भारत में भी शुरु हुई जापान की बुलेट ट्रेन जैसी सफाई तकनीक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे ने 1 अक्टूबर से ट्रेनों की त्वरित सफाई के लिए '14 मिनट के चमत्कार' को मूर्त रुप दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अब भारत में भी जापान की बुलेट ट्रेन जैसी साफ-सफाई की तकनीक शुरु कर दी गई है। स्च्छता के मामले में यह एक बड़ा कदम बताया जा रहा है। इस काम की शुरुआत देश भर में उनके संबंधित गंतव्य स्टेशनों पर 32 वंदे भारत ट्रेनों से होगी। इसकी औपचारिक शुरुआत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन में करने जा रहे हैं। जापान की बुलेट ट्रेनों में देखी गई तीव्र सफाई व्यवस्था का अनुकरण करते हुए भारतीय रेलवे ने भी इसी तर्ज पर तैयारी की है। बताया जा रहा है कि जापान में बुलेट ट्रेन को साफ करने में 7 मिनट का समय मिलता है। भारतीय रेलवे भी ट्रेन की सफाई के मानकों को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि वंदे भारत ट्रेनों को 14 मिनट के भीतर साफ कर दिया जाएगा ताकि उनकी समयबद्धता और टर्नअराउंड टाइम में सुधार किया जा सके। रेल मंत्री ने कहा, कि यह एक अनोखी अवधारणा है और भारतीय रेलवे में पहली बार ऐसा हो रहा है। इस गतिविधि में पहले से लगे फ्रंट-लाइन कार्यबल की संख्या में वृद्धि किए बिना सफाई कर्मियों की दक्षता, कौशल और कामकाजी रवैये को बढ़ाकर यह सेवा संभव हो गई है।



### चांद से भी परे पहुंचेंगे भारत और अमेरिका के संबंध : एस. जयशंकर

**नई दिल्ली**। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के संबंध च्रद्रयान के समान हैं, जो अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच रहे हैं उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उन्हें एक अलग स्तर तक लेकर जाएगी। ये द्विपक्षीय संबंध चंद्रयान की तरह चांद पर और उससे भी परे पहुंचेंगे। भारतीय दूतावास द्वारा शनिवार को यहां आयोजित 'सेलिब्रेटिंग कलर्स ऑफ फ्रेंडशिप' कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका के विभिन्न हिस्सों से 'इंडिया हाउस' में एकत्र हुए सैकड़ों भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आज एक स्पष्ट संदेश है कि हमारा रिश्ता अब तक के उच्चतम स्तर पर है, लेकिन जैसा कि अमेरिका में कहा जाता है।

# शक्ति के पर्व नवरात्र से नारी शक्ति को साधेगी मोदी सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मोदी सरकार मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों के विधानसभा और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शक्ति के पर्व नवरात्रि से देश की नारी शक्ति को साधने एक बड़ी घोषणा का ऐलान करने जा रही है। इसमें वह महिलाओं के नाम पर लिए जाने हर तरह के कर्ज की ब्याज दरें पुरुषों के मुकाबले कम करने की घोषणा कर सकती है। मोदी सरकार ने पुरषों के मुकाबले महिलाओं के लिए बैंकों से सस्ती दरों पर लोन उपलब्ध कराने की तैयारी की है। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार यह संभव है कि होम लोन लेने वाली महिलाओं को 30-40



लाख रुपये तक की छूट मिले। अगर महिला होम लोन के लिए आवेदन करती हैं तो उसे भी यह छूट मिल सकती है। इसके साथ महिलाएं होम लोन के लिए को-एप्लिकेंट हों तो भी ब्याज में छूट मिल सकती है।

**कर्ज देने के लिए क्या होंगे मापदंड** - अभी सामान्य महिलाओं को तो बैंक लोन में ये छूट मिल ही जाती है। इस योजना के लागू होने के बाद सिंगल चाइल्ड मदर, ओनली गर्ल चाइल्ड मदर या विधवा को ज्यादा छूट मिल सकती है। इसके साथ 1 से 5 साल के दौरान रोजगार से जुड़ी युवतियों और महिलाओं को भी लोन में छूट का लाभ दिया जा सकता है।

**होम लोन में महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा** - रिपोर्टस के अनुसार होम लोन लेने के मामले में पुरुषों की संख्या ज्यादा है। 46% पुरुषों ने 48% महिलाओं ने होम लोन लिया है। बाकी के 6% लोन संयुक्त रूप से दिए गए हैं। व्यवसाय, खेती और बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए भी महिलाओं में लोन का चलन तेजी से बढ़ा है।

### कोनोकार्पस तेलंगाना के बाद अब गुजरात में बैन

**नई दिल्ली**। खूबसूरत दिखने वाले कोनोकार्पस के पौधे पर गुजरात सरकार ने फौरन पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। खूबसूरत सा दिखने वाला यह पौधा असल में लोगों को बीमार तो बना ही रहा है, पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। गुजरात सरकार ने एक नोटिफिकेशन में कहा है कि अब न तो रिहायशी और न ही जंगली इलाकों में कोनोकार्पस लगाया जा सकता है। बता दें कि हाल के दिनों मे गुजरात में ग्रीन कवर यानी हरियाली बढ़ाने के लिए न सिर्फ जंगल, बल्कि रिहायशी इलाकों में भी धड़ल्ले से कोनोकार्पस के पौधे लगाए गए थे। कोनोकार्पस मैंग्रोव प्रजाति का पौधा है और ज्यादातर उष्ण-कटिबंधीय इलाकों में पाया जाता है। इसके पौधे 1 से 20 मीटर तक लंबे होते हैं। पत्तियां बेहद नूकीली होती हैं। सर्दी के दिनों में इस पौधे में हल्के सफेद और लाल रंग के फूल आते हैं और बिल्कुल शरीफे जैसे दिखते हैं।

**विकसित** | वार्ड सदस्य बैठेंगे भूख हड़ताल पर मुखिया के विरोध में

# बलहा पंचायत सरकार भवन सौंदर्य करण के नाम पर भारी लूट

**दरभंगा**। सदर प्रखंड क्षेत्र के बलहा पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन के सौंदर्य करण के नाम पर भारी लुट। बता दे की बलहा पंचायत के सभी 15 वार्ड सदस्यो ने एक साथ दरभंगा उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी को लिखित शिकायत किया है की मुखिया दीप नारायण पासवान के द्वारा पूरे पंचायत में अपने सगे संबंधी एवं कुछ दबंगों की मदद से सरकार द्वारा आवंटित राशि को बंदरवाट किया गया है। वही बलहा पंचायत सरकार भवन के चार दीवार का निर्माण में गुणवत्ता को ताक पर रखकर राशि का बंदरवाट किया गया है। कचरा भवन योजना के कार्य में भी योजना के हिसाब से कार्य नहीं किया जा रहा है। जो भी पंचायत में योजना किया गया है मुखिया द्वारा कहीं भी योजना



बोर्ड नहीं लगाया गया है। वहीं सभी 15 वार्ड सदस्यों ने आरोप लगाते हुए बताएं कि जो भी योजना मुखिया दीप नारायण पासवान के द्वारा किया गया या किया जा रहा है कोई भी वार्ड सदस्य को जानकारी नहीं देते हैं। अपने मनमर्जी से कार्य करते हैं कभी भी आमसभा नहीं लगाते हैं। वहीं मुखिया दीप नारायण पासवान के द्वारा वार्ड सदस्यों को धमकी दिया जाता है की सभी को केस में फंसा देंगे जिससे वार्ड सदस्यों में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं वार्ड सदस्य ने दरभंगा उप विकास आयुक्त से गुहार लगाया है कि बलहा पंचायत मुखिया के सभी योजनाओं का जांच किया जाए और अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई करने का कृपया किया जाए इसमें जेई ,सचिव सहित कई कर्मी सम्मिलित होने की संभावना है। अगर मुखिया के योजना पर जांच नहीं किया गया तो सभी वार्ड सदस्य के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में भूख हड़ताल पर अनिश्चितकाल बैठ जाएंगे मुखिया के मनमानी के खिलाफ। एक साथ बलहा पंचायत के उप मुखिया किशोर यादव ,वार्ड सदस्य मंजू देवी, कुलदेवी ,रेणु देवी ,उषा देवी ,रविंद्र कुमार मिश्र, त्रिपुरारी मिश्र, रामबाबू मुखिया, कृष्ण कुमार यादव ,कमलेश पासवान , कृष्ण देव यादव, भल भोगिया देवी ,अरुण कुमार शर्मा, फिरदोष परवीन, लाल सदाय दरभंगा उप विकास आयुक्त के अलावा सदर बीडीओ विजय कुमार सौरभ को भी लिखित शिकायत दिए हैं। वही इस मामले पर सदर बीडीओ विजय कुमार सौरभ ने बताया कि सरकार भवन का निर्माण करीब 80 लाख की लागत से कुछ साल पहले बलहा पंचायत में निर्माण हुआ था और 32 लाख की लागत से सौंदर्य करण किया गया है जिसकी अनियमितता की शिकायत वार्ड सदस्यों के द्वारा किया गया है। जिसकी जांच किया जाएगा अनियमितता पाए जाने पर मुखिया और जेई सहित कई कर्मी पर fir दर्ज किया जाएगा। इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द ही पंचायत में चल रहे योजना की जांच की जाएगी।

## खास ख़बर

### रविवार को जिला मुख्यालय स्थित 05 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई सिपाही भर्ती परीक्षा

**अररिया**। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) (विज्ञापन संख्या 01/2023) के अन्तर्गत बिहार पुलिस संगठन में 'सिपाही' के रिक्त पदों पर चयन/भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दो पालियों में रविवार को जिला मुख्यालय स्थित 05 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित हुई। प्रथम पाली की परीक्षा 10.00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक आयोजित हुई, जिसमें 2087 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 379 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गये। द्वितीय पाली 03.00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक आयोजित हुई, जिसमें में 2185 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 281 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गये। परीक्षा को लेकर दोनों पाली में संबंधित सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी -सह- प्रेक्षक, जोनल दण्डाधिकारी -सह- गश्तीदल दण्डाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारी नियमित रूप से सक्रिय रहें।

### 15 राज्यों के चुनाव में भाजपा की हार तय : मंजर खान



**अररिया**। राष्ट्रीय जनता दल के कद्दावर नेता व अररिया लोकसभा सीट से राजद प्रत्याशी के प्रबल दावेदार जनाब मंजर खान ने विभिन्न प्रांतों से दौरा कर अपने क्षेत्र अररिया पहुंचे अपने वक्तव्य में कहा कि मध्य प्रदेश सहित पांच राज्यों के चुनाव के पहले ही भाजपा ने अपनी हार मान ली और अब यह स्पष्ट रूप से दिखने भी लगा है। जिस राज्य में भाजपा 18 वर्षों से शासन में है वहां बार-बार नरेन्द्री मोदी का जाना और विधान सभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में 3 केन्द्रीय मंत्री और सात सांसदों को उतारा जाना भाजपा की झूठी उम्मीद का यह आखिरी चाल है जो कभी सफल नहीं होगा। मंजर खान ने कहा कि भाजपा के इस आखिरी सहारे की दाव को नाम बड़े दर्शन छोटे समझा जाए। इस तरह मध्य प्रदेश के चुनाव में उतरने से पहले भाजपा ने हार मान ली है क्योंकि भाजपा की केंद्र सरकार को हर मामले में जनता का विश्वास हो चुकी है और जिस तरह से भाजपा शासित राज्यों में दलितों आदिवासियों शोषण हो वंचितों पर जुल्म और अत्याचार की घटनाएं हो रही है नरेन्द्र मोदी और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के नेतृत्व पर से विश्वास उठ चुका है जिसका प्रतिफल है चुनावी मैदान में स्थानीय स्तर पर उम्मीदवार का नहीं मिलना और अब अपने आप को बड़े नामों के सहारे भाजपा दलोंचुनावी मैदान में उतर रही है, लेकिन कर्नाटक के चुनाव की तरह यह प्रयोग फेल होगा। आनेवाले विधान सभा चुनाव के साथ-साथ देश के आम चुनाव में भी भाजपा की हार होगी और देश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में परिवर्तन का बयार चल रही है। इस तरह मध्य प्रदेश के चुनाव में उतारने से पहले भाजपा ने हार मान ली है, क्योंकि भाजपा की केन्द्र सरकार तो हर मामले में जनता का विश्वास खो चुकी है और जिस तरह से भाजपा शासित राज्यों में दलितों, आदिवासियों, शोषितों, वंचितों पर जुल्म और रही है।

### ऐतिहासिक सुंदर नाथ धाम परिसर और धाम के स्थानीय मार्केट में सफाई अभियान चलाया



**सुंदरी मठ**। भारत सरकार के तत्वाधान में व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट 52वी वाहिनी की अगुवाई में आज स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अवसर पर 1 तारीख एक घंटा 10:00 बजे के मोटो पर ऐतिहासिक सुंदर नाथ धाम सुंदरी मठ कुर्साकांटा परिसर और धाम के स्थानीय मार्केट में सफाई अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में, उप कमांडेंट उदय कुमार, सहायक कमांडेंट सी विवेक व अन्य पदाधिकारी और सशस्त्र सीमा बल के बलकर्मियों साथ ही केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना और दरभंगा की टीम, सुंदर नाथ धाम समिति के सदस्य, स्थानीय स्वच्छता कर्मियों ,स्थानीय प्रमुख, स्थानीय जनमानस के साथ बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही, सैकड़ो स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसी के क्रम में, सशस्त्र सीमा बल अररिया के द्वारा अररिया रेलवे स्टेशन व अन्य बाहरी सीमा चौकिया के प्रमुख स्थलों पर बलकर्मियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को संचालित किया और अपने घरों और इर्द-गिर्द के प्रमुख स्थलों की साफ सफाई सदैव रखने की शपथ खाई।

# सेवा ही स्वच्छता पखवाड़ा पर अस्पताल परिसर में चलाया गया सफाई अभियान

**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। जयनगर के अनुमंडल अस्पताल परिसर में 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सेवा ही स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित की गई।कार्यक्रम का नेतृत्व 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ जयनगर के अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार,कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी,डिप्टी कमांडेंट सन्तोष निमोरिया,प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन,मुख्य पार्षद कैलाश पासवान,कार्यपालक पदाधिकारी डॉ इंद्र कुमार मंडल,उप मुख्य पार्षद माला देवी,अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ रोनित कुमार,डॉ विजय कुमार,ग्राम विकास युवा ट्रस्ट मधुबनी के सदस्य



सविता देवी,वार्ड पार्षद हनुमान मोर,मोहन राय,जदयू के प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह,कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने संयुक्त रूप से किया।स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर एसएसबी के पदाधिकारी,नगर पंचायत के पदाधिकारी ,कर्मी ने ग्रामीण व शहरवासियों को जागरूक करने के संदेश के साथ विभिन्न वार्ड,चौक में साफ-सफाई व स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित और जागरूक कर रहे हैं।अनुमंडल अस्पताल में एसएसबी के पदाधिकारी,जवानों के साथ नगर पंचायत के पदाधिकारी, कर्मी, चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी और जीएनएम व स्थानीय समाजसेवियों ने भी हाथों में झाड़ू लेकर साफ- सफाई की।जयनगर के एसडीओ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ्य दिमाग की उपज होती है। वहीं मनुष्य का स्वास्थ्य ठीक रहता है। उन्होंने उपस्थित लोगो को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए उन्हें स्वस्थ रहने तथा अपने आसपास साफ सफाई करने का सुझाव दिया।कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी ने कहा कि गंदगी से कई तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है।इसीलिए स्वस्थ रहने के लिए साफ-सफाई आवश्यक है। इसके अलावा स्वच्छता का लाभ सभी जीव जंतुओं को भी मिलता है।मुख्य पार्षद कैलाश पासवान ने भी लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया तथा उन्हें साफ-सुथरा रहने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी कमांडेंट सन्तोष निमोरिया ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इलाके को साफ सफाई रखना तथा लोगों को गंदगी से दूर होने वाली बीमारियों से बचाना है। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## कुलपति ने किया मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण

**मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा**। बीएनएमयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने शनिवार को पार्वती विज्ञान महाविद्यालय, मधेपुरा में चल रहे स्नातक द्वितीय खंड के मूल्यांकन कार्य का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने सभी परीक्षकों को निदेशित किया कि वे उत्तर पुस्तिकाओं का निष्पक्षतापूर्वक मूल्यांकन करें और सभी नियमों एवं मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करें। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन सत्र नियमितीकरण हेतु प्रतिबद्ध है। इसके लिए समयबद्ध रूप से मूल्यांकन एवं परीक्षाफल का प्रकाशन आवश्यक है। कुलपति ने मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों से मूल्यांकन के संबंध में जानकारी भी ली और केंद्र के विभिन्न कमरों में चल रहे मूल्यांकन कार्य को स्वयं भी देखा।

**सावधानीपूर्वक करें मूल्यांकनः** कुलपति ने निदेश दिया कि सभी परीक्षक सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करें। सभी प्रश्नों के उत्तर को ठीक-ठीक मूल्यांकित किया जाए और उसके अनुरूप अंक उत्तर पुस्तिका पर दर्ज हो। साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं पर कुल अंकों का योग सही-सही अंक एवं अक्षर दोनों में भरा जाए। कुलपति ने कहा कि



उत्तर पुस्तिकाओं एवं मार्क्स फाइल पर साफ-साफ अक्षरों में लिखें और कहीं भी ओवर-राइटिंग न करें। उत्तर पुस्तिकाओं एवं मार्क्स फाइल दोनों अपना पूर्ण हस्ताक्षर दर्ज करें। कुलपति ने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन पर विद्यार्थियों का भविष्य निर्भर करता है। यदि परीक्षकों द्वारा गलत मूल्यांकन किया जाता है, तो इसका सीधा दुष्प्रभाव विद्यार्थियों के कैरियर पर पड़ता है। मूल्यांकन में लापरवाही के कारण रिजल्ट पेंडिंग होता है और सत्र नियमितीकरण पर भी कुप्रभाव पड़ता है। कुलपति ने कहा कि मूल्यांकन में एक भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गड़बड़ी करने वाले परीक्षकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि केंद्र पर 28 सितंबर से मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ है। लगभग 60 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है।

## स्वच्छता हीं सेवा एक पखवाड़ा कार्यक्रम साथ मनाया गया



**पुरैनी**। "स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम"एक पखवाड़ा तक का कार्यक्रम यू भी के कॉलेज कड़ामा आलमनगर जिला मधेपुरा में बड़े ही संजीदगी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम पदाधिकरी डा.चंद्रशेखर मिश्रा, प्रो.प्रेम नाथ आचार्य, प्रो. अमरेंद्र कुमार झा ने छात्र छात्राओं के साथ स्थानीय लोगों एवम जन प्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम से जोड़ कर जागरूकता अभियान को शीर्ष पर पहुंचाया। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डा.अभय कुमार,कुलसचिव डा. मिहिर कुमार ठाकुर, उप कुलसचिव डा. सुधांशु शेखर, अध्यक्ष छात्र कल्याण राज कुमार सिंह का योगदान भी सराहनीय रहा है। प्रधानाचार्य डा.माधवेन्द्र झा ने पखवाड़े के इस स्वच्छता सेवा दान कार्यक्रम को उल्लेखनीय बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। दिनांक 16सितंबर को विशाल कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अपने अध्यक्षीय भाषण में वैश्विक आपदा से लेकर आध्यात्मिक विशिष्टता का भी वर्णन कर सभी धर्म एवम संप्रदायों के लोगों को स्वच्छता ही प्रकृति एवम ईश्वर की पूजा है के विचार को संप्रेषित करने में सफलता पाई है। सभी कार्यक्रमों को वेबसाइट एच टी टी पी एस स्वच्छ भारत मिशन. गोव. इन। एस एच एस 2023 पर सफलता पूर्वक भेज दिया है। छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों में महाविद्यालय के इस स्वच्छता अभियान मिशन से काफी प्रसन्नता है।

## स्वच्छता में हीं ईश्वर का होता है वासः डॉ अशोक कुमार

**मधेपुरा**। मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा सरकार के प्रोटोकॉल गाइडलाइन आए एक साथ मिलकर करें 1 अक्टूबर सुबह 10:00 बजे 1 घंटे स्वच्छता के लिए करें श्रमदान के आलोक में स्वच्छता अभियान के तहत कॉलेज संस्थापक डॉ अशोक कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर अशोक कुमार ने अपने संबोधन में कहा स्वच्छता में हीं ईश्वर का वास होता है। तरह-तरह की बीमारियां एवं संक्रामक रोग से बचने के लिए अपने आसपास को स्वच्छ रखना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा स्वच्छता के बिना स्वच्छ भारत का विकास नहीं हो सकता है। डॉक्टर कुमार ने कहा सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रामीण या उन लोगों की अपने घर गांव अथवा क्षेत्र साफ रखने के संबंध में जागरूक रखना इत्यादि यही सभी निर्देश स्वच्छता अभियान का उद्देश्य है । कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद शोएब



आलम ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से प्लास्टिक एवं प्लास्टिक के थाई ले का उपयोग न करने तथा उनका नष्ट करने एवं कपड़ों के थाईलैं का उपयोग करने के संबंध में स्वयंसेवकों के साथ ही आम जनता विशेष कर ग्रामीणों को जागरूक करना हमारा कर्तव्य है । कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर विजेंदर कुमार प्रोफेसर रत्नाकर भारतीय ने भी अपना अपना स्वच्छता अभियान पर विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका कर्मचारी गण छात्र एवं छात्राएं खासकर एनएसएस के स्वयंसेवियों में चंचलकुमारी गुड़िया कुमारी साजन कुमारी खुशबू परवीन शाइस्ता सना निखत सलेहा अंकित राज आदित्य कुमार दीपक कुमार सरवन कुमार मोहम्मद सरफराज मोहम्मद एजाज आलम इत्यादि मौजूद थे ।

### एयरपोर्ट के लिए जन सत्याग्रह सह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आज सेः–एम एस यू



**पूर्णियां**। पूर्णियां एयरपोर्ट से पोर्टा कैबिन के तहत उड़ान सुनिश्चित करवाने हेतु आज 02 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से जन सत्याग्रह सह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शहर के थाना चौक पर शुरू होगी,मिथिला स्टूडेंट यूनियन के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की आंदोलन को लेकर जिला प्रशासन समेत केंद्र और राज्य सरकार को विधिवत सूचना दे गई है,साथ ही आंदोलन में जन सहभागिता बढ़ाने हेतु एम एस यू सेनानियों द्वारा सभी जरूरी तैयारी पूरी कर ली गई है। बताते चले की आंदोलन को धारदार बनाने हेतु शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जा रहा है जिला अध्यक्ष श्री कुमार ने बताया की मिथिला स्टूडेंट यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री अविनाश कुमार मिश्र जी के नेतृत्व में लगभग पांच सेनानी अनशन करेंगे और बांकी सकड़ों सेनानी और शहर वासी अनशनकारियो के समर्थन में बैठेंगे।हमारी एक मात्र स्पष्ट मांग है की केन्द्र और राज्य सरकार आपसी समन्वय स्थापित कर तत्काल पोर्टा कैबिन से उड़ान शुरू करवाने की तिथि घोषित करें अन्यथा अनवरत अनशन जारी रखेंगे।

### डीएसपी साहब! उप मुखिया बच्चन झा हत्याकांड का निष्पक्ष जांचकर उचित कार्रवाई करें आक्रोशित हैं लोगः संजीव मिश्रा



**बलुआ बाजार**। छातापुर के बलुआ बाजार स्थित बिशनपुर शिवराम पंचायत के उप मुखिया बच्चन झा जी के आवास पर पहुंचकर पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा सबों से मिले,बीते दिन अज्ञात अपराधियों ने उनकी निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी। श्री मिश्रा ने दिवंगत उप मुखिया के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट किया और सांत्वना दी। उन्होंने बीरपुर अनुमंडल के डीएसपी से भी बातकर के निष्पक्ष जांचकर उचित कारवाई करने के लिए भी आग्रह करते हुए कहा कि इस निर्मम हत्या से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### आप सबों का स्नेह हमेशा मेरे दिल में रहेगा, सबों की प्रार्थना, दुआ से अस्पताल से मिल गई छुट्टी :शाहनवाज हुसैन



**नई दिल्ली**। लीलावती अस्पताल से दिल्ली आवास लौटे भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन को देखने उनकी स्वास्थ्य की जिज्ञासा पाने और उन्हें एक झलक देखने के लिए शुभचिंतकों की भीड़ दिन भर उमड़ी रही। जनाब भाई शाहनवाज हुसैन ने कहा कि आप सबों की प्रार्थना, दुआ से आज अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।मैं अब काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। मेरे अस्वस्थ होने पर आप सबों ने मेरी चिंता की। सबों ने फोन कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। मेरी सेहत के लिए प्रार्थना की, दुआ मांगी। सोशल मीडिया के माध्यम से अनेकों शुभकामनाएं मिलीं। इसके लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं। आपका स्नेह हमेशा मेरे दिल में रहेगा। बिहार के अररिया से दिल्ली पहुंचे लोकसभा अररिया के कद्दावर युवा नेता रंजीत यादव एवम भाजपा के चाणक्य प्रेम कुमार मिश्रा ने बुके देकर सीमांचल की ओर से स्वागत किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन की कामना किए।

### जिला भाजपा कोर कमिटी की बैठक की गई आहूत



**अररिया**। आश्रम रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी, अररिया जिला मुख्यालय में अररिया जिला कोर कमिटी की बैठक आहूत की गई। जिसमें आगामी 5 अक्टूबर, 2023 को कैलाशपति मिश्रा जी के 100 वीं जयंती में शिरकत करने आ रहे "माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष - श्री जे० पी० नड्डा जी" के आगमन को लेकर चर्चा हुई।बैठक में उपस्थित माननीय मुख्य अतिथि केवटी विधानसभा के विधायक "श्री मुरारी मोहन झा जी" भाजपा जिला अध्यक्ष, अररिया - श्री आदित्य नारायण झा जी, अररिया जिला भाजपा प्रभारी - श्री सिया राम शाह जी, मा० सांसद, अररिया श्री प्रदीप कुमार सिंह जी, मा० विधायक, नरपतगंज - श्री जय प्रकाश यादव जी, मा० विधायक, सिकटी - श्री विजय मंडल जी,जोकीहाट से भाजपा प्रत्याशी रहे युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव,पूर्व विधायक श्री परमानन्द ऋषिदेव जी, अररिया प्रभारी श्री खोखा बाबू, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, अररिया श्री आलोक भगत जी एवं सभी अररिया जिला उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, मोर्चा अध्यक्ष सहित जिला कमिटी के सक्रिय सदस्य, एवं सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

**निरीक्षण** शमीम कुरैशी के यूपी में पार्टनरशिप में चल रहे मांस फैक्टरी को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कराया बंद

## सिमराहा में भी बंद हो सकती है अल समीर एक्सपोर्ट मीट फैक्टरी!

**सिमराहा**। सिमराहा में चल रहे मांस फैक्टरी के विरुद्ध स्थानीय विधायक द्वारा लगातार विधान सभा में बंद करने के लिए जोरदार आवाज उठाते रहे हैं। सबसे पहले यहां अल समीर एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने मीट फैक्टरी लगाया। मरहूम शमीम कुरैशी के पार्टनरशिप में चल रहे उत्तर प्रदेश के संभल में मीट फैक्टरी को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बंद कर दिया। बता दें कि कोतवाली संभल क्षेत्र के गांव चिमियावली में स्थित अल फलाह फ्रोजन फूड (मीट फैक्टरी) को उत्तर प्रदेश प्रदषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बंद कराया गया है। मीट फैक्टरी की ओर से प्रदूषण फैलाया जा रहा था। बिजली और पानी का कनेक्शन काटने के लिए भी संबंधित विभागों को पत्र जारी किया है। डिफाल्ट अवधि में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से 20 हजार रुपये प्रतिदिन वसूल किया जाएगा। मुख्य पर्यावरण अधिकारी विवेक राय की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि उच्च




स्तर से प्राप्त शिकायतों के क्रम में निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान जल सहमति शर्तों का उल्लंघन पाया गया था। फैक्टरी में स्थापित ईटीपी की इकाइयों में शामिल फिल्टर प्रेस कार्यरत नहीं पाया गया। दिसंबर 2022 में बोर्ड की क्षतिपूर्ति धनराशि 2.28 लाख रुपये जमा नहीं की गई। वहीं मरहूम शमीम कुरैशी के पार्टनरशिप में चल रहे अल रहमान मीट फैक्टरी को भी बंद करने के आदेश जारी हुआ है। मानकों का पालन नहीं करने पर संभल कोतवाली क्षेत्र के गांव चिमियावली में स्थित मीट फैक्टरी अल रहमान फ्रोजन फूड्स का संचालन बंद करने का आदेश हुआ है।यह आदेश मुख्य पर्यावरण अधिकारी, वृत्त 7 विवेक रॉय ने जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि अलग अलग समय में निरीक्षण के दौरान मानक पूरे नहीं मिले। कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नोटिस के जवाब से भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। जबकि इससे पर्यावरण और जन स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा हो रहा है। मानकों का पालन नहीं करने पर जारी किया गया था फैक्टरी को नोटिस जारी किया था। नोटिस के जबाब से भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। जबकि इससे पर्यावरण और जन स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा हो रहा है।प्रदूषण फैलाने की अलग-अलग समय पर शिकायतें भी आई हैं। इसलिए मीट फैक्ट्री का संचालन बंद किया जाए। साथ ही आदेश में कहा गया है कि मीट फैक्टरी का विद्युत कनेक्शन और जलापूर्ति कनेक्शन को काट दिया जाए। वहीं दूसरी ओर कार्रवाई के बाबत एसडीएम सुनील कुमार से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसी किसी कार्रवाई की जानकारी नहीं है। आदेश भी नहीं मिला है। आदेश मिलने पर पालन कराया जाएगा। इधर सिमराहा में भी चर्चा जोरों पर है कि शमीम कुरैशी का यह फैक्टरी भी कहीं इसी सब कारण से बिहार के सिमराहा में भी बंद न हो जाय क्योंकि जनप्रतिनिधि प्रदूषण, बीमारी को लेकर लगातार सदन से लेकर पीएम तक आवाज उठा रहे हैं।

संजीव मिश्रा "सर" ने अंडर 11 शतरंज बालक एवं बालिका वर्ग का प्रतियोगिता का किया इंडोर हॉल ई होम्स पनोरमा में उद्घाटन

## खिलाड़ियों की उत्साह देख मैं अचंभित हूंः संजीव मिश्रा

**पूर्णिया**। स्थानीय पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के इंडोर हॉल में पनोरमा स्पोर्टस सीजन 6 का उद्घाटन पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर " ने विधिवत फीता काटकर एवं माउंट सिनाई मिशन स्कुल कसबा के निदेशक श्री निकेश गिलमल के साथ शतरंज खेल का चाल चल अंडर 11 बालक एवं बालिका वर्ग प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। स्कूल के बच्चों ने बूके देकर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" का स्वागत की। उद्घाटन के अवसर पर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर " ने अपने सम्बोधन में कहा कि शतरंज खेल से मस्तिष्क का चौव गुना विकास तो होता है साथी साथ उन्होंने कहा कि कलकुलेशन पावर भी बढ़ता है खिलाड़ियों की उत्साह देख मैं अचंभित हूं। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि अंडर 11 बालक एवं बालिका वर्ग का प्रतियोगिता 01 एवं 02 अक्टूबर अंडर 16 आयु वर्ग बालक एवं बालिका 03 एवं




04 अक्टूबर और ओपन टू ऑल प्रतियोगिता 05 एवं 06 अक्टूबर को पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के इंडोर हॉल में खेला जाएगा। अंडर -11 बालक एवं बालिका वर्ग में कूल 90 से ज्यादा खिलाड़ी प्रतियोगिता में खेल रहे हैं ।

**अर्जित करके शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है :-** ध्रुव जयपुरिया ,आर्यन, देव कुमार, हर्ष राज, दूसरे स्थान 3.5 कुणाल प्रकाश, तीसरा स्थान चारवी बोध, चौथा स्थान अभिनव विशाल, यावी गोलछा अंकित कुमार तिवारी,कमलनाथ कमलनाथ, कुणाल कुमार सिंह,पलक जैन, दिव्यम कुमार जिज्ञा सिंह,हरिदांस जैन, प्रशांत कुमार, खुष्कर जबकि पीछे चल रहे हैं यह प्रतियोगिता काफी रोमांचक दौड़ में पहुंच चुकी है । दुसरे चरण का मुकाबला कल सुबह 8:00 बजे से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के इंडोर हॉल में खेला जाएगा। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 प्रतियोगिता के अवसर पर शतरंज के मुख्य निर्णायक की भूमिका किशनगंज के अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी नीरोज खान एवं शतरंज क्लब के सचिव साह अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी अमृत साजन निभा रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित मो नैयर अली, सैदय जब्बार हुसैन, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, राजीव कुमार , बब्लू चौधरी, रितेश कुमार झा, चंदन कुमार, पवन कुमार आदि मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### विशनपुर शिवराम उपमुखिया की हत्या को लेकर पिता ने अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराया केस

**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल।** जिले में बलुआ बाजार, के बसंतपुर प्रखंड के विशनपुर शिवराम पंचायत के उपमुखिया संतोष झा के हत्या को लेकर उनके वयोवृद्ध पिता कमलाकांत झा ने बलुआ थाना में आवेदन देकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज करवाया है।वही आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने भी मामले का उद्भेदन करने के लिए अनुसंधान तेज कर दिया है।फिलहाल पुलिस उनके कुछ करीबियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।वही पुलिस की जांच फिलहाल मृतक के मोबाइल का सीडीआर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी टिकी हुई है।क्योंकि अगर पुलिस की माने तो मोबाइल का सीडीआर व डेटा कई राज का खुलासा कर सकता है।लेकिन हैरान करने वाली बात है घटना के 24 घण्टे बीत जाने के बाद भी मृतक के परिजनों द्वारा मोबाइल पुलिस को नही सौपा गया है।वही रविवार को जब पुलिस परिजनों से बातचीत करने व मृतक का मोबाइल मांगा तो परिजनों ने कही मोबाइल रखकर भूल जाने की बात कही।वही पुलिस की माने तो क्राइम सिन पर बहुत कुछ संदेह के घेरे में है।जिसका बारीकी से जांच किया जाएगा।बताते चले कि शुक्रवार देर रात बिशनपुर शिवराम पंचायत वार्ड 07 के वार्ड सदस्य सह उपमुखिया संतोष झा का हत्या अज्ञात अपराधियों के द्वारा गले में फंदा डालकर कर दिया गया था।जहां शनिवार सुबह उनका शव वार्ड 05 स्थित उनके दुकान के अंदर फंदे से लटकता हुआ मिला था।जिसके बाद आनन फानन में उनके परिजनों के द्वारा शव को उतारकर घर ले आया था।ईधर थाना अध्यक्ष प्रमीला कुमारी ने बताया कि मृतक के पिता ने आवेदन दिया है।केस दर्ज कर पुलिस मामले की उद्भेदन में जुट गयी है

### खेलकूद प्रतियोगिता में बुजुर्गों का दिखा जोश व जूनून



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर स्वयंसेवी संस्था हेल्पेज इंडिया के सहयोग से अक्षयवट बुजुर्ग महासंघ के तत्वावधान में बसंतपुर प्रखंड के संस्कृत निर्मली स्थित बुजुर्ग संसाधन केंद्र में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में 60 से 80 वर्ष के बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और जीत कर बता दिया कि हम भी किसी से कम नहीं है। बुजुर्गों ने मटका फोड़, गेंद गोल के अंदर डालना आदि खेलों में अपने जौहर दिखाए। प्रतियोगिता में दर्जनों महिला व पुरुष बुजुर्गों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य अर्चना मेहता उर्फ किरण कुशवाहा, समाजसेवी मु.अखलाक, सुशील मेहता, अक्षयवट बुजुर्ग महासंघ के अध्यक्ष सीताराम मंडल, उपाध्यक्ष बच्चेलाल मंडल, सचिव कंचन देवी, वरिष्ठ चिकित्सक श्रीकांत सिनकर ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों ने बुजुर्गों के इस जोश व जज्बे की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के व्यस्त दौर में इस प्रकार के आयोजनों की जरूरत है। इस उम्र में भी बुजुर्गों के जज्बा हमसबों के लिए सीख है। समारोह के सफल संचालन में संस्था के पदाधिकारी ज्योतिष कुमार झा, शिवचरण तोमर, सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र झा, नूर आलम, राजकुमार मिश्र, बालगोविंद मेहता, विशम्भर लाल दास, बेचू शर्मा, पारस देव, रामशरण मेहता, दिनेश ठाकुर, शत्रुघ्न चौपाल, बद्री नारायण कामत, पंकज मेहता आदि का सहयोग रहा।

### लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तत्वाधान में कार्यशाला का हुआ आयोजन



**संजीब यादव/दैनिक शुभ भास्कर,, राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत धरहरा पंचायत के ग्‍ामीणों ने स्वच्छता ही स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन पंचायत के मुखिया कमलेश साह के नेतृत्व में रविवार को किया गया। मुखिया समेत उपस्थित कैबिनेट के सभी मेम्बर सहित ग्‍ामीणों ने इस अवसर पर बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।धरहरा पंचायत के कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चलाया स्वच्छता अभियान। महात्मा गांधी की जयंती से पहले आज देशभर में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया जा रहा है।मुखिया सहित ग्रामीणो ने सुबह से ही स्वच्छता अभियान में आगे बढ़ रहे है।मुखिया कमलेश साह ,उपमुखिया विजय चौधरी उर्फ पप्पू एवं पंचायत के सभी वार्ड सदस्य एवं ग्‍ामीणों के नेतृत्व में बाबा भीमशंकर मंदिर एवं गणपतगंज दुर्गा मंदिर सहित बाजार के सड़कों एवं मुहल्लों की साफ सफाई की गई जिसमें मुखिया सहित सभी जनप्रतिनिधि गण एवं ग्‍ामीणों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

# भाजपा युवा मोर्चा द्वारा चलाया गया साफ-सफाई अभियान





**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा सुपौल के द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जयंत मिश्रा के नेतृत्व में सुपौल मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक एवं महावीर चौक पर सफाई अभियान चलाया गया और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा को साफ-सफाई एवं माल्यार्पण किया गया जिला अध्यक्ष नरेंद्र ऋषि देव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा 17 सितंबर प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जन्म जयंती तक पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है जिसमें आज 1 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिला अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और हर प्रयास मायने रखता है, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य नागेंद्र नारायण ठाकुर ने कहा कि एक स्वच्छ भविष्य की शुरुआत करने के लिए इस महान प्रयास में लोगों को शामिल होना चाहिए, उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जीवन भर स्वच्छता पर जोड़ दिया था जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी जी ने स्वच्छ भारत ,स्वस्थ भारत का नारा दिया था। पूर्व जिला अध्यक्ष अररिया जिला प्रभारी डॉ विजय शंकर चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने स्वच्छता को लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने को साकार करने और बड़ी संख्या में लोगों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया है भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है हमारे कार्यकर्ता महापुरुषों की जीवन से सीख लेते हुए समरस समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भाजपा नेता सह नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा राघव ने कहा कि महापुरुषों के प्रतिमा स्थल पर साफ - सफाई व माल्यार्पण करने से हमें सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है उन्होंने कहा कि महापुरुषों के बारे में जानने ,सुनने एवं समझने का अच्छा अवसर प्राप्त होता है। पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष प्रधान ने कहा कि राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत आज युवा मोर्चा के द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा का साफ सफाई एवं वहां पर स्वच्छता अभियान चलाया जाना सराहनीय है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दिलीप सिंह जिला प्रवक्ता रणधीर ठाकुर रजनीश सिंह जिला मंत्री सुमन झा महेश देव शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरुण जयसवाल क्रीडा प्रकोष्ठ के राजधार यादव मोहम्मद जहीर श्याम पोद्दार बलराम कामत जयवीर यादव युवा मोर्चा के डॉक्टर विमल कुमार दीपक दुबे विनोद चौधरी आलोक कुमार विशाल कुमार मिश्रा विकास सिंह राम विनय ठाकुर मनोज चौधरी मनीष कुमार शिव कुमार मुखिया कन्हैया सिंह मनीष कुमार सिंह संजीव झा उपेंद्र सिंह मोहम्मद नवाब विकास कुशवाहा बाबुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़ा के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा,सुपौल।** जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कटैया माहे पंचायत में प्लास्टिक का कचरा मुक्त करने को लेकर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छता पर्यवेक्षक राहुल रंजन ने किया। इस दौरान राहुल रंजन ने बताया कि पंचायत में प्लास्टिक का कचरा मुक्त करने के उद्देश्य से लोगों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। जिसके तहत पंचायत के सभी वार्ड में जाकर ग्रामीणों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत प्लास्टिक का कचरा उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया गया।उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने "स्वच्छ भारत" का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए, पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया और इसके सफल कार्यान्वयन हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की थी। सभी क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों ने इसका स्वागत किया और सक्रियता दिखाते हुए स्वच्छ भारत के लिए स्वामित्व लेने में अत्यधिक उत्साह दिखाया था। एक बार फिर 9 साल बाद गांधी जयंती से पहले पीएम मोदी ने देश के नागरिकों से दोबारा ये अनोखा आह्वान किया है ।

## उच्च माध्यमिक विद्यालय में बिहार कर्मचारी चयन पर्षद परीक्षा का हुआ आयोजन



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनपुर में बिहार कर्मचारी चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) पटना द्वारा परीक्षा का आयोजन किया गया। केंद्राधीक्षक डॉ राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए 35 वीक्षको को तैनात किया गया था। प्रथम पाली की परीक्षा में कुल 672 में से 108 अनुपस्थित तथा 564 उपस्थित हुए जबकि दूसरे पाली में कुल 672 परीक्षार्थियों में से 68 अनुपस्थित तथा 604 उपस्थित हुए। परीक्षा के शांतिपूर्ण कदाचार मुक्त आयोजन हेतु दंडाधिकारी के रूप में ओमप्रकाश बीडीओ राघोपुर,श्वेता कुमारी बीडीओ सरायगढ़ , मणिकांत कुमार, प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी,पिपरा, रौशन जहां एवम संगीता कुमारी महिला प्रवेक्षिका, बाल विकास परियोजना,सुपौल तथा अग्रु बाबू चनका पुलिस अवर निरीक्षक किशनपुर को तैनात किया गया था। जिला में नियंत्रण कक्ष को भी किसी समस्या के निदान हेतु बनाया गया था। जोनल मजिस्ट्रेट कृष्ण स्वरूप , कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर परिषद, सुपौल के रूप में कार्यरत थे।

## एक तारीख एक घंटा सेवा कार्यकम का किया आयोजन



**अभिषेक आनंद/ दैनिक शुभ भास्कर,बीरपुर सुपौल।** जिले के वीरपुर अनुमंडल अंतर्गत एस.एस.बी. 45वीं बटालियन की तरफ से बीरपुर के गोल चौक पर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा विषय पर एक तारीख एक घंटा सेवा कार्यकम का किया आयोजन । वही जानकारी देते हुए 45वी बटालियन एस.एस. बी. के कार्यवाहक कमांडेंट श्री जगदीश कुमार शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान की शुरुवात 02 अक्टूबर 2014 को की गयी थी इसके पश्चात प्रत्येक वर्ष अक्टूबर के पहले पखवाड़े में स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस क्रम में गृह मंत्रालय तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार ने वर्ष 2023 में स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए निर्देशित किया गया था । इस कार्यक्रम का उद्देश्य 01 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे अपने क्षेत्र में लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के संबंध में एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम आयोजित कर महात्मा गांधी को उनके जन्मदिवस पर श्रद्धांजली अर्पित करना है । इस क्रम में आज 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा गोल चौक बीरपुर में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में एक तारीख एक घंटा श्रमदान कर क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया । कार्यक्रम में नगर पंचायत बीरपुर के कार्मिकों एवं नगर पंचायत आजीविका, बीरपुर के सदस्य मौजूद रहे ।

### बीजेपी कार्यकर्ता व लोजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा,सुपौल।** जिले के पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं लोजपा (रा) पार्टी कार्यकर्ताओं सहित स्वच्छता कर्मियों ने महात्मा गांधी के प्रतिमा एवं आसपास में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार पोद्दार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ,शत्रुघ्न रामविलास मुखिया, युवा मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए इस कार्यक्रम से प्रखंड के सभी पंचायत एवं वार्डों में कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ स्वच्छता अभियान चलाया इस अभियान को अपने जीवन में उतारने का शपथ लिया और महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि। अमृत महोत्सव के काल में स्वच्छता अपने जीवन में उतारकर अपने आसपास गली मोहल्ला कार्यालय सड़क नाला को साफ करने का कार्य करेंगे यह कार्यक्रम नगर पंचायत पिपरा, दीनापट्टी, थुमहा, महेशपुर, एवं पथरा उत्तर पंचायत में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्वच्छता कर्मियों ने कैलाशपुरी मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें संजीव कुमार गोस्वामी मुखिया मसरूदीन, लखन चौधरी लोजपा प्रखंड अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, संतोष कुमार पासवान, कमलेश मंडल किशुन देव शाह, सहदेव मंडल, निर्मल झा, मंडल अध्यक्ष राजकुमार पोद्दार रमेश यादव, योगेंद्र मंडल आदि लोगों ने भाग लिया।

### स्वच्छता से स्वास्थ्य बनाएं, खुशहाल रहें : डा0 माधवी



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** स्वच्छता ही सेवा अभियान" के अंतर्गत स्वच्छता के प्रचार-प्रसार और जागरूकता के लिए रविवार को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर घुसियां कला व पंचायत भवन से घुसियां गांव में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया । रैली में मुख्य रुप से घुसियां कला स्वास्थ्य केंद्र से डॉ माधवी कुमारी, पंचायत मुखिया, वार्ड सदस्य, एएनएम, आशा एवं आम जनों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही । इस स्वच्छता अभियान में गांव के विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, हाट बाजार, धार्मिक स्थल एवं अन्य स्थलों पर शौचालय की उपलब्धता उपयोगिता सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा कचरा का सामान्य साफ-सफाई का निस्तारण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा । हेल्थ एंड वैलनेस स्वास्थ्य केंद्र घुसियां कला, बिक्रमगंज में स्वच्छता, सुविधाएं, जागरूकता को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है । स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. माधवी कुमारी ने तैयारी के संबंध में बताया कि अस्पताल में स्वच्छता को लेकर साफ-सफाई की जा रही है तथा अपशिष्ट पदार्थ प्रतिदिन निकलने वाला मरीजों द्वारा इस्तेमाल किया गया । कचरा निस्तारित किया जाता है । किसी भी तरह का कचरा अस्पताल भवन या आसपास न फैले इसकी व्यवस्था की जा रही है । वहीं किसी भी तरह का संक्रमण न फैले इसके लिए बैक्टेरिया आदि से बचाव के लिए प्रतिदिन दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है । पानी की शुद्धता व गंदे पानी के निकासी के लिए भी व्यवस्था बनाई जा रही है । इसके साथ ही मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है । स्वास्थ्य केंद्र परिसर में औषधि पौधे लगाकर हर्बल गार्डन बनाने की तैयारी की जा रही है । मरीजों व ग्रामीणों में स्वच्छता सफाई संक्रमण के प्रति जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है । पूरे गांव तथा अस्पताल के बाहर सफाई में स्वास्थ्य कर्मचारियों सहित ग्राम पंचायत व स्थानीय लोगों की सहभागिता भी आवश्यक है । स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय मुखिया मीना देवी ने बताया कि कार्यक्रम मुख्य उद्देश्य जागरूकता पैदा करना हैं । इस अवसर पर पंचायत सचिव राजेश साह , योगेंद्र सिंह मुखिया प्रतिनिधि एवं वार्ड सदस्य प्रभावती देवी, अरविन्द कुमार, अक्षय लाल , बिरेन्द्र पासवान , फरीदा खातुन सहागु यादव, पर्यवेक्षक दशरथ पासवान, बिजेन्द्र सिंह एएनएम दीपमाला, कल्याणी , संजू एवं आशा उषा, बिन्दु, दीपक, शिमला, गीता, बबीता, आशा फैसिलिटेटर उषा ने भाग लिया ।

### शिवसागर रेलवे स्टेशन पर आज स्टेशन प्रबंधक के अध्यक्षता में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**शिवसागर।** स्थानीय प्रखंड अंतर्गत शिवसागर रेलवे स्टेशन पर आज स्टेशन प्रबंधक समशेर बहादुर सिंह के अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान चलाया गया।यह कार्यक्रम कल यानी दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मदिन है जहाँ राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जन्मदिन से ठीक एक दिन पहले स्वच्छता ही सेवा है को लेकर स्टेशन परिसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।स्वच्छता अभियान में स्टेशन प्रबंधक,स्टेशन मास्टर,रेलवे कर्मचारी और आरपीएफ की टीम भी शामिल थी।जिसमे ब्रजेश कुमार,धर्मेंद्र कुमार,मनोज कुमार राय और संजीत कुमार स्टेशन मास्टर के रूप में शामिल थे तो वही रेलवे कर्मचारी के रूप मे विनोद कुमार, नथुनी प्रसाद और संजीव कुमार स्थित आरपीएफ की टीम भी शामिल थी।

**अभियान** सार्वजनिक जगहों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चलाया गया सफाई अभियान, स्वच्छता के प्रति लिया संकल्प



**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रविवार को छातापुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सफाई अभियान किया गया और पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मधुबनी, भीमपुर, ठूठी और बलुआ पंचायत में मुखिया व स्वच्छता पर्यवेक्षक के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही इस अवसर पर स्वच्छता कर्मियों व पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा पंचायत को स्वच्छ बनाने का संकल्प भी लिया। इस दौरान मधुबनी, भीमपुर, ठूठी व बलुआ पंचायत में वार्ड, चौक चौराहे व सार्वजनिक जगहों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। मौके पर मधुबनी पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक मो नौशाद ने बताया कि रविवार स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। जिसमें स्वच्छता कर्मी के अलावे अन्य प्रतिनिधियों ने सार्वजनिक जगजों पर सफाई अभियान चलाया। इसके अलावा ग्रामीणों को जागरूक भी किया गया। उन्होंने कहा कि सच्चता ही सेवा अभियान के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा स्वछता अभियान चलाया जा रहा है। जो पंचायत के विभिन्न वार्डों में ये अभियान चलाया गया है। साथ ही प्रतिनिधिओं के द्वारा ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है। ताकि लोग स्वछता के प्रति जागरूक हो सके और अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ एवं स्वच्छ रख सके। उन्होंने बताया कि जहां स्वच्छता होती है, वहीं ईश्वर का वास होता है। उन्होंने पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों व आम जनता से इस अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए पंचायत को स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। मौके पर भीमपुर मुखिया रंजन कुमार भारती, बलुआ मुखिया रामजी मंडल, ठूठी मुखिया प्रतिनिधि मनोज राय, मधुबनी उपमुखिया बेचन पासवान, नीतीश कुमार झा, भीमपुर स्वच्छता पर्यवेक्षक राज कुमार, बलुआ स्वच्छता पर्यवेक्षक देवेंद्र कुमार, इंद्रदेव सादा, ओमप्रकाश मेहता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# ग़ांधी जयंती पर विशेष स्वच्छता श्रमदान अभियान का किया गया आयोजन



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किसनपुरप्रखंड क्षेत्र में रविवार को महात्मा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष स्वक्षता श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न पंचायत में सार्वजनिक स्थल और धर्म स्थानों पर महिला और पुरुष बढ़ चढ़ कर झारू लेकर साफ सफाई किया। इसके अलावा स्वक्षता कर्मी,पंचायत स्तर के सभी प्रतिनिधि, नन्दी जीविका दीदी भी भाग लिया। वहीं सुखासन से शुशील कुमार, तुलापट्टी से अनिल कुमार, मेहासिमर से संतोष कुमार यादव, करहेया से मनोज कुमार, अंदोली से संतोष कुमार, मलाढ से संजय कुमार,शिवपुरी से मुकेश कुमार चौधरी, नौआबाखर से सुनील कुमार पंडित,किशनपुर दक्षिण से सुरेश कुमार,राजपुर से मो नोमान अक्तर,कदमपुरा कटहरा से मो अब्दुल गफ्फार,किशनपुर उत्तर से चंदन कुमार, दुबियाही से ललन कुमार, मौजहा से ब्रजेश कुमार, बौरहा से प्रवेश कुमार, परसामाधो से रामप्रवेश कुमार ने अपने अपने पंचायतों में महिला पुरुष को जागरूक किया और सार्वजनिक स्थल पर झारू लेकर साफ सफाई कर गांधी जयंती के अवसर पर श्रमदान किया। वही प्रखंड समन्वयक मो इस्लाम ने बताया की पूरे प्रखंड में कुल 161 सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई किया गया है। जिसमे पंचायत के महिला पुरुष और जनप्रतिनिधि और जीविका दीदियों ने भाग लिया। इसी तरह अगर सभी लोग एक जुट होकर स्वक्षता कर्मी को मदद करे तो मेरे समझ से स्वक्ष समाज का निर्माण होगा। वहीं मौके पर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार साह,समिति सदस्य शलेंद्र प्रसाद,सरपंच पानो देवी, उप सरपंच पिंकी कुमारी, उप मुखिया मनीष कुमार यादव,ललित राम,पूजा कुमारी,पंचायत प्रवेक्षक सुनील कुमार पंडित, विजय पासवान, बेचू पासवान,अर्जुन कुमार मेहता,वार्ड सदस्य वीना देवी आदि लोगों ने भाग लिया।

# नगर परिषद श्रमदान स्वच्छता अभियान में उमड़ा जनसैलाब






**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज (रोहतास)**। प्रधानमंत्री के आह्वान पर नगर परिषद अंतर्गत 1 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करते हुए स्वच्छता श्रमदान अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर शहर के मुख्य तेंदुनी चौक पर एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल व ईओ मनोज कुमार सहित नगर परिषद सभापति मनोरंजन सिंह ने स्वच्छता प्रातः 10 बजे हरी झंडी दिखा कार्यक्रम शुभारंभ किया। जिस मौके पर विभिन्न विभाग के अधिकारियों व कर्मियों सहित आम लोगों ने हाथों में झाड़ू लेकर मुख्य चौक से अनुमंडल कार्यालय तक सफाई करते हुए समाज के लोगों को स्वच्छता श्रमदान तहत एक तारीख-एक घंटा-एक साथ उन्हें जागरूक किया। अभियान का शुभारंभ करते अनुमंडल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पल ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपनों को हम सभी देशवासी एक साथ मिलकर साकार कर सकते हैं। जिसके तहत गांव-शहर के सभी लोग स्वयं जागरूक होते हुए घरेलू कचरा और गांव-शहर के कचरे का इस्तेमाल सदैव सरकार द्वारा संचालित कचरा उठाओ वाहन में ही करना चाहिए। जो महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर यह अभियान उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए समर्पित होगा। इसके तहत नगर परिषद सहित बिक्रमगंज अनुमंडल के सभी लोग रविवार को एक साथ जुटकर एक ही समय पर स्वच्छता श्रमदान कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सराहनीय कार्य किया है। दूसरी तरफ नगर सभापति मनोरंजन सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि 'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' स्वच्छता श्रमदान अभियान गांधी जयंती के उपलक्ष्य में यह एक विशाल स्वच्छता अभियान प्रतीक है। जो पहल ' स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा' 2023 अभियान की एक मुख्य कड़ी है। जबकि अवसर पर नुकड़ कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर उपसभापति , नगर परिषद वार्ड पार्षद, वार्ड प्रविंद्र सिंह,पंचायत जनप्रतिनिधि, टुनटुन सिंह, अमरजीत सिंह, रविन्द्र सिंह, मंगल कुमार, वार्ड रानी देवी सहित सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## खास खबर

### मंगलवार को उपभोक्ताओं के विपत्र सुधार एवं नया विद्युत कनेक्शन हेतु होगा शिविर का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, बिक्रमगंज अंतर्गत पंचायत-मानपुर के उपभोक्ताओं का दोषपूर्ण एवं गलत विपत्र को सुधार करने तथा नया विद्युत कनेक्शन प्रदान करने हेतु 3 अक्टूबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा। बताते चले कि विद्युत विपत्र में त्रुटि मुख्यतः गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से होती है, जिससे की उपभोक्ता चाहकर भी विपत्र का भुगतान नहीं कर पाते हैं। सहायक विद्युत अभियंता, राज कुमार के द्वारा बताया गया कि कैम्प में प्राप्त शिकायत के संबंध में यह प्रयास रहेगा कि स्थल पर ही अधिकाधिक नियमानुसार सुधार कर दिया जाय। जो उपभोक्ताओं का सुधार कैम्प स्थल पर संभव नही है उनका विपत्र निरीक्षण के पश्चात अधिकतम सात दिनों के अंदर सुधार करते हुए सुधारा गया विपत्र उपभोक्ता को हस्तगत करा दिया जाएगा। कैम्प में विद्युत विभाग के कर्मी , बिलिंग एजेंसी के मीटर रीडर, ई वॉलेट अथवा मनी रसीद के साथ उपलब्ध रहेंगे एवं उपभोक्ताओं से भुगतान भी प्राप्त करेंगे। जो व्यक्ति अभी तक कनेक्शन नही लिए हैं वह ऊक्त तिथि को आवश्यक कागजात के साथ शिविर में उपस्थित हों, उन्हें नया कनेक्शन प्रदान करने हेतु अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

### मध्य विद्यालय भुंडाडीह के गुरुजी कबाड़ के नाम पर बेंच रहे थे बेंच-डेस्क व झुला, ग्रामीणों ने पकड़ा

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। दावथ प्रखंड क्षेत्र में कबाड़ बेंचने के नाम पर सही सलामत बेंच व डेस्क सहित दो झुला व एक फिसलने वाला खेल सामग्री बिक्री कर रहे शिक्षक को स्थानीय ग्रामीणों ने पकड़ सभी सामान स्कूल में रखवाया। यह ताजा मामला दावथ प्रखंड के भुंडाडिह उत्क्रमित मध्य विद्यालय का है।ग्रामीण रविंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, शिव कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, उमेश कुमार, दिलीप सिंह, राम विलास सिंह आदि ने बताया कि शुक्रवार की शाम पांच बजे उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओंकार सिंह स्कूल के पीछे से चहार दिवारी को पार कर सही सलामत बेंच व डेस्क तथा दो झुला व एक फिसलने वाले खेल सामग्री को एक ऑटो पर बिक्री करने के लिए लोडिंग करवा रहे थे। उसी दौरान कुछ युवकों ने देखा तो प्रधानाध्यापक से पुछा कि,यह ऑटो में लोड कर कहां भेज रहे हैं। इस पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि विभाग का आदेश है कि,स्कूल के कबाड़ की बिक्री करना है। इसलिए इसे बेंचने के लिए लोडिंग करवा रहे हैं। इस बात पर युवकों ने कहा कि इसमें वैसे बेंच डेस्क भी हैं,जो अभी बैठने योग्य हैं व झुला भी अभी कारगर है। ऐसे में इसे बिक्री करना ठीक नहीं है। देखते ही देखते वहां दर्जनो ग्रामीण आ गये। ग्रामीणों ने सभी सामान ऑटो से उतार कर स्कूल में रखवाया। शनिवार को ग्रामीणों ने स्कूल के शिक्षा समिति के अध्यक्ष ,सचिव, सदस्यों व प्रधानाध्यापक को स्कूल में बैठाकर कबाड़ सहित अच्छे सामग्री को बिक्री करने का विभागीय आदेश दिखाने को कहा। प्रधानाध्यापक के द्वारा कोई भी आदेश नहीं दिखाया गया। ग्रामीणों ने जब अध्यक्ष लाली ठाकुर, सचिव रेशमा देवी व सदस्यों से इस संबंध में पुछा, तो दोनो व्यक्तियो के द्वारा बताया गया कि प्रधानाध्यापक ने हमलोगों को इस सम्बंध में कुछ भी नहीं बताया है। वहीं शिक्षा समिति के सदस्यों ने भी कहा कि इसकी जानकारी हमलोगो को प्रधानाध्यापक के द्वारा नहीं दी गयी है। वहीं ग्रामीणों के अनुसार शनिवार को स्कूल में बच्चों के लिए खीचड़ी भी नहीं बनाया गया। वहीं प्रधानाध्यापक ओंकार सिंह ने बताया कि विभागीय आदेश के आलोक में टूटे हुए बेंच डेस्क व खेल सामग्री बिक्री करने हेतु ले जाया जा रहा था। जिसे ग्रामीणों ने स्कूल में रखवा दिया। शनिवार को ग्रामीणों ने लकड़ी पर खीचड़ी बनवाने से मना किया, इसलिए खीचड़ी नहीं बन सका।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त,मामले में दो ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार गए जेल

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। सूर्यपुरा पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जप्त किया है। इस मामले में दो ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अपर थानाध्यक्ष विजेंद्र कुमार राम ने बताया कि थाना क्षेत्र के जमुवाड़ा गांव के मुख्य पथ से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। उन्होंने कहा कि उक्त मामले में दो ट्रैक्टर चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार ट्रैक्टर चालक में तरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदरिया निवासी वेद प्रकाश तिवारी एवं कुसुमही निवासी राहुल कुमार बताया जाता है। जिस मामले में पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दी है। साथ ही साथ जब्त दोनों ट्रैक्टर को स्थानीय पुलिस की निगरानी में रखा गया है।

### 35 लीटर देशी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। सूर्यपुरा थाने की पुलिस ने शराब माफियाओं के विरुद्ध छापेमारी अभियान चला कर मामले में दो कारोबारी को धर दबोचा है । अपर थानाध्यक्ष विजेंद्र कुमार राम ने बताया कि स्थानीय पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के रतनपट्टी एवं बलिहार (रमई नगर) में धड़ल्ले से शराब की बिक्री की जा रही है । उक्त मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए स्थानीय पुलिस दोनों चिन्हित स्थलों पर पहुंच छापेमारी अभियान चलाकर देसी शराब के साथ मौके वारदात दो कारोबारी को धर दबोचा । अपर थानाध्यक्ष श्री राम ने बताया कि थाना क्षेत्र के रतनपट्टी निवासी महिला कारोबारी बसमतिया कुंवर के पास से 15 एवं बलिहार (रमई नगर) निवासी मुन्ना कुमार के पास से 20 लीटर यानी दोनों कारोबारी के पास से कुल मिलाकर 35 लीटर देसी शराब बरामद किया गया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए कोविड-19 जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

## एक तारीख, एक घंटा, एक साथ अभियान के तहत स्वच्छता के लिए किया श्रमदान



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। एक तारीख, एक घंटा, एक साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नोनहर सहित सभी पंचायतों और शहरी इलाकों में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सफाई का कार्य किया गया । नोनहर स्थित अमृत सरोवर के तट पर मुखिया आभा देवी वहीं दूसरी ओर काराकाट पंचायत सरकार भवन पर काराकाट मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में सफाई का कार्य किया गया । अंत में स्वच्छता पर्यवेक्षक अरबिंद पासवान ने सभी को "स्वयं स्वच्छ रहेंगे, अपने घर, आंगन, गांव को स्वच्छ रखेंगे, इधर उधर कचरा नहीं फेंकेंगे, नहीं फेंकने देंगे, खुले न तो खुद शौच करेंगे और न किसी को करने देंगे, खाने से पहले शौच के बाद बच्चों को खाना खिलाने से पहले, और बच्चों के मल साफ करने के बाद साबुन से हाथ धोएंगे, पीने का पानी सुरक्षित स्त्रोत से लाएंगे, इसकी संरक्षा और सुरक्षित व्यवहार करेंगे" की शपथ दिलाया। अभियान में उपमुखिया विजय कुमार पटेल, वार्ड सदस्य संगीता देवी, मुन्ना पासी सहित कई पंचायत प्रतिनिधि और काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे ।

## परशुराम सिंह को एनसीपी का जिलाध्यक्ष बनाएं जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सह रोहतास जिला प्रभारी आशुतोष सिंह के अनुशंसा से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी रोहतास जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामबाबू के द्वारा नियुक्ति पत्र भूतपूर्व सैनिक जिला अध्यक्ष रोहतास परशुराम सिंह को दिया गया,इस अवसर पर जिला कार्यालय में एनसीपी नेता अनिल सिंह के नेतृत्व में जिला कार्यालय सासाराम में फूलमाला से प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह और भूतपूर्व सैनिक जिला अध्यक्ष परशुराम सिंह को स्वागत किया गया,इस अवसर पर बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रभारी रोहतास जिला आशुतोष सिंह ने कहा कि परशुराम सिंह सेना में रहते हुए कई आतंकवादियों को देश के रक्षा करते हुये मार गिराये थे,फोज से रिटायर होने के बाद हमारे पार्टी में जिला उपाध्यक्ष बनाए गए थे,अब परशुराम सिंह को भूतपूर्व सैनिक जिला अध्यक्ष आज से बनाया गया है,पूरा उम्मीद है कि रोहतास जिला मे भूतपूर्व सैनिकों को ज्यादा से ज्यादा हमारे पार्टी में जोड़ने का काम करेंगे पार्टी को बहुत ही मजबूत करेंगे।

## सफाई अभियान चलाकर लोगो को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज(रोहतास)**। प्रखण्ड के सभी 12 पंचायतों व नगर के सभी 14 वार्डो में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विशेष सफाई अभियान चलाकर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लोगो ने श्रमदान भी किया। इस अवसर पर नगर के पोस्टल रोड में खोदैजा खातुन, धुस चौक पर साजिया प्रवीन, महाबीर मंदिर जयनाथ शर्मा, बस स्टैंड संतोष कुमार, राजवंशी मुहल्ला बबन कुमार सिंह, बड़ी बाजार रोड ब्रांड अम्बेसडर डॉ०अमरेंद्र कुमार, मुख्य पार्षद शबनम आरा, उप मुख्य पार्षद कलावती देवी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामूल हक, पार्षद प्रतिनिधि अजय कुमार, कृष्णा कुमार व रामजन्म शर्मा, बड़ा मौलाना मस्जिद जयनंदन प्रसाद, दुर्गा स्थान रामजी चौधरी, स्टेडियम रोड अजमेरी अंसारी, मदरसा शमशाद अहमद परसवी, उर्दू विद्यालय आमिर खान व शिव मंदिर सुभाष चौधरी, इटिम्हा पंचायत भवन मुखिया शशि कुमार, धनाव पंचायत सरकार भवन पर अफसाना खातुन, पोखराहा पंचायत भवन पर सुजीत कुमार उर्फ टिंकू सिंह, परसिया पंचायत अनिता देवी, अतिमी पंचायत निशु देवी, मंगराव पंचायत वकील यादव, खिरियांव पंचायत मंजू देवी, डिहरी पंचायत कृष्णा कुमार, अमियावर पंचायत रामदुलारी देवी, पडुरी पंचायत रीता देवी, पवनी पंचायत विजय भगवान तिवारी ने स्वच्छता अभियान चलाया। मौके पर प्रमुख योगेश कुमार, बीडीओ मो०जफर इमाम, नपं ईओ राकेश कुमार, मुख्य प्रतिनिधि शाहिद हुसैन, कौशल कुमार, पंकज साह, नीरज तिवारी, रामबाबू कुमार, बिपिन कुमार थे।

### स्वच्छता श्रमदान अभियान राष्ट्रपिता के साकार सपनों के तुल्य है : डॉ0 मनीष



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। स्वच्छता श्रमदान अभियान अंतर्गत भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ० मनीष रंजन कार्यकर्ताओं साथ हाथों में झाड़ू लेकर सफाई किया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि गांव-शहर के विद्यालय,आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, हाट बाजार, धार्मिक स्थल स्वच्छता अंतर्गत लोगों को जागरूक होनी जरूरी है। ताकि कचरा निस्तारित किया जाता है। ताकि राष्ट्रपिता के सपने साकार हो सकें। साथ ही साथ महात्मा गांधी के 154वीं जयंती के अवसर पर यह अभियान उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप अर्पित हो किया जा सकें। इसके तहत सभी कार्यकर्ता एक साथ मिलकर एक ही समय पर स्वच्छता श्रमदान कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सराहनीय कार्य किया। साथ ही साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृव में एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' अभियान गांधी जयंती के उपलक्ष्य में यह एक विशाल स्वच्छता अभियान है। जो पहल स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा' 2023 अभियान की एक अहम कड़ी है। जिसको लेकर पीएम मोदी ने सभी नागरिकों से 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान की अपील किया था। जो भारत के लिए एक ऐतिहासिक पल रहा।

### भारतीय जनता पार्टी स्वच्छता का कार्य किया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)**। मंडल के अमियावर शक्ति केंद्र पर अमियावर के सूर्य मंदिर के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष कनकधीर उपाध्याय के नेतृत्व एवं मंडल प्रभारी अमित कुशवाहा निगरानी मे स्वच्छता का कार्य किया गया मौके पर जिला बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक सेवानिवृत शिक्षक सुरेश पांडे जी अजय सोनड़ी अभय कुमार गोलू धर्मेंद्र गुप्ता मंटू पांडे ललू साह रमेश चौरसिया उत्तम कुमार कमलेश चौधरी प्रफुल्ल पासवान धनजी चौधरी अजय चौधरी चंदन सिंटू कपिल लालमोहर चौधरी सुनील चौधरी सुखारी चौधरी के साथ बहुत ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पंचमंदिर परिसर को भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई किया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)**। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे देशव्यापी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगर महामंत्री रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में नासरीगंज नगर के वार्ड नंबर 4 में नगर के पंचमंदिर परिसर को भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई किया। यह कार्यक्रम कर देश की जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने के लिए किया ताकि साफ सफाई से वातावरण स्वच्छ रहे । मौके पर अमित कुशवाहा, प्रमोद कुमार सिंह, रौशन कुमार सिंह, ललन पंडित संजय गुप्ता, जय सियाराम , संतोष कुमार आर्य, अंशु कुमार उर्फ शिपु, गोलू उपाध्याय, श्रीनाथ कुमार, संतोष रौनियार, राजू मेहता एवं विनोद सिंह उपस्थित थे।

### बुजुर्गों की सेवा करना ही दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य : उपेंद्र




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज (रोहतास)**। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बिक्रमगंज एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल ने बुजुर्ग मतदाताओं को अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। और उन्होंने कहा कि बुजुर्गो के बिना देश की समस्याओं का समाधान संभव नहीं हैं । इसलिए बुजुर्गो से हमें मार्गदर्शन लेना चाहिए । वर्तमान समय में लोग बुजुर्गों से पीछा छुड़ाना चाहते है ताकि उनकी सेवा न करनी पड़े । जबकि लोग ये भूल जाते हैं कि बुजुर्गों की सेवा दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है । एसडीएम ने कहा कि माता-पिता की सेवा ही परमात्मा की सच्ची सेवा हैं । कुछ लोग अपने माता-पिता और वृद्धजनों को बोझ समझकर वृद्ध आश्रमों में भेज देते हैं,जबकि उन्हें इस बात का आभास नहीं होता कि उनकी संतानें भी आने वाले समय में उनके साथ इस तरह का व्यवहार कर सकता हैं । बुजुर्गो का सम्मान व सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची सेवा करने के समान हैं ।

**रोजगार** दो दिवसीय समृद्धि रोजगार मेला सफलतापूर्क संपन्न, 700 से अधिक युवाओं को मिला रोजगार

## बिहार की युवा शक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम : किरण प्रभाकर



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के खैराभूधर पंचायत में आयोजित दो दिवसीय समृद्धि रोजगार मेला रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया । दूसरे दिन भी हजारों की संख्या में युवक व युवतियां रोजगार सृजन को लेकर मेले में पहुंचे । बिहार के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद की किरण के रूप में 'समृद्धि रोजगार मेला' का आयोजन किया गया । जो बिहार के युवाओं को एक बेहतर भविष्य और आर्थिक विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा । बिहार में पहली बार इस प्रकार का रोजगार मेला आयोजित किया गया । जो किसी जिला मुख्यालय या शहरी केंद्र में ना होकर बिहार के बिक्रमगंज ब्लॉक के एक छोटे से पंचायत खैरा भूधर में हुआ । उक्त जानकारी मेले की आयोजनकर्ता किरण प्रभाकर ने दी । उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को किया गया। इसमें पूरे देश से 16 जानी-मानी कंपनियों ने भाग लिया है । जिसमें महिंद्रा फर्स्ट चॉइस, होटल ताज, सुविधा सेफ्टी सॉल्यूशन, ट्रैवल फूड सर्विसेज, फोर्टी सिक्स आउंसेस, 7 सेलर्स, हाईटेक, कपारो, अल्टीयूस स्पोर्ट्स, स्कॉलेस्टिक इंडिया, न्यू टेस्ट, एमजी सीटिंग, स्टीलबर्ड, हेलमेट्स, स्टीलकेस, द वरहद कैपिटल्स, कालोनेल्स एकेडमी, एसआईएस सिक्युरीटी प्रमुख हैं । उन्होंने बताया की समृद्धि रोजगार मेले में पूरे बिहार से लगभग 1800 युवाओं ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। जिसमें से 700 युवाओं ने अपना रोजगार सुनिश्चित किया । इस रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को न केवल नौकरी प्राप्त करने का अवसर मिला बल्कि वे भविष्य में एक सशक्त बिहार की ओर बढ़ते हुए भी नजर आएं । किरण प्रभाकर ने कार्यक्रम के अंत में बताया कि यह सिर्फ एक रोजगार मेला नही, बल्कि एक सपनों का महाकुंभ है, जो बिहार के हर एक युवा को उनके सपनों की पहचान करने की अनमोल अवसर प्रदान कर रहा है । साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमारा प्रयास है कि हम बिहार के हर युवा को समृद्धि की ओर ले जाएं, उन्हें स्वावलंबी बनाएं । इस सफल रोजगार मेले के प्रमुख आकर्षणों में से एक में यह शामिल है कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया गया है जो कि बिहार के विकास में गहरा योगदान देने का वादा करता दिख रहा है । मेले के समापन सत्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी बिक्रमगंज अमित प्रताप सिंह, मुखिया रामा पांडेय, मुखिया राजेंद्र साह, नवीन चंद्र साह, कपिल मुनि तिवारी इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे ।

## बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के साथ नया बिहार बनाएंगेः चिराग




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास** । बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन के साथ बिहार को नया बिहार बनाया जाएगा । हम एक ऐसा बिहार बनाएंगे जहां से रोजगार और शिक्षा के लिए लोगों का पलायन नहीं हो । गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ यहां के युवाओं के रोजगार की भी व्यवस्था बिहार में ही की जाएगी । ये बातें लोजपा(रामविलास) पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चिराग पासवान ने रविवार को के के उच्च विद्यालय संझौली के मैदान में कानू-हलवाई संघर्ष सेना महासम्मेलन में सभा को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने कहा कि सुशासन बाबू की सरकार ने बिहार और बिहारियों का बंटाधार कर दिया ।आज बिहार के मुख्यमंत्री बिहारियों के लिए बिहार में रोजगार के नाम पर हाथ खड़े कर दिए हैं । सात निश्चय योजना भ्रष्टाचार का पिटारा है । उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनती है तो सात निश्चय की योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार का व्यापक पैमाने पर जांच करा कर मुख्यमंत्री की जवाबदेही फिक्स की जाएगी । वर्तमान की नीतीश सरकार ने समाज को अगड़े पिछड़े, पिछड़े अत्यंत पिछड़े, दलित महादलित समेत कई टुकड़ों में विभाजित कर सिर्फ वोट लेने का काम किया । अगर हमारी सरकार बनती है तो उनका पहला लक्ष्य गरीब युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना होगा । श्री पासवान ने कहा कि मेरे पिता के निधन के बाद घर में तनाव पैदा कर झुकाकर मुझे नीचे गिराने का प्रयास किया गया , लेकिन चिराग पासवान नही झुका । घर से परिवार तक तोड़ा गया फिर भी चिराग पासवान नही झुके । जबतक बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट नही बनाऊंगा तब तक स्थिर नही बैठूंगा । सीएम नीतीश कुमार के रहते बिहार के लोगों का शिक्षा तथा रोजगार हेतु अन्य प्रदेशों में जाना आज भी मजबूरी बना हुआ है । सीएम कह रहे है कि बिहार में विकास की बहार है । ऐसे में बिहार के शिक्षा व रोजगार के लिए सरकार को बदलना जरूरी बन गया है । कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्री पासवान को फूलमाला व मुकुट पहनाकर सम्मानित किया । उक्त दौरान विद्यालय का मैदान युवाओं व दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था । युवाओं व दर्शकों में काफी उत्साह देखा गया । मौके पर पार्टी के तमाम वरीय नेता , कार्यकर्ता व हजारों की संख्या में दर्शकों की भीड़ जुटी हुई थी ।

## ख़ास ख़बर

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर 80 प्लस को किया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** रविवार 1 अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय में 80+ वृद्ध जनों को प्रशस्ति पत्र और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। बता दें की दुर्गावती प्रखंड के अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी श्रृचा मिश्रा के द्वारा सुदूर गांव से आए हुए अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर बृद्धो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम से वृद्धजनों का सम्मान बढ़ा और उनके अंदर एक संतोष जनक अनुभूति का अनुभव हुआ। आए दिन यदि ऐसे कार्यक्रम को पदाधिकारी के द्वारा चलाई जाने जाने वाली प्रक्रिया जारी रही तो समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा।

### एक वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार दुर्गावती थाने की पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार इन दिनों, वारंटीयो के गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में दुर्गावती पुलिस ने एक मामले में, न्यायालय से निकले वारंट के तहत कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम डिलखिली निवासी वीरेंद्र मुसहर पिता विक्रम मुसहर को गिरफ्तार कर स्वास्थ्य जांच के उपरांत जेल भेजा।

### नहर में डूबने से हुई तीन वर्षीय बच्ची की मौत



**कैमूर।** जिला के भभुआं प्रखण्ड स्थित मिंव पंचायत के सिझुआ गांव में 3 वर्षीय बच्ची की नहर में डूबने से हुई मौत। मृत्यु के बाद सूचना पर पहुंचे ज़िला परिषद सदस्य भभुआं विकास कुमार उर्फ लल्लू पटेल द्वारा परिवारजनों से मिल शोकाकुल परिवार को सांत्वना दिया गया। साथ ही हर सम्भव सराकरी सहयोग दिलाने का आश्वाशन दिया गया।यहां बता दे कि रविवार की दोपहर सिझुआ गांव निवासी अंतु बिद के यहां रह रही बेटी की 3 वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी जो खेलने के क्रम में मकान के बगल से गुजर रही, कर्मा वितरण प्रणाली में जा गिरी जहां उसकी डूबने से मृत्यु हो गई।स्थानी लोगो द्वारा मासूम को सदर अस्पताल भभुआं लाया गया।जहां उसका पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।इधर घटना की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।घटना की जानकारी मिलने के बाद, जिला परिषद सदस्य सदस्य द्वारा पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग हेतु आश्वस्त किया गया।

### आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर।** जिला के भगवानपुर प्रखंड में बाल विकास परियोजना कार्यालय के समक्ष तीसरे दिन भी आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहा। संघ के प्रखंड अध्यक्ष माया श्रीवास्तव एवं मनोज कुमार सिंह प्रखंड संयोजक ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाएगा तब तक हड़ताल चलता रहेगा, सेविका एवं सहायिका द्वारा जोश खरोस के साथ नारा दिया गया। जहां न पहुंचे कोई गाड़ी वहां पहुंचे आंगनवाड़ी।। दिन भर काम लेते हो पैसा देने में रोते हो। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष किरण सिंह, पिंकी सिंह सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी सेविका सहायिका अनिश्चितकालीन धरना पर बैठी हुई है।

# राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, मोहनियां(कैमूर)।** अनुमंडल के रामगढ़ रेफरल अस्पताल में रविवार को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के भभुआ शाखा के तत्वधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डीआईओ कैमूर डॉ रविंद्र कुमार चौधरी, अनुमंडल उपाधीक्षक डॉ बदरुद्दीन, पूर्व जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव कुमार राय, प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार इत्यादि शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। आयोजक के तौर पर आईएमए शाखा कैमूर के सचिव डॉक्टर संतोष कुमार सिंह की देख रेख में रक्तदान किया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए आयोजक कैमूर आईएमए के सचिव डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि आज रक्तदान को लेकर आम जनमानस में कई तरह की भ्रांतियां हैं जिससे कि लोग अभी भी 21वीं सदी में रहने के बावजूद भी रक्तदान करने से कतराते हैं, रक्तदान करने से किसी भी तरह की कमजोरी नही होती है बल्कि आदमी पूरी तरह स्वस्थ्य रहता है , रक्त में शामिल लाल रुधिर कणिका प्रत्येक 3 माह में नए सिरे से बनता है इस लिए तीन माह के बाद आप पुनः रक्त दान कर सकते है वही रामगढ़ राइफल अस्पताल में हुए रक्तदान शिविर में रामगढ़ प्रखंड के कुल 102 लोगों ने रक्तदान किया है जिनको आईएमए सचिव डॉक्टर संतोष कुमार सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया वही इस रक्तदान शिविर में रामगढ़ प्रखंड के किसी भी राजनीतिक व्यक्ति और जनप्रतिनिधियों का सहयोग नहीं मिलना भी चर्चा का विषय बना रहा आपको बता दे कि इस रक्तदान शिविर में देश के चौथे स्तंभ मीडिया जगत से नरेंद्र कुमार सिंह मोहम्मद अशरफ तथा चंदन कुमार सिंह युवा समाजसेवी और वार्ड नंबर 9 के वार्ड पार्षद प्रत्याशी चंदन चौबे नया प्रखंड के सातों एवं पंचायत के मुखिया रणजीत सिंह दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत डुमरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अविनाश कुमार सिंह उर्फ पिंकू पंजाब नेशनल बैंक के कर्मी अविनाश कुमार इत्यादि कई रक्त वीरों ने रक्तदान देकर पुनीत कार्य में शामिल हुए।

## जिला अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत श्रमदान कर किया गया साफ-साफ सफाई



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत 15 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान मनाने को लेकर रविवार को स्वच्छता के लिए जागरूक करने हेतु जगह जगह गणमान्यों द्वारा श्रमदान करते हुए स्वच्छता के लिए अभियान चलाकर जागरूक किया गया। कुदरा थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक संजय कुमार द्वारा थाना परिसर, सलथुआं पंचायत प्रतिनिधि कन्हैया राय द्वारा पंचायत अंतर्गत, रामगढ़ नगर पंचायत वार्ड 3 के पार्षद प्रतिनिधि द्वारा अपने वार्ड क्षेत्र, रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक की अध्यक्षता में प्रखंड अंतर्गत, रामपुर पूर्व प्रखंड के बेलांव पंचायत के मुखिया सीमा देवी की अध्यक्षता में पंचायत अंतर्गत, मोहनियां प्रखंड के बिलौड़ी पंचायत के तमाम प्रतिनिधि एवं जिला से अधिकारियों के साथ ही प्रबुद्ध जनों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में श्रमदान करते हुए, स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। और ऐसा अनेकों बार जागरूकता अभियान चलाया गया। अधिकांश पंचायत में कर्मियों की नियुक्ति भी हो चुकी है कागज में सामग्री की भी खरीदारी हो चुकी है। पर आज भी गांव की सड़कों पर पहुंचने पर बयां करने में शर्म महसूस होगा।

## डेहरी सोन पुल पर युवक की एक्सीडेंट में मौत

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के डेहरी नगर थाना क्षेत्र के सोन पुल के पास सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान पंकज कुमार 30 साल के रूप में की गई है। वह डेहरी के बारह पत्थर निवासी परशुराम राम का बेटा था। वह बालू घाट पर काम करता था। युवक रोज की तरह शनिवार की देर रात बालू घाट से अपने घर वापस लौट रहा था। इस क्रम में वह जैसे ही सोन नदी पुल को पार कर अंतिम सिरे पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। मृतक युवक के मोबाइल पर कॉल आने लगा। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने फोन उठाया तो पता चला कि उसकी पत्नी का फोन है। लोगों ने फिर उसी फोन पर पिता से बात की और घटना की जानकारी दी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी किरण देवी और उसकी 5 साल की बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है। पत्नी कह रही थी कि लौटने से पहले फोन पर पति से बात हुई थी। जब घर नहीं लौटे तब फोन किया तब तक दुनिया उसकी उजड़ गई थी। बताते हैं कि मृतक की पत्नी डीलर का काम करती है। थानाध्यक्ष रविरंजन न बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। परिजनों के आवेदन पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## परिवेश तो बदले लेकिन सुर और राग अभी भी बरकरार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती(कैमूर)।** संवाददाता की कलम से-76 सालो के आजादी के बाद देश एक नए मुकाम पर खड़ा है, देश में फैली दूरियां आज बिल्कुल घटकर एक नए समाज की स्थापना करने में लगी हैं। लेकिन राजनीतिक परिवेश आज भी उसी असमानताओं पर चल रहा है, सुर बदले लेकिन राग अब भी बरकरार है। आज के परिवेश में जाति-पाति भेदभाव में काफी कुछ बदल चुका है।आज एक साथ यात्रा करना, एक विद्यालय में पढ़ना, एक होटल में खाना, और एक ही बेड पर सोना सब कुछ चल रहा है। यही नहीं सामाजिक परिवर्तन के परिवेश में सरकारी पदों पर बैठे अधिकारियों को भी आम जनता दंड और प्रणाम करते देखी जा रही है। चाहे वह अधिकारी किसी भी जाति और संप्रदाय समुदाय से आता हो। अगर सचमुच शिक्षा के क्षेत्र में भी किसी भी जाति धर्म संप्रदाय के शिक्षकों को संस्कारी बच्चे अपने माता-पिता से बढ़कर गुरु के चरणों को स्पर्श करते देखें जा सकते हैं, जो एक बड़े परिवर्तन की ओर संकेत करता हैं। और भेदभाव मिटने का एक प्रमाण है। देश में आज के परिवेश में अंतर्जातीय विवाह कानून के तहत मान्य तो है ही नित्य प्रति दिन शादियों का होने का सिलसिला कारवां का रूप लेते जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी देश में राजनीति करने वाले लोगों के विचार और भाषणों में कोई परिवर्तन होते नहीं देखा जा रहा है। अब तो संगीत पूरी तरह से बदल चुकी है, तो सुर और राग भी पूरी तरह से बदलना चाहिए। लेकिन सुर राग बदलने के बजाय इसे और हवा देकर सामाजिक दूरियों को बढ़ाने में कोई कोर कसर, राजनीति करने वाले लोगों के द्वारा नहीं छोड़ा जा रहा है। अब आस्था पर चोट धर्म संप्रदाय में अलगाव बाद को पैदा करना और बढ़ावा देना देश में एकजुट जनता को खंड-खंड और टुकड़े-टुकड़े बांटने के अभियान पर काम करना, क्या देश को कमजोर करने और बांटने की तरफ ले जाने का संकेत नहीं कहा जा सकता। अब बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिवेश में हर दल के राजनेताओं को चाहिए कि भेदभाव धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर कुर्सी हित छोड़, देश हित में राजनीति करने का काम करें यही अंतर्राष्ट्रीय प्रति स्पर्धा में समय की मांग है। इसलिए हम सबको इस अभियान पर काम करके देश को दुनियां के मानचित्र पर खड़ा करने के अभियान में जुड़ जाना चाहिए। जिससे देश समाज में बढ़ते तकनीकी और संसाधनों के माध्यम से देश आगे बढ़े और युवाओं के रोजगार मिले।

### केंद्रीय चयन पार्षद (सिपाही भर्ती) बिहार , परीक्षा जिले के 12 परीक्षा केन्द्रो पर संपन्न हुआ





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर।** भभुआं केंद्रीय चयन पार्षद (सिपाही भर्ती) बिहार , परीक्षा 2023 जिले के 12 परीक्षा केन्द्रो संपन्न हो गया। इस दौरान प्रथम पाली में कुल 6523 परिक्षार्थियों के विरूद्ध 5646 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 876 अनुपस्थित। एक छात्र को निष्कासित किया गया जो अभिनाष कुमार ,पिता सत्येंद्र कुमार सिंह है, को भूपेश गुप्त इंटरमीडिएट कॉलेज से जबकी द्वितीय पाली की परीक्षा में 6523 परीक्षार्थियों के विरुद्ध 5863 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 659 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एक छात्र को निष्कासित किया गया जो बादल कुमार, पिता मनोज कुमार सिंह भूपेश गुप्त डिग्री कॉलेज से । सभी परीक्षा केंद्रो पर चाक- चौबंद व्यवस्था के तहत पुरे मुस्तैदी से परीक्षा आयोजित की गयी। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

### प्रशासन द्वारा पांच शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग जगहों से पांच शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में। पुलिस निरीक्षक संजय कुमार से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रशासन द्वारा नशे व नशेड़ीयों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से पांच शराबियों को गिरफ्तार किया गया जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार विंध्याचल राम पिता महेंद्र राम गांव मुजियां, राजेश राम पिता राम अवध राम, राजकुमार राम पिता संतु राम गांव चकिया थाना कुदरा इसराइल नट उर्फ धर्मेंद्र नट पिता स्वर्गीय कटिकल नट गांव हुड़री, थाना बेलांव सभी जिला कैमूर व राजू मुंडा पिता एतवा मुंडा कसपुरमंडा जिला लोहरदगा झारखंड के निवासी बताए जा रहे हैं।

### रायपुर चोर पंचायत में मुखिया सुरेंद्र सिंह के अध्यक्षता में चलाया गया सफाई अभियान



**शिवसागर।** स्थानीय प्रखंड के रायपुर चोर पंचायत के मुखिया सुरेंद्र सिंह ने आज झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा है इसका आगाज करते हुए पंचायत वाशियों को स्वच्छता का संदेश दिया।जहा कल दो अक्टूबर यानी कल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मदिन है वही उनके जन्मदिन से ठीक एक दिन पहले मुखिया सुरेंद्र सिंह ने अपने रायपुर पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान "स्वच्छता ही सेवा" के बैनर तले स्वच्छता कर्मियों के साथ शामिल होकर स्वच्छता का लोगो को संदेश दिया।स्वच्छता अभियान के दौरान मुखिया सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के पूर्व पंचायत के सभी गाँवो में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें गाँवो को स्वच्छ एवं साफ किया गया।मुखिया सुरेंद्र सिंह ने कहा कि यह अभियान आगे भी चलता रहेगा।

**सम्मान** युवा पीढ़ी के लिए भारतीय लोकतंत्र में सकारात्मक योगदान के निमित एक उदाहरण बने रहें

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध सम्मान दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र दे 80 + वृद्धजनों को किया गया सम्मानित





**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता, भभुआं (कैमूर)।** अनुमंडल के प्रत्येक प्रखंड परिसरों में प्रखंड विकास पदाधिकारीयों के द्वारा रविवार को वृद्ध दिवस के अवसर पर 80+ वृद्धजनों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित। भगवानपुर प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकित मिश्रा , रामपुर प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक,सहित अधौरा, चैनपुर, चांद, भभुआं प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा 80 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके कर्तव्य निष्ठा को देखते एवं उनके द्वारा लोकतंत्र में पूर्ण रूप से सहयोग के लिए उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा बीते समय में विभिन्न चुनाव के दौरान अपना वोट डालकर अपनी सरकार को विकल्प तय करने में, अपने एक वोट के मूल्य का वास्तविक अर्थ सिद्ध किया है। आप निर्वाचन प्रकिया को सुदृढ करने मे और निर्वाचन को सही मायने मे स्वतंत्र ,निष्पक्ष, समावेशी, सुगम और सहभागी बनाने के लिए हमारे निरंतर प्रगतिशील तंत्र के भी साक्षी है।आयोग राष्ट्र के प्रति लोकतांत्रिक कर्तव्य को पूरा करने के लिए आप में से प्रत्येक की शक्ति सामर्थ्य और दृढ़ और निश्चय का अभिनंदन करता है। हम आप सभी वरिष्ठ नागरिक को(80 +) सदैव की भांति अपना मत अवश्य डालें और युवा पीढ़ी के लिए भारतीय लोकतंत्र में सकारात्मक योगदान के निमित एक उदाहरण बने रहें । अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाने का मुख्य तात्पर्य, उम्रदराज लोगों के साथ होने वाले भेद भाव , अपमानजनक व्यवहार खत्म करने के लिए ही मनाया जाता है। वैसे तो वरिष्ठजनों का सम्मान हर दिन हर पल हमारे मन में होना चाहिए। लेकिन उनके प्रति मन में छिपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए और बुजुर्गों के प्रति चिंतन की आवश्यकता के लिए औपचारिक तौर पर एक दिन निश्चित किया गया, इसलिए प्रति वर्ष 1 अक्टूबर का दिन अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# जिलाअधिवक्ता संघ भभुआं कैमूर के द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान






**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** भभुआ व्यवहार न्यायालय परिसर 1 अक्टूबर 2023 समय 7:30 बजे सुबह जिला अधिवक्ता संघ भभुआ कैमूर के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में अधिवक्ता एवं न्यायिक पदाधिकारी हाथ में झाड़ू लेकर अपने कर्मियों के साथ सिविल कोर्ट परिसर एवं अधिवक्ता परिसर का अधिवक्ता उन्हें साफ सफाई किया। स्वच्छता अभियान मे तदर्थ कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडेय प्रभारी लोक अभियोजक सच्चिदानंद राय जितेंद्र कुमार उपाध्याय अमित कुमार द्विवेदी आशीष दुबे सरोज राम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शहरयार मोहम्मद अफजल मुंशी पुष्पेंद्र कुमार शर्मा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुजीत पांडे जिला विधिक सेवा प्राधिकार से कमी विनीत कुमार तिवारी मेराज आलम प्रेसकर गणेश कुमार मनीष कुमार संघ के कर्मी सुनील कुमार उमा मनोज कुमार वगैरा काफी संख्या में अधिवक्ता व कर्मी उपस्थित थे।

# पीएम के आह्वान पर भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत महात्मा गांधी जयंती के एक दिन पुर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय तथा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा के नेतृत्व में नगर मंडल तथा भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने रविवार को पुर्वाह्न सरयू पांडेय पार्क पहुंच कर उनके प्रतिमा एवं चबुतरे की धुलाई,पोछाई कर पार्क मे पड़े कचरे को झाड़ू लगाकर साफ किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 15 अगस्त 2014 को लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिया गया स्वच्छता संदेश आज जनांदोलन बन चुका है। और व्यक्ति के अंदर स्वच्छता के प्रति संवेदना जागृत हुई है। लोकसभा संयोजक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि स्वच्छता अभियान के आज विशेष अवसर पर महात्मा गांधी के विचारों के प्रति जन जन मे फैली भावना देश के विकास और समृद्धि को नया आयाम दिया है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने कहा कि स्वच्छता चाहे स्थान की हो चाहे विचारों की यह भारतीयता की पहचान है। स्वच्छता के प्रति जागरूक दुकानदारों को भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कचरा पात्र का वितरण कर कचरे को फैलने से रोकने का अनुरोध किया। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अभिनव सिन्हा ने भाजयुमो कार्यकर्ताओं संग नगर के सिकंदरपुर मुहल्ले में सफाई किया। तथा कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज पुरा देश स्वच्छता के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वच्छता के प्रति ज्यादा जोर रहा है। मनिहारी में पूर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बरहट प्राथमिक विद्यालय तथा दुर्गा मंदिर पर झाड़ू, पोछा लगाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पुरा देश स्वच्छता के प्रति जागरूक है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने आस पास स्वच्छता कर के बहुत सी बिमारियों से अपना बचाव कर सकते हैं। तथा आने वाले अनावश्यक दवा के खर्च कि बचत कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला मंत्री सुरेश बिन्द, मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विश्वप्रकाश अकेला, अविनाश सिंह, हर्षित सिंह, दुष्यन्त अग्रहरि, नितिश दूबे, जयसूर्य भट्ट, अजय कुशवाहा, गर्वजीत सिंह, जावेद अहमद, प्रीति गुप्ता, काशीनाथ तिवारी, रितेश पांडेय, शिवम तिवारी, शुभम् विश्वकर्मा, अजीत सिंह, हर्षजीत सिंह, कार्तिक गुप्ता, मनिष सिंह बिट्टू, अविनाश सिंह, शिवम् पांडेय, अजीत सिंह, ओमकार सिंह, जगदीश सिंह, प्रदीप सिंह सहित अन्य ने बढ चढकर भाग लिया।



## खास ख़बर

### समाजवादी पार्टी के जमानियां के विधानसभा अध्यक्ष अनिल यादव के पिता जी हरिद्वार यादव का निधन



**दैनिक शुभ भास्कर मनोज कुमार, जमानियां** । स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बहादुरपुर निवासी अनिल यादव के पिता जी हरिद्वार यादव (83) का आकस्मिक निधन शुक्रवार को बनारस स्थित अस्पताल में हो गया वे लंबे समय से बीमार थे मृत्यु की सूचना मिलते ही गांव सहित स्वजनों में शोक की लहर दौड़ गई जमानियां विधानसभा अध्यक्ष अनिल यादव पिता जी हरिद्वार यादव पिछले कुछ दिनों से बीमार थे इनका इलाज बनारस स्थित चिकित्सालय में चल रहा था हरिद्वार यादव रिटायर कैप्टन भारतीय थल सेना पद से सेवानिवृत्त थे सरल स्वभाव व उच्च व्यक्तित्व के कारण सभी के प्रिय थे उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही गांव व क्षेत्र सहित स्वजनों में शोक व्याप्त हो गया तथा बनारस से शव देर सुबह पैतृक गांव बहादुरपुर आते ही ग्रामीणों व स्वजन दरवाजे पर आकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बढ़ाया अंतिम संस्कार जमानियां गंगा घाट पर हुआ ।

### ग्राम प्रधान चौराबोझ ओम प्रकाश राय ने प्राथमिक विद्यालय व पंचायत भवन की किया साफ-सफाई



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय मरदह , गाजीपुर** । सेवा पखवाड़ा अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पूर्व बेला पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान से रविवार को सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को मर्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चौराहा पूछ के ग्राम प्रधान ओमप्रकाश राय जी ने अपने सहयोगियों व सफाई कर्मियों को लेकर गांव पंचायत के रास्ते प्राथमिक विद्यालय चौराबोझ, पंचायत भवन, व धार्मिक स्थान पर साफ सफाई किये, व प्राथमिक विद्यालय पर बच्चों को निष्ठान वितरित किया। ग्राम प्रधान ने गांव में चारों तरफ विकास का कार्य किया है ।

### नरेंद्र मोदी के आवाहन पर साफ सफाई का चलाया गया अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय,जखनियाँ गाजीपुर** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाह्न पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 154वी जन्म जयंती के एक दिन पूर्व आज श्री दुर्गा जी मंदिर व प्राथमिक पाठशाला बरहट पर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई किया। उक्त अवसर पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा यह भाजपा का श्रमदान नहीं पूरे देश का अभियान है। इस आंदोलन से आप सभी जुड़े ही साथ - साथ संकल्प करें कि अपने जीवन में आप कभी भी गंदगी नहीं फैलाएंगे और स्वच्छता में अपना योगदान देंगे। हमारी जीवन शैली और आदते स्वच्छता की मजबूती दे, इसकी कोशिश में भाजपा के कार्यकर्ता हमेशा लगे रहते हैं। साफ सफाई रखना केवल हमारा दायित्व ही नहीं बल्कि हमारे स्वभाव का भी एक हिस्सा होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना पहला उद्बोधन लाल किले से दिया था उनका पहला मिशन यही था जहां सोच वहां शौचालय और पूरे देश के ग्रामीण शहरी अंचल में शौचालय बना और हर घर शौचालय का निर्माण हुआ।

### जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह व ब्लॉक प्रमुख सीता सिंह ने की साफ सफाई,स्वच्छता के प्रति दिया संदेश



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय मरदह,गाजीपुर।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती की पूर्व बेला पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान से रविवार को सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को मरदह कस्बा स्थित प्राचीन रामलीला कमेटी मरदह कुटी एवं मंदिर परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं मरदह ब्लॉक प्रमुख सीता सिंह ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।इस मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों से अपील किया कि स्वच्छता बहुत ही जरूरी है अगर हमारे आस-पास स्वच्छता रहेगी तो बीमारियां दूर रहेंगी और जब हम स्वस्थ रहेंगे तो हमसब मिलकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे।आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की यह सोच महात्मा गांधी जयंती पर उनको हमारा सच्चा उपहार होगा।इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों स्थानीय जनमानस के साथ भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान की बड़ी आगाज



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** शासन के निर्देश में जखनियां ब्लाक में खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम के नेतृत्व में ब्लॉक के समस्त अधिकारी और कर्मचारी सहित समूह महिलाओ के मौजूदगी में ब्लॉक परिसर और भवन के अगल-बगल झाड़ू लगाकर साफ सफाई की गई साथ ही खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों को शपथ दिलाई की अपने पास पड़ोस को हमेशा स्वच्छ रखेंगे और दूसरे को भी जागरूक करेंगे। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण रहेगा तो शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगा। जिससे जनजीवन स्वस्थ रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश के बाद स्वच्छता अभियान के तहत तमाम योजनाएं चलाकर भी लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया और आगे भी किया जाएगा ।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रिंकू सिंह, अजीत सिंह, एडीओ पंचायत राजकमल गौरव, ओम प्रकाश यादव, सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रोशन लाल ,हरिद्वार कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी,गाजीपुर।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जयंती के एक दिन पुर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश भर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सिविल बार संघ के अध्यक्ष सुधाकर राय के नेतृत्व में कचहरी स्थित सिविल बार के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुधाकर राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिया गया स्वच्छता संदेश आज जनांदोलन बन चुका है। हर व्यक्ति के अंदर स्वच्छता के प्रति संवेदना जागृत हुई है। स्वच्छता अभियान के आज विशेष अवसर पर महात्मा गांधी के विचारों के प्रति जन जन मे फैली भावना देश के विकास और समृद्धि को नया आयाम दिया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता चाहे स्थान की हो या विचारों की यह भारतीयता की पहचान है। उन्होंने कहा कि हमारे महापुरुषों ने जहां स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे जनांदोलन बना कर हमारे दिनचर्या से जोड़ दिया है। इस स्वच्छता अभियान में जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कृपा शंकर राय, सिविल बार संघ के सचिव रतन कुमार श्रीवास्तव, शशि ज्योति पांडे, शशिकांत, चन्द्र मोहन सिंह, राजेश राय सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बढ चढकर भाग लिया।

## तीन साल के अबोध बच्चे को सौतेले पिता ने कानपुर में बेचा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर** । तीन साल के एक नाबालिग बच्चे के अपहरण की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई है और एसपी गाजीपुर ओमवीर सिंह ने मामले का सनसनी खेज खुलासा करते हुए बताया कि अपने सौतेले बेटे को एक पिता ने उसकी मां से चुरा कर किसी अन्य महिला को बेच दिया था। बच्चे के गायब होने की एफआईआर शहर कोतवाली पुलिस को हुई थी जिसके बाद खोजबीन और पुलिस सर्विलांस में मामले का खुलासा हुआ तो पता चला कि जिसका बच्चा है उसी ने अपने बच्चे का सौदा किसी और से कर दिया, फिलहाल पुलिस ने आरोपी बच्चा खरीदने वाली महिला शशिबाला और आरोपी सौतेले पिता संजय यादव जो कानपुर के रहने वाले हैं, उनको गिरफ्तार कर बच्चे को उसकी मां से मिलवा दिया है और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी गाजीपुर ने बताया है कि स्थानीय थाना शहर कोतवाली में पंजीकृत मु0अ0सं0 503/23 धारा 363 भादवि से सम्बन्धित अपहृत बालक की सकुशल बरामदगी हेतु गठित संयुक्त टीम द्वारा मात्र 48 घण्टे के भीतर ही अपहृत बालक को क्रय की हुई महिला शशिबाला पुत्री रामप्रकाश नि0 नौवादपुर थाना सट्टी कानपुर देहात को जिला कानपुर देहात से दिनांक 30.09.2023 को गिरफ्तार किया गया एवम् उसके कब्जे से अपहृत बालक को सकुशल बरामद किया गया है, अभियुक्ता शशिबाला द्वारा बताया गया कि उक्त बालक को संजय यादव पुत्र चतुर सिंह यादव नि0 नौवादपुर थाना सट्टी कानपुर देहात से 65000 रूपया देकर मैने खरीदा है एवम् अभियुक्ता शशिबाला उपरोक्त की निशादेही पर बालक को विक्रय करने वाले अभियुक्त संजय यादव पुत्र चतुर सिंह यादव नि0 नौवादपुर थाना सट्टी कानपुर देहात को रेलवे क्रासिंग महराजगंज थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर के पास से दिनांक 30.09.2023 को ही समय करीब शाम 5 बजे गिरफ्तार किया गया तथा दौराने जामा तलाशी अभियुक्त संजय यादव उपरोक्त से बिक्री के 65000 रूपये भी बरामद किये गये। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 370 भादवि की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा कर जेल भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कानपुर के संजय यादव ने एक माह पूर्व ही अपहृत बच्चे रेयाँश की विधवा मां से शादी की थी और फिर इस कांड के बाद पुलिस द्वारा उसका अपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

### स्वच्छता सेवा की खबर कवरेज करने गए पत्रकार पर दबंग शिक्षकों ने किया हमला,ग्रामीणों ने बचाई जान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के तमाम पत्रकारों की सुरक्षा के बात को लेकर दिशा निर्देश तो दिया जाता है लेकिन पत्रकारों को आए दिन खबर कवरेज को लेकर आए दिन दबंग खुलेआम मारपीट और बदतमीजी करते है। ऐसा ही मामला भुडकुडा थाना क्षेत्र के सदरजहांपुर कंपोजिट विद्यालय पर हुआ । जहां शासन के निर्देश पर संडे को भी विद्यालय खोलने और विद्यालय पर श्रमदान, प्रभात फेरी जैसे कार्यक्रम आयोजित की जा रही थी। इसी दौरान एक दैनिक अखबार के पत्रकार सुरेश चंद पांडे खबर कवरेज करने के बाद जैसे ही सड़क पर आए और अपने बाइक पर बैठना चाहे तभी एक सहायक अध्यापक और अनुदेशक ने गमछा से गला कसते हुए टांग कर ऊपर स्कूल के अंदर ले जाने लगे। मौके पर प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पांडे और मौजूद ग्रामीणों ने देखा तो तत्काल दबंगो के चंगुल से पत्रकार को आजाद किया और उन्होंने तत्काल जलालपुर धनी चौकी पर नामजद तहरीर दी। इसके बाद भुडकुडा थाने पर भी दोनों खिलाफ नामजद तहरीर दी।जिसमे भुडकुडा कोतवाल के समक्ष दोनों पक्षों आरोप प्रत्यारोप भी लगाया ।सही मामला जानने के लिए सिद्ध पीठ मठ भुडकुडा में कसम खाने की बात आई तो पत्रकार सुरेश चंद्र पांडे तो मठ के अंदर चले गए लेकिन दबंग सहायक अध्यापक अनुदेशक बाहर रह गए और कुछ लोगों को बुलाकर समझौता करने का दबाव डालने लगा। इस सिलसिले में भुडकुडा कोतवाल तारावती ने बताया कि मामले का जांच करने के बाद मुकदमा दर्ज की जाएगी।

### शासन के आदेश के बाद भी परिषदीय विद्यालय पर लटकता नजर आया ताला



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानियाँ (गाजीपुर)।** स्वच्छता अभियान में सार्वजनिक सहभागिता के लिए प्रदेश के सभी विद्यालयों में एक अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से स्वच्छता के लिए श्रमदान हेतु सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु शासन द्वारा निर्देश दिया गया था। शासन के निर्देश के बाद भी स्थानीय खण्ड शिक्षा क्षेत्र के अधिकांश परिषदीय विद्यालयों पर ताला लटकता मिला। प्राथमिक विद्यालय हमीदपुर काली मंदिर पर 10:27 बजे तथा प्राथमिक विद्यालय हमीदपुर शिव मंदिर पर 10:58 बजे व प्राथमिक विद्यालय बुढाडीह टीम पहुंची तो विद्यालय पर ताला लटका मिला। वही प्राथमिक विद्यालय बघरी, प्राथमिक विद्यालय हरबल्लमपुर पर शिक्षक व शिक्षार्थी साफ सफाई करते हुए नजर आये तथा जूनियर विद्यालय दरौली पर बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरुक किये तथा रसोईयां मध्याह्न भोजन बनाने में जुटी रही। ज्ञात हो कि स्वच्छांजलि कार्यक्रम के आयोजन के लिए शासनादेशानुसार एक अक्टूबर को सरकारी स्कूलों को खोल कर शिक्षक शिक्षार्थियों संग प्रभातफेरी निकाल कर लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ विद्यालय को साफ-सफाई के दायित्व का भी निर्वहन करेंगे। इस दौरान बच्चों को मध्याह्न भी कराया जायेगा। क्षेत्र के कुछ विद्यालय शासनादेश का धज्जियां उड़ाते हुए विद्यालय को बंद कर दिया। ऐसे में स्वच्छता अभियान की सार्थकता कैसे पूरी हो सकती है। इस सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार से सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने सेल फोन रिसीव नहीं किया।

### सेवा पखवाड़ा के तहत स्काउट गाइड ने चलाया स्वच्छता अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय मरदह ,गाजीपुर मरदह।** क्षेत्र के सी.पी. आई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरिकरनपुर बिजौरा में हिंदुस्तान स्काउट गाइड के तत्वाधान में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षक रुपचन्द्र यादव नें स्काउट गाइड प्रशिक्षण के साथ स्वच्छता अभियान चलाया व आसपास साफ-सफाई की।तथा बच्चों को प्राथमिक उपचार एवं घायलों को बिना स्ट्रेचर के उपचार के लिए ले जाना,आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के गुर,आपदा प्रबंधन के गुर,रस्सी गांठ बांधने के तरीके,राष्ट्र सेवा,रस्सी गांठ बांधना एवं आपातकालीन परिस्थितियों में टेन्ट बनाकर रहने के तौर तरीके सिखाये।विद्यालय के प्रधानाचार्य पारस प्रजापति ने शिविर का निरीक्षण करने के उपरांत कहा की स्काउट प्रशिक्षण से बच्चे किसी भी विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहेंगे तथा इस प्रशिक्षण से बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना बढेगी एवं आपसी समरसता बढ़ेगी।तत्पश्चात जिला संगठन आयुक्त नितेश यादव ने शिविर के माध्यम से प्रमुख रूप से स्वच्छता अभियान,जल संरक्षण,पर्यावरण जागरूकता,ट्रैफिक नियम एवं सर्व शिक्षा अभियान,आदि विषयों को प्रमुखता से बताया जो कि आगे चलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण होगा और बच्चे आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहेंगे।शिविर के दौरान विद्यालय के प्रबंधक छांगुर प्रजापति, लालबहादुर प्रजापति,पुष्पा यादव,मंशा प्रजापति, सीताराम यादव, नवीन सिंह, बृजभान खरवार, अवधेश राम,दिलीप कुमार,विवेक यादव, बलवंत मौर्या, प्रमोद मौर्या सहित आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे।

विवाद — शादियाबाद की शिकायत थी कि जब लडकी पैदा हुई तब से वह उसके साथ मारपीट करते रहते है

## आठ परिवारो की विदाई हुई



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, जंगीपुर।** परिवार परामर्श केंद्र गाज़ीपुर द्वारा पुलिस लाईन्स गाज़ीपुर के सभागार मे पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन मे कुल 14 परिवार विवाद प्रस्तुत हुये। इनमे सरिता पत्नी विनोद राम निवासी छाही थाना सारनाथ वाराणसी की शिकायत है कि उसके पति हमेशा उससे दूरी बनाये रहते है इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई जामीला खातुन पत्नी सद्दाम अंसारी निवासी जंगीपुर की शिकायत थी कि उसके पति सॉस ननद के कहने पर उसके साथ मार पीट करते रहते है इस पर पति एवम सास ससुर को समझाकर विदाई करवाई गई रीता देवी पत्नी सुनील कुमार निवासी रामसिंहपुर थाना भुडकुडा की शिकायत थी कि उसके पति मारपीट कर उसके सभी आभूषण ले लिये है इस पर पति को समझाकर उसके आभूषण को दिलवाने का सुझाव देते हुये विदाई करवाई गई सीमा वनवासी पत्नी संतोष वनवासी निवासी सुजनीपुर थाना शादियाबाद की शिकायत थी कि उसके पति उसे मायके जाने नही देना चाहते इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई मनीषा पत्नी रजनीश कुमार निवासी लुलापुर थाना भुडकुडा गाज़ीपुर की शिकायत थी कि उसके पति और सास ससुर उसे पहले कलकत्ता ले गये वहा उसे अकेला छोडकर चले आये जब मैं अपने पिता के यहॉ फोन की तब कलकत्ता जाकर मुझे लेकर आये इस पर पति और ससुराल पक्ष को समझाकर विदाई कराई गई लक्ष्मीना देवी पत्नी राजकुमार निवासी दिल्लातपुर (ताल भीतर) थाना दुल्लहपुर गाज़ीपुर की शिकायत थी कि उसके पति व ससुर एक साथ बैठकर शराब पीकर उसके साथ गाली देते हुये मार पीट करते है इस पर पति और ससुर को समझाकर विदाई करवाई गई मंजू देवी पत्नी परशुराम राजभर निवासी फेफरा थाना मरदह कि शिकायत थी कि उसके पति उसके ऊपर देवर के साथ नाजायज सम्बन्ध की शिकायत करते रहते है इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई बन्दना चौहान पति रामयश चौहान निवासी गुरैनी थाना शादियाबाद गाज़ीपुर की शिकायत थी कि जब पति के द्वारा लडकी पैदा हुई तब से वह उसके साथ मारपीट करते रहते है इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई तीन परिवारिक विवाद कुशलता के बाद बन्द कर दिये गये तीन परिवारिक विवाद मे एक एक पक्ष उपस्थित थे तीन परिवारिक विवाद मे दोनो पक्ष उपस्थित नही हुये ।

## प्रदेश अध्यक्ष का गाजीपुर जनपद में जगह- जगह हुआ, जोरदार स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण यादव का रविवर को वाराणसी से मऊ एक कार्यक्रम में जाते समय जनपद में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी ने जगह-जगह प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। जनपद के सीमा में प्रवेश करते ही सिधौना में दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ जिला अध्यक्ष भरथ यादव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राम विजय यादव एवम् अंकित यादव ने फूलमालाओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव का स्वागत किया। सिधौना में स्व. रामकरण दादा के पौत्र राहुल यादव की अगुवाई में स्वागत एवम् बधाई का सिलसिला शुरू हो गया, जहां तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत करके बधाई दी। इसके बाद फोर लेन से होते हुए। स्वागत एवम् बधाई के क्रम में दारुलपुर में पूर्व प्रधान कमला यादव ने कार्यकर्ताओ के साथ स्वागत किया। खावपुर (देवकली) में राजनाथ यादव सपा ब्लाक अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। वही देवकली मे पूर्व प्रमुख विजय यादव की अगुवाई में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष का काफिला नंदगंज बाईपास पहुंचते ही वहा पर हरिद्वार यादव जिला संरक्षक की अगुवाई में अध्यक्ष अरुण यादव का भव्य तरीके से स्वागत किया गया। जब काफिला सहेड़ी पहुंचा तो, स्थित लहुरी काशी ढाबा पर लोकगीत गायक महेश यादव (अध्यापक) की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत एवम् सूक्ष्म जलपान आदि की व्यवस्था की गई। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का काफिला गाजीपुर शहर के चौकियां में पहुंचा, जहा पहले से मौजूद कार्यकर्ताओं ने अपने बीच अपने प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव को देखते ही नारेबाजी शुरु करते हुए, जिला महासचिव प्रवीण यादव की अगुवाई में भव्य स्वागत किया। जहां उत्साह पूर्वक जिला उपाध्यक्ष रामज्ञान यादव के साथ सदर ब्लाक अध्यक्ष संग्राम यादव, मनिहारी ब्लाक अध्यक्ष मंजय यादव आदि लोगो ने माल्यार्पण कर बधाई दी। स्वागत से गदगद हुए, नवनयुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों एवम् कार्यकर्ताओं का आभार जताया और कहा कि गाजीपुर की शहीदी धरती पर स्वजातीय बंधुओ का स्वागत और प्यार हमेशा याद रखूंगा।

## खास खबर

### चोरी के माल के साथ दो गिरफ्तार

**संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या ।** रुदौली कोतवाली पुलिस राम बाड़ी स्कूल के पास से दो अभियुक्त को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली रुदौली पुलिस अपराधियों पर नियंत्रण हेतु अभियान चला रही थी तभी स्थानीय थाना पर दर्ज मुकदमा 457/380/427/411से सम्बंधित दो अभियुक्त मो0 उस्मान पुत्र मो0 शमीम निवासी मलिकज़ादा रुदौली,रवि कुमार गुप्ता पुत्र स्व.गोपी चंद निवासी कायस्थाना रुदौली को राम बाड़ी स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त के पास चोरी के माल भी बरामद किया गया।

### स्वच्छता ही जीवन का है मूल आधार- नोडल अधिकारी

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा रविवार को जनपद की नोडल अधिकारी निबन्धक स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन कंचन वर्मा तथा जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में स्वच्छता प्लाग रन स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शहर के गुरु नानक चौराहा से स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने सभी लोगों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई। इसके बाद नोडल अधिकारी में हरी झंडी दिखाकर फ्लाग रन का शुभारंभ किया।उन्होंने जिलाधिकारी व अधिकारियों के साथ गुरु नानक चौराहे से गांधी पार्क तक स्वच्छता ही सेवा की रैली निकाली। गांधी पार्क पहुंचकर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और श्रमदान किया। नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने स्वच्छता सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली। टाउन हॉल में स्वच्छता पर आधारित एक कार्यक्रम का भी आयोजित किया गया जिसे नोडल अधिकारी ने देखा और उसकी प्रसंशा की। नोडल अधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### गाँधी जयन्ती पर विशेष अपील



**जनपद - अयोध्या ।** नशा नाश का दूज नाम,तन मन धन तीनो बेकाम आज हमारे देश का युवा वर्ग मद्यपान (नशा) मे मनोरंजन की तलाश कर रहे हैं व घनिष्टता बढ़ाने का जरिया शराब,सिगरेट व अन्य तरह के नशीले पदार्थो को समझ रहे है आज का युवा वर्ग फैशन के कारण प्रतिष्ठा की चाह में मित्रो के साथ मौज-मस्ती व त्यौहार व विवाह आदि में शराब का सेवन करते हैं।हमारे समाज के युवा वर्ग नशे का सेवन फैशन की आड़ मे झूठी शान दिखावा के कारण शुरू करता है और अन्ततः वो नशे की गिरफ्त मे बुरी तरह से फसता चला जाता है जिससे निकल पाना बाद में बहुत ही मुश्किल हो जाता है।महात्मा गाँधी जी ने अपने संदेश मे कहा था कि-शराब कि ओर लपकना धधकती हुई भट्ठी य बहती नदी की ओर लपकने से ज्यादा खतरनाक होता है,भट्ठी य नदी तो शरीर का नाश करती हैं मगर शराब शरीर और आत्मा दोनो को नष्ट करती हैं।मै अपने जनपद वासियों से यही अपील करना चाहती हूँ कि "नशे से सदा रहो दूर,जिन्दगी जियो भरपूर" अतःहम सबको पूर्ण नशा मुक्त समाज की स्थापना हेतु अपनी-अपनी सक्रिय भूमिका/भगीदारी सुनिशित करनी होगी तभी एक स्वस्थ्य व समृद्ध राष्ट्र का सपना साकार होगा।

### डीएम ने पोटरगंज जलभराव वाले स्थान का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान कराने के दिये निर्देश



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा रविवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने पोर्टरगंज गोंडा-लखनऊ राज्य मार्ग पर हो रहे जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षा के दौरान पोटरगंज पंजाब नेशनल बैंक से लेकर गोल्डेनफेरी मैरिज गार्डन के बीच हो जलभराव के संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल, तहसीलदार सदर, एक्सईएएन लोक निर्माण खंड -2, एई भूगर्भ जल विभाग सहित संबंधित अन्य अधिकारीगण मौके पर मौजूद रहे। साथ ही डीएम नेहा शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जलभराव वाले स्थान पर जल निकासी हेतु कार्य योजना तत्काल तैयार करके अवगत करायें। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि रोड के किनारे जितनी दूरी में जलभराव हो रहा है, वहां तक के लिए निकासी हेतु एक नाली का निर्माण कराया जाय, ताकि जलभराव वाले स्थानों को मुक्त किया जाय।

### निःशुल्क कैंप में सैकड़ों न्यूरो मरीज हुए लाभवंन्ति



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** गंगा हॉस्पिटल दुर्गापुरी में आयोजित निःशुल्क कैंप में सैकड़ों मरीज का इलाज व सिटी स्कैन किया गया। डॉ एस के मिश्रा ने बताया कि शनिवार को आयोजित इस कैंप में पीजीआई के एमबीबीएस, एमसीएच डॉ भवन नंगरवाल ने सुबह 11 बजे से 4 बजे तक न्यूरो, स्पाइन, मिर्गी, लकवा, ब्रेन स्ट्रोक स्पाइन सहित कई गम्भीर बीमारियों का निःशुल्क इलाज किया। इस दौरान 1 दर्जन से अधिक मरीजों का सिटी स्कैन की जांच भी निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी।उन्होंने बताया कि अब न्यूरो के ड्रॉक्टर पीजीआई से प्रत्येक माह में अल्टरनेट दो शनिवार को हॉस्पिटल पर उपस्थित रहेंगें।

# "स्वच्छता ही सेवा" श्रमदान कार्यक्रम का किया शुभारम्भ



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोण्डा प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार ''स्वच्छता ही सेवा-कचरा मुक्त अभियान 15 सितम्बर से पूरे देश में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दो अक्टूबर के अवसर पर स्वच्छता के लिए जन आन्दोलन उत्सव के तहत ''स्वच्छ भारत दिवस'' के रूप में मनाया जाना है, जो महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर एक श्रृद्धांजलि है। इसके तहत श्रावस्ती जनपद के विकास खण्ड इकौना अन्तर्गत स्थित सीताद्वार मंन्दिर परिसर में विधायक रामफेरन पाण्डेय, जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी/देवीपाटन मण्डल गोण्डा के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र, ने विधायक जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर ''स्वच्छता ही सेवा-2023 'कचरा मुक्त भारत'' 01 घण्टे श्रमदान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया इस दौरान आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही जीवन का मूल आधार है। किसी भी समाज के लिए स्वच्छता सामाजिक रूप से भी आवश्यक है और स्वास्थ्य के लिए भी आवाश्यक है। इसलिए साफ-सफाई अपनाकर ही बीमारियों से बचा जा सकता है। देश के मा0 प्रधानमंत्री जी के मंशानुसार महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर ''स्वच्छता ही सेवा-2023 कचरा मुक्त भारत'' कार्यक्रम को जनआन्दोलन के रूप में मनाया जा रहा है, जो बहुत ही सराहनीय है। इस इसका उद्देश्य सामूहिक स्वच्छता अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से देश भर में जन भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आगामी दिनों में जिले के सभी अस्पतालों, सरकारी कार्यालयों एवं सभी ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई की जायेगी। इस अभियान के माध्यम से विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता अपनाने हेतु जागरूक किया जायेगा। उन्होने सभी जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि जिले को साफ-सुथरा रखने के लिए 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े से जुड़कर सभी जनपदवासी स्वयं को स्वच्छता के प्रति समर्पित करें और जनपद को स्वच्छ बनाने में अपनी महती भूमिका निभायें।

## नवागत थानाध्यक्ष ने महिलाओं को किया जागरूक






**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या ।** थाना मवई क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सेवढ़हरा में नवागत मवई थानाध्यक्ष आशा शुक्ला के नेतृत्व में एंटीरोमियो टीम ने मिशन शक्ति अभियान चलाया गया।

## शतकीय पारी क्रास कर चुके बुजुर्ग मतदाताओं का तहसील में हुआ सम्मान





**संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली( अयोध्या)।** राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर रविवार को रुदौली तहसील मुख्यालय पर जीवन के 100 वर्ष पार चुके तहसील क्षेत्र के 5 बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान एसडीएम अंशिका दीक्षित द्वारा पुष्प व शाल उढ़ाकर किया गया।सम्मानित किए गए बुजुर्गों में सीवन गांव के सुखराम 108 जुनेदपुर के रामदास 102 फिरोजपुर पवारान की बुलाकन 103 भेलसर के अहमद हुसैन 101 व निर्मला 101 वर्ष का नाम शामिल है।इस दौरान एसडीएम अंशिका दीक्षित, तहसीलदार रुदौली, नायब तहसीलदार,सम्बंधित बीएलओ व हल्का लेखपाल भी मौजूद रहे।

## श्रमदान में दिखी मनमानी, स्कूलो में लटकते मिले ताले







**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा ।** रविवार को क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की प्रभातफेरी व श्रमदान किये जाने का कार्यक्रम मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित था. किन्तु कुछ ही विद्यालयों में यह फलीभूत हुआ. ज्यादातर स्कूलो में सिर्फ ताले लटकते मिले.क्षेत्र के रघुनाथपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यपिका द्वारा बच्चो संग प्रभात फेरी निकालते हुए स्वच्छता का संदेश दिया. तथा विद्यालय में छात्रों संग शिक्षक, ग्राम प्रधान आदि ने साफ सफाई भी की. किन्तु क्षेत्र के कई विद्यालयों में ताले लटकते भी मिले. मौके पर चौखड़िया खास स्तिथ प्राथमिक विद्यालय, तुलसीपुर माझा के मजरे डाली पुरवा स्थित कंपोजिट विद्यालय व दत्तनगर डीह स्थित प्राथमिक विद्यालय में ताला लटकता मिला. ना तो यहां कोई शिक्षक मिले यही हाल दत्तनगर के मरी माता मंदिर के बगल का रहा प्राथमिक विद्यालय खुला तो मगर ना बच्चे दिखे ना शिक्षक. क्षेत्र में होलापुर काजी,होलापुर तालिब, कंपोजिट विद्यालय बल्लीपुर सानी में गेट पर ताला लगा मिला.

### थाना अध्यक्ष पटरंगा ओम प्रकाश ने चलाया स्वच्छता अभियान

**संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या ।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत थाना अध्यक्ष पटरंगा ओम प्रकाश के नेतृत्व में थाने के समस्त पुलिसकर्मियों के द्वारा थाना पटरंगा परिसर की साफ सफाई की गई और क्षेत्र की जनता से अपील की गई की सभी लोग अपने-अपने आसपास की सफाई रखें। 1 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान से जुड़े यह पहल स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 की एक कड़ी है थाना अध्यक्ष पटरंगा ओम प्रकाश ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पर लिखा था की 1 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे हम एक महत्वपूर्ण स्वच्छता पहल के लिए एक साथ आगे आएंगे स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और हर प्रयास अहमियत रखता है स्वच्छ भविष्य की शुरुआत के लिए इस उत्कृष्ट प्रयास में शामिल हो स्वच्छता अभियान में उप निरीक्षक कमलेश कुमार सरोज ने बताया कि थाना अध्यक्ष पटरंगा ओम प्रकाश में पटरंगा थाने में इकट्ठा होकर स्वच्छता अभियान का संदेश दिया व बापू को उनकी जयंती पर हार्दिक श्रद्धांजलि दी स्वच्छता अभियान में संजय कुमार अंकुर कश्यप अश्विनी सब स्टाफ मिलकर स्वच्छता का अभियान चलाया ।

### विधायक और चेयरमैन ने किया श्रम दान



**नवाबगंज (गोण्डा)शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा ।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसी क्रम में कस्बे के दूधनाथ मंदिर पर मनकापुर भाजपा विधायक और पूर्व समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री एंव नगरपालिका अध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र सिंह ने श्रमदान किया।इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर और साफ-सफाई कर समाज को स्वच्छता का संदेश दियाे। विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे ने कहा कि स्वच्छता का ऐसा महत्व है कि जिस स्थान, समाज और परिवार में स्वच्छता रहती है वहां देवता निवास करते हैं। हम सभी को स्वच्छता के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि एक स्वच्छ और सुंदर भारत की कल्पना को साकार किया जा सके।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर जनपद के वृद्धजनों, वृद्ध मतदाताओं को सम्मानित किया गया



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा रविवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर तहसील सदर गोण्डा के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने जनपद के वृद्धजनों को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के उपलक्ष्य में वृद्ध व्यक्तियों / वृद्ध मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनपद में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर सभी वृद्धजनों स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया, तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी व जिला विकास अधिकारी के द्वारा आश्रम में रह रहे सभी वृद्ध पुरुष व महिलाओं को सम्मानित किया गया।

### पुलिस के हत्थे चढ़े दो वारन्टी




**संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या ।** थाना पटरंगा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो वारन्टी अभियुक्त को उनके ही घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।जानकारी के अनुसार थाना पटरंगा पुलिस अपराधियों पे नकेल कसने हेत अभियान चला रही थी कि मुखबिर की सूचना मिली कि समय पर पेशी पर न जाने वाले दो अभियुक्त अपने घर पर है।सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक कमलेश सरोज का0 सुनील पटेल मौके पर पहुँच दोनो अभियुक्त राजकुमार,रामदीन पुत्रगण प्रतापनारायण निवासी बहोरिक पुर को गिरफ्तार कर लिया।दोनो को न्यायालय भेज दिया गया है।

### स्वच्छ व सुंदर गांव का संकल्प लेकर किया गया पौधरोपण



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा,गोण्डा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से ठीक एक दिन पहले सड़क किनारे पौधरोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत हुए कार्यक्रम में गांव के पूर्व प्रधान पुत्र ने दर्जनों पौधरोपण कर स्वच्छ व सुंदर गांव का संकल्प लिया। रविवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिले के गोविंद पारा गांव में पूर्व प्रधान मनोज द्विवेदी के पुत्र आनंद द्विवेदी ने गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ मिल अशोक के पेड़ का पौधा लगाया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के स्लोगन को साथ लेकर गांव को स्वच्छ बनाना है। उनका कहना है कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती है। ऐसे में उनके सपनों को साकार करने के लिए हम सभी ग्रामवासी मिलकर गांव को स्वच्छ बनाने का संकल्प ले रहे है। उन्होंने स्वच्छ रहने व अपने आस पास के स्थानों को साफ सुथरा रखने एंव अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सचेत रहने की अपील किया।

**कार्यक्रम** स्वच्छता के लिए कार्यक्रम के आयोजन हेतु स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" कार्यक्रम के तहत जनपद गोण्डा के कार्यालय/थानों में चला स्वच्छता अभियान





**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा शासन के मंशा के अनुरूप एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता के लिए कार्यक्रम के आयोजन हेतु स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत आज दिनांक 01.10.2023 को जनपद गोण्डा के समस्त थानों कार्यालयों पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल द्वारा अधिकारियों कर्मचारियों के साथ वृहद स्तर पर श्रमदान करते हुए पुलिस लाइन परिसर में साफ-सफाई की गयी। पुलिस लाइन, बैरक व पुलिस कार्यालय की चहारदीवारी के चारों तरफ उगे घास-फूस को हटाया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को स्वच्छ रहने व अपने आसपास के स्थानों को साफ-सुथरा रखने एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सचेत रहने की अपील की। इसी तरह पुलिस कार्यालय व थानों में कार्यरत समस्त अधिक्षक कर्मचारीगण द्वारा कार्यालय परिसर में श्रमदान किया गया तथा लोगों को अपने आस-पास के वातावरण एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश देकर जागरूक किया गया।

# स्वच्छता कार्यक्रम के तहत परिक्षेत्रीय कार्यालय परिसर में किया गया श्रमदान





**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कार्यालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा 'एक तारीख,एक घंटा,एक साथ' स्वच्छता कार्यक्रम के तहत डीआईजी कार्यालय परिसर व परिसर के बाहर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा भी श्रमदान किया गया। डीआईजी द्वारा पुलिसकर्मियों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक कर स्वच्छता ही सेवा अभियान पर अपना विचार रखते हुए बताया कि आमजनमानस के अपने कुछ कर्तव्य हैं,जिनमे से अपने आसपास वातावरण को स्वच्छ रखना भी एक प्रमुख कर्तव्य एवं जिम्मेदारी है। जिसके लिए हमें एक अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है तथा हमे अपने आसपास भी गंदगी को किसी भी हालत में नही होने देना है। इसके लिए हमे निरंतर छोट-छोटे प्रयास करते रहना चाहिए। राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी ने जीवन भर स्वच्छता पर जोर दिया था और एक स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसे साकार करने के लिए भारत मे जगह-जगह एक अक्टूबर को महात्मा गाँधी जयन्ती के उपलक्ष्य में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है | इस अभियान में सभी को समय निकाल कर एक साथ एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रम दान कर इस अभियान में सहयोग करना चाहिए | इस अवसर पर पीआरओ प्रशांत मिश्रा,पेशकार जयप्रकाश सिंह, गोपनीय सहायक, मुजाहिद उस्मानी, उपनिरीक्षक अमित कनौजिया, मीडिया सेल कर्मी अजय प्रताप सिंह, नित्यानंद तिवारी सहित समस्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### जामताड़ा महाविद्यालय में फीट इंडिया हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 जामताड़ा जामताड़ा कॉलेज, के द्वारा फीट इंडिया ( 01 से 30 तक ) कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयंसेवक/सेविकाओं के द्वारा रैली के माध्यम से किया गया। 10 बजे से 11 बजे तक स्वयंसेवका 1 अक्टूबर 10 बजे से सेविकाओं के द्वारा जामताड़ा रेलवे परिसर में आरपीएफ अधिकारियों के साथ मिलकर साफ-सफाई का कार्यक्रम किया। आरपीएफ अधिकारियों के द्वारा जामताड़ा कॉलेज परिसर में 'जागरूकता अभियान' के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की जानकारियाँ दी गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. काकोली गोराई के द्वारा किया गया। सक्रिय स्वयंसेवक सेविकाओं में आकाश, नितेश, तेहसीन, श्वेता अंजली, बुलबुल, आदि उपस्थित थे।

### आरोग्य भारती जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित




**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता ,जामताड़ा** । रविवार को सुबह 10.30 बजे आरोग्य भारती जिला कार्यकारिणी की बैठक भगवना टावर में आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि प्रांत संयुक्त सचिव जय प्रकाश नाथ सिंह, मनोहर राय, संरक्षक संजय परशुरामका की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। मौके पर नई समिति का गठन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष - पोध प्रहरी मनोहर राम ,कार्यकारी डा. बिष्णु प्रसाद, संजय परशुरामका,संरक्षक रमेश सिंह, प्रयागराज अग्रवाल,संजय मंडल, सचिव पर्यावरण प्रमुख ग्रामीण उत्तम रवानी, नगर प्रमुख सुनील बाउरी ,सोशल मिडिया प्रभारी- उत्तम सिंहा को बनाया गया।

### तेज आंधी बारिश के कारण घोलजोड़ के मुख्य मार्ग पर गिरा पेड़, आवागमन हुआ बाधित



**दैनिक शुभ भास्कर,सुष्मिता कुमारी ,नाला/जामताड़ा** । तेज आंधी बारिश के कारण नाला-दुमका मुख्य मार्ग पर घोलजोड़ के समीप एक विशालकाय पीपल का पेड़ गिर जाने के कारण कुछ घंटे तक आवाजाही पूर्ण रूप से बाधित रहा। मालूम हो कि बीच सड़क में पेड़ गिर जाने के कारण सैकड़ो वाहन जाम में फंसा रहा, वहीं पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस उक्त स्थल पर पहुंचकर पेड़ को कटवा कर आवागमन सुचारू किया गया।इस अवसर पर नाला थाना के पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत राम सशस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

### हमारे बुज़ुर्ग मतदाता आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं - जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिभूषण



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के रविवार को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन/बुजुर्ग दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जामताडा शशि भूषण मेहरा ने 80+ आयु के वरिष्ठ मतदाताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही उपायुक्त द्वारा बुजुर्ग मतदाताओं को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुभकामनाएं दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर बुजुर्ग मतदाताओं के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र की आन बान और शान हमारे मतदाता हैं। कहा कि हमारे बुजुर्ग मतदाता आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने बुजुर्ग मतदाताओं से आह्वान किया कि लोगों को विशेषकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। वहीं उन्होंने 80+ आयु के वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान केंद्र तक आकर मतदान करने में असमर्थ बुजुर्ग मतदाताओं को घर पर वोट देने की सुविधा सहित मतदान केंद्रों में दिए जा रहे विशेष व्यवस्था के बारे में जानकारी दी साथ ही कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के पीछे मंशा यही हैं कि शत-प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री अनिमेष नैथानी, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री बनकर अजिंक्य देवीदास, अपर समाहर्ता सुरेन्द्र कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, उप निर्वाचन पदाधिकारी विकास कुमार राय सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# अपने गांवों, पंचायतों, शहरों को स्वच्छ रखेंगे, प्लास्टिक मुक्त बनायेंगे




**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । पुर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत रविवार को "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" अभियान अंतर्गत आज समाहरणालय जामताड़ा परिसर में जिला स्वच्छता ही सेवा जिला स्तरीय श्रमदान कार्यक्रम में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा, पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, वन प्रमंडल पदाधिकारी बेनकर अजिंक्य देवीदास, अपर समाहर्ता सुरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, जिला परिवहन पदाधिकारी अजय कुमार तिर्की, सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रधान माझी, जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण झा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक राम, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी राहुल प्रियदर्शी, जिला समन्वयक एसबीएम अनुज कुमार सहित जिले के वरीय पदाधिकारीगण ने हिस्सा लिया। इस दौरान उपायुक्त श्री शशि भूषण मेहरा के नेतृत्व में सभी अधिकारियों एवं समाहरणालय संवर्ग के कर्मियों, स्वच्छता कर्मियों आदि ने पोर्टिको होते हुए एसबीआई शाखा, मुख्य द्वार, पलाश मार्ट, एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन, डीआरडीए कार्यालय सहित पूरे समाहरणालय परिसर में श्रमदान से सफाई अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं स्वच्छता का संदेश दिया। मौके पर उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कोई साधारण अभियान नहीं है। यह देश के सभी नागरिकों से स्वैच्छिक गतिविधियों के माध्यम से श्रमदान करने का आह्वान है। इसका उद्देश्य साझा जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना और स्वच्छता को लेकर सामूहिक दायित्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इस वर्ष यह अभियान 'कचरा मुक्त भारत' के संकल्प से जुड़ा है। स्वच्छता हमारा सामूहिक दायित्व है और यह हम सबके दैनिक जीवन का अहम भाग होना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर महात्मा गांधी जी के सपनो को साकार करने के लिए अपने ग्राम पंचायतों को खुले में शौच मुक्त की स्थिति में स्थायित्व प्रदान करने की ओर पहल करने, ठोस और अपशिष्ट प्रबंधन, ग्राम पंचायत को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने, शादी विवाह या अन्य अवसरों पर पत्ते और मिट्टी के बने बर्तनों का उपयोग करने, प्लास्टिक कचड़ा से मिट्टी और पानी को दूषित होने से बचाने, घर के स्तर पर जमा प्लास्टिक को प्लास्टिक पृथक्कीकरण केंद्र में भेजने के अलावा अपने गांव और पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु शपथ दिलाया। उपायुक्त ने कहा कि हमें अपने जीवन को आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ और सुंदर बनाना है। इसके लिए हमने जो शपथ लिया है उसका भरपूर पालन भी करना है, स्वच्छता व्यक्तिगत चीज है, हम सुधरेंगे तभी जग सुधरेगा। सिर्फ एक व्यक्ति एवं सरकार के चाहने से स्वच्छता नही आयेगा, इसके लिए सभी स्तरों यथा घर, कार्यालय, सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थल, मनोरंजन स्थलों आदि में सभी के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। उपायुक्त ने स्वच्छता की भावना को मन में आत्मसात करने एवं स्वच्छता की शुरुआत अपने घरों से करने के लिए जिलेवासियों से अपील किया एवं कहा सौ बीमारी की एक दवाई साफ सफाई है। अपने गांव, शहर एवं संपूर्ण जिले को स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक बनाने में अपना महती भूमिका को निभाएं, ताकि स्वच्छ जामताड़ा एवं स्वच्छ झारखंड के परिकल्पना को साकार किया जा सके। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने सभी को इस कार्यक्रम में शामिल होने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज पूरे समाहरणालय परिसर में श्रमदान किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना है। उन्होंने आमलोगों से भी स्वच्छता के प्रति श्रमदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सब के स्वस्थ्य जीवन के लिए स्वच्छता अभियान में सभी सहभागी बनना चाहिए। हमें खुद को अपने घर के आस-पास, सार्वजनिक स्थलो, कार्यालयों, गली, मोहल्लों और शहर को रोज स्वच्छ रखने की जरूरत है, जिससे अनेकों प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। स्वच्छता को अपनी आदतों में शुमार करें ताकि घर से लेकर शहर तक स्वच्छता हो एवं सुंदरता दिखे। मौके पर उपरोक्त के अलावा अपर समाहर्ता सुरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, जिला परिवहन पदाधिकारी अजय तिर्की, सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रधान माझी, जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण झा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक राम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ, जिला कल्याण पदाधिकारी उत्तम कुमार भगत, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी राहुल प्रियदर्शी, जिला समन्वयक एसबीएम अनुज कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने दलाबड़ सहित विभिन्न जगहों में चलाया स्वच्छता कार्यक्रम



**दैनिक शुभ भास्कर,सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा** । राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नाला मंडल, खैरा मंडल आदि जगहों के सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। मालूम हो कि इस अवसर पर खैरा मंडल अंतर्गत गेड़िया स्थित कालिंजर मंदिर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खैरा मंडल अध्यक्ष निपेन सिंह ने की ।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलीप कुमार हेंब्रम, मंडल महामंत्री वरुण मंडल, जिला स्वच्छता सह संयोजक समीर घोष,बारिन सिंह, नित्यानंद भोक्ता ,राम गति सिंह, पूर्ण चंद्र मिश्र ,छोटू मंडल आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं दलाबड़ पंचायत अंतर्गत दलाबड़ काली मंदिर परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता निरंजन मंडल ने की।इस अवसर पर इस कार्यक्रम में नाला विधानसभा के युवा नेता प्रसेनजीत घोष, चंचल खां, लाल्टु घोष ,अजय मंडल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं नाला मंडल अंतर्गत चकनयापाड़ा बस पड़ाव के समीप मंडल अध्यक्ष जितेन राउत के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया ।इस अवसर पर सबों ने स्वेच्छा से श्रमदान की। वहीं नाला नीचे पाड़ा स्थित प्राचीन शिवालय कर्दमेश्वर मंदिर में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह पुर्व जिला अध्यक्ष सुकमनी हेंब्रम के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर नाला मंडल अंतर्गत चकनयापाड़ा बस पड़ाव के कार्यक्रम में युवा मोर्चा कमल पैतंडी, मुखिया प्रतिनिधि महादेव मिर्धा, युवा नेता प्रसनजीत घोष ,चंचल खां, रंजित घोष ,काजल मंडल, दुलाल राउत ,सुशील राउत ,गोविंद मंडल,सेनापति मंडल ,साधु मंडल, विनय राउत आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### डीएवी एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । डीएवी प्लस टू स्कूल जामताड़ा के एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जामताड़ा के चौक -चौराहों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया।बताते चलें कि गाँधी जयंती के अवसर पर देश में स्वच्छता पखवाड़ा केंद्र सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करना है।देश को स्वच्छ व स्वस्थ बनाना है।गंदगी हजारों बीमारियों का घर होता है। साफ सफाई से मन,घर,शरीर सब पवित्र होता है। विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने कहा कि सरकार देश में स्वच्छता मिशन चलाकर गाँधी जी के सपनों को सच में साकार कर रही है।गाँधी जी केवल सत्य अहिंसा के समर्थक नहीं थे अपितु वे एक स्वस्थ व स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना चाहते थे। अहिंसा परमो धर्मः की प्रबल भावना के साथ सबका हित चाहते थे।मन,वाणी, व्यवहार से किसी को दुख देना नहीं जानते थे। आजीवन सत्य, अहिंसा के सिद्धांतों से देश की आजादी की धार को तेज किया था।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत नगर निगम द्वारा एक घंटे का श्रम दान कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ





**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन को स्वछंजली हेतु भारत सरकार के अपील पर नगर निगम हजारीबाग द्वारा कुल 72 चयनित स्थानो विभिन्न संगठनों एवम जन मानस के भागीदारी से एकदिवसीय एक घंटे का श्रम दान कार्य क्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इसमें मुख्य स्थल गांधी मैदान, हजारीबाग झील, कर्जन ग्राउंड, एवम डीवीसी कॉलोनी था। इस श्रमदान कार्यक्रम अनेक संगठनों की सहभागी रही जिससे जनमानस के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाया जा सके। कर्जन मैदान मे नगर निगम और बीएसएफ जवान व अन्य संगठनों ने मिलकर श्रम दान अभियान को सफल बनाया इस क्रम में कर्जन मैदान एवम टैक्सी स्टैंड से कर्जन मैदान तक श्रम दान से सफाई की गई।मटवरी के गांधी मैदान में नगर निगम वसुधा कल्याण, आनंदा कॉलेज, एनएसएस, मेहरू विकास केंद्र,shg की दीदियां एवम आम जनों ने भाग लिया ।इस क्रम में गांधी मैदान के किनारे एवम दुकान के परिसर को साफ कर दुकानदारों को डस्टबिन रखने को कहा गया। झील परिसर की सफ़ाई निगम की टीम सीआईएसएफ, ओएसिस स्कूल,स्वच्छता स्वास्थ्य एवम पर्यावरण समिति के द्वारा कियागया। आज का एकदिवसीय श्रम दान कार्यक्रम नगर निगम के प्रशासक के निर्देशानुसार सहायक नगर आयुक्त अनिल कुमार पांडे, बिपिन कुमार,कार्यपालक अभियंता रमेश कुमार सिंह नगर प्रबंधक राजीव रंजन, महफूज आलम, फरहत अनीसी,आलोक नारायण, निरंजन सिंह प्रधान सहायक की देखरेख में संपन्न की गई।

## मधुपुर स्टेशन एवं सर्कुलेटिंग परिसर में गांधी जयंती के एक दिन पूर्व चलाया गया स्वच्छता अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता ,मधुपुर/देवघर** । 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मधुपुर स्टेशन परिसर एवं सर्कुलेटिंग एरिया में रेलवे पदाधिकारी, आरपीएफ एवं स्काउट एंड गाइड के बच्चों के द्वारा रविवार को प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे एक घंटा तक इस अभियान में शामिल होकर स्वच्छ भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण श्रमदान देकर देश को स्वच्छ वातावरण बढ़ाने का सहयोग किया एवं स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्वच्छता के लिए आम लोगों की सहभागिता बढ़ाना खासकर इसमें युवाओं को जोड़ना शामिल है। पूरे देश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन की एक दिन पूर्व रेलमंडल के विभिन्न स्टेशन परिसर एवं सर्कुलेटिंग एरिया रेलवे कॉलोनी में स्वच्छता के प्रति श्रमदान का कार्यक्रम किया गया। जिसमें आम लोगों की बढ़-चढ़ के सहभागिता देखी गई। श्रमदान के तहत एक वृहद कार्यक्रम एवं स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वहीं मधुपुर थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा के नेतृत्व में थाना परिसर एवं थाना के सामने रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया ।

### निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी ने मतदाताओं को सम्मानित किया

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर** । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल के द्वारा वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर , मो०असलम ,मधुपुर /देवघर** । शहर के कुंडू बंगला स्थित अग्रसेन भवन में कोचिंग एसोसिएशन ऑफ मधुपुर कैम के तत्वाधान में गाँधी जयंती के पूर्व संध्या पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के पूर्व प्रभारी प्राचार्य एन.सी .झा, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य मदन मोहन मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर होरेन हांसदा, दुम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सरफराज अहमद, वरिष्ठ अध्यापक डॉ प्रदीप झा के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता 3 ग्रुप में व 2 भाषाओं हिंदी व अंग्रेजी में हुई। जिसमें वर्ग तृतीय से लेकर स्नातक तक के करीब 70 छात्र - छात्राएं भाग लिया। सफल प्रतिभगियों में हिंदी वर्ग के ए ग्रुप में प्रथम प्रिया कुमारी ऋषिकुल क्लासेस, द्वितीय राजीव कुमार इंस्पायर क्लासेस व तीसरे स्थान पर प्रिंस कुमार दसरथ कम्प्यूटर एकेडमी को मिला। हिंदी ग्रुप बी प्रथम स्थान नेहा कुमारी इंस्पायर क्लासेस, दूसरे स्थान पर वर्षा कुमारी ऋषिकुल व तीसरे स्थान पर चाहत खान आईटीसीटी को मिला.।वही हिंदी ग्रुप सी प्रथम अनन्या आनंद इंस्पायर क्लासेस, दूसरा स्थान तन्नू कुमारी एलसीसी कम्प्यूटर सेंटर व तीसरा स्थान विवेक आंनद एक्सपर्ट कोचिंग को मिला। वही अंग्रेजी वर्ग के ए ग्रुप में श्रीधर क्लासेस के हिमांशु राज पाठक, दूसरा स्थान सुदीप राज एलसीसी कम्प्यूटर सेंटर व तीसरा स्थान सुहाना प्रवीण उड़ान क्लासेस को मिला। ग्रुप बी प्रथम स्थान आदर्श कुमार इंस्पायर क्लासेस, सिया कुमारी दसरथ कम्प्यूटर एकेडमी दूसरा स्थान व उजमा जावेद श्रीधर क्लासेस को तीसरा स्थान मिला। जबकि ग्रुप सी में प्रथम स्थान सृष्टि मुखर्जी इंस्पायर क्लासेस, दूसरा स्थान सिफ़ा कफील एलसीसी कम्प्यूटर सेंटर व तीसरा स्थान सरफराज अंसारी टारगेट कम्प्यूटर सेंटर की मिला.। मौके पर अतिथियों ने इस तरह के आयोजन करने को लेकर संस्था को शुभकामना दी है। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में कुछ करने की प्रेरणा मिलेगी। आतिथियों के द्वारा सफल बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सतीश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अंत में रेड क्रॉस के सक्रिय सदस्य मलय बोस व निशा के आकस्मिक निधन पर सभी ने एक मिनट का मौन रख कर श्रधांजलि दी। सफल आयोजन में संस्था के अध्यक्ष प्रेम पाठक, सचिव अरविन्द मिश्रा, उपाध्यक्ष सफदर इमाम, सह सचिव भूमन्यु सौरभ, कोषाध्यक्ष मो मौकिम अंसारी, सतीश शर्मा, मन्नू टारगेट , पुरुषोत्तम मिश्रा, दशरथ राणा, अंकित सरण, राहुल सरण, मो, शाहिद, मो माजिद, चंदन राणा, अंजनी शर्मा, विक्रम भोक्ता, मो आफताब आलम, मो नदीम, धीरज अक्षय, बॉबी सर, विकास शरण सदस्य उपस्थित थे।

**अभियान** प्रधानमंत्री ने कहा है कि 1 अक्टूबर को पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जाए

## पतंजलि योगपीठ ने झील परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 1अक्टूबर को पूरा देश स्वच्छता दिवस मना रहा है। योग गुरु स्वामी रामदेव की स्वच्छ भारत - समृद्ध भारत का नारा के निमित्त रविवार को हजारीबाग शहर के झील परिसर जहां नियमित योग कक्षा लगती है, इस परिसर की योग कक्षा के योग साधकों के साथ मुख्य अतिथि राज्य प्रभारी राम जीवन गुरु की उपस्थिति में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता का संदेश देते हुए राज्य प्रभारी राम जीवन पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर आह्वान किया है प्रधानमंत्री ने कहा है कि 1 अक्टूबर को पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा है कि 2 अक्टुबर गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने स्वच्छता को लेकर अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई रखें और स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को स्वच्छता के महत्व को बताएं। इस मौके पर जिला प्रभारी राम लखन साहू ने बताया कि नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हम लोग झील परिसर और पूरे शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया है। इसी अभियान को लेकर आज झील परिसर में सफाई की जा रही है उन्होंने बताया कि निरोग रखने के लिए योग शिविर का आयोजन निशुल्क किया जाता है। इस अवसर पर योगपीठ के कार्यकर्ता सुमन सौरभ ने बताया कि योग के माध्यम से सीखाना चाहते हैं कि योग केवल मन और तन की सफाई ही नहीं बल्कि विचारों की सफाई के साथ पर्यावरण की सफाई भी है। सभी नार्गरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान से जुड़कर देश को स्वच्छ और समृद्ध राष्ट्र बनाएं उन्होंने बताया कि हजारीबाग झील परिसर में निशुल्क योग शिविर रोजाना सुबह लगाया जाता है जिसमें योग के पाठ को बताया जाता है। इस मौके पर पतंजलि राज्य प्रभारी- राम जीवन पाण्डेय, पतंजलि जिला प्रभारी,हजारीबाग - राम लखन साहू, पतंजलि नगर योग प्रशिक्षक सत्येन्द्र कुमार, संतोष योग साधक सुमन सौरभ, राजा, बालेश्वर, विक्रम सिंह, प्रदीप, सुजीत मेहता, बलवंत सहित योगपीठ के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## स्वच्छ रहकर देश एवं समाज की स्वच्छता का लिया संकल्प






**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । 02 अक्टूबर गांधी जयंती के एक दिन पूर्व देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश की विकास के लिए स्वच्छता अभियान के मिशन को दृढ़ संकल्पित रूप से पुरे देश में मजबूती के साथ आगे बढ़ाया। उन्होंने इस अभियान के संबंध में पुरे देश को एक नारा दिया जिसके बोल हैं- 01तारीख 01 घंटा,एक साथ। इस मौके पर ओएसिस स्कूल के सभी सम्मानित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं और छात्र,छात्राओं ने अपनी अपनी ओर से बड़ चढ़कर अपना सामुहिक सहयोग देकर देश व समाज के लिए स्वच्छता एक उत्कृष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है और देश के नाम एक नारा दिया स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता सबका कर्त्तव्य व अधिकार है। इस क्रम में इन्होंने अपने विद्यालय परिसर एवं इसके आस पास की सफाई के साथ साथ हजारीबाग,की हृदय स्थली झील परिसर की भी व्यापक रूप से सफाई करके प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। इस कार्य में स्कूल के विद्यार्थीयों के साथ साथ NCC के छात्रों ने भी बढ़ चढ़कर इस महत्वपूर्ण कार्य हिस्सा लिया। उन्होंने स्वच्छता मिशन को सशक्त बनाने के लिए अपनी स्वेच्छा से श्रम योगदान दिया।NCC के छात्रों को इस महत्वपूर्ण कार्य में उनके सशक्तिकरण के लिए सलाम इस मौके पर इन्होंने- (गंदगी को न बढ़ने दो, स्वच्छ्ता का दृढ़ संकल्प लो) का नारा दिया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य डॉ एहसान उल हक ने छात्र,छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा स्वच्छता को बढ़ावा देकर ही स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत एवं स्वस्थ राष्ट का निर्माण किया जा सकता है। विद्यालय के सचिव तनवीर अहमद एवं कोषाध्यक्ष शब्बीर अहमद ने सभी छात्र,छात्राओं से कहा की आज के समाजिक परिवेश में स्वच्छता के महत्व को समझने एवं इसे हर स्तर पर सफल बनाने का दृढ़ संकल्प हम सबको लेना चाहिए। ओएसिस स्कूल के उप प्राचार्या एवंम C.T.O मो. इम्तियाज़ आलम ने भी छात्र, छात्राओं से इस मिशन पर अपना श्रम योगदान देते हुए कहा की गांधी जी के सपने को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा इस मौके पर इन्होंने छात्र छात्राओं से प्लास्टिक व गंदगी मुक्त भारत और स्वच्छ भविष्य का संकल्प लेने को कहा।

# ख़ास ख़बर

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर डीएम ने शतायु मतदाताओं को किया सम्मानित



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने "अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस" के अवसर पर तहसील सदर के शतायु मतदाताओं को अंगवस्त्र, पुष्प एवम् मिष्ठान प्रदान कर किया सम्मानित।जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने जिलाधिकारी कार्यालय में 01 अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर शतायु 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील सदर के शतायु मतदाताओं यथा– प्यारे लाल, श्याम लाल, विद्यादेवी सेठ, कैफरिन, जहरूल्निशां आदि को अंगवस्त्र, पुष्प एवम् मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया। वर्तमान में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 271–रुदौली में 146, 273–मिल्कीपुर में 79, 274–बीकापुर में 108, 275–अयोध्या में 63 तथा 276–गोसाईगंज में 81 शतायु मतदाता हैं।

## श्री बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय दादर आश्रम में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत कार्यक्रम आयोजित



**सिकंदरपुर,बलिया।** । गाँधी जयंती की पूर्व संध्या पर भारत सरकार द्वारा चलाएं जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत के श्री बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय दादर आश्रम सिकन्दरपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई, स्वच्छता एवं एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो उदय पासवान ने झाड़ू लगाकर कार्यक्रम का शुरुआत किया।महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में 'स्वच्छता ही सेवा है' के स्लोगन के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस एन मिश्र के नेतृत्व में स्वयंसेवको- स्वयंसेविकाओं, महाविद्यालय के कर्मचारी हरेंद्र चौधरी, सतेंद्र तिवारी, मुन्ना शर्मा,जयप्रताप, मुकुल पाण्डेय इत्यादि ने श्रमदान किया।महाविद्यालय के सभी कक्ष की सफाई की गई तथा महाविद्यालय प्रांगण की सफाई के साथ ही प्रवेश-द्वार की साफ-सफाई की गई।

## सिकंदरपुर पुलिस को मिली सफलता, दो वारंटी गिरफ्तार





**सिकंदरपुर,बलिया।** पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर भूषण वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर पुलिस को मिली सफलता।रविवार को थाना सिकन्दरपुर थानाध्यक्ष दिनेश पाठक मय हमराह पुलिस टीम उ0नि0 श्रवण कुमार सिंह,का0 मदन कुमार, का0 दीपक यादव द्वारा दो नफर वारण्टी श्रवण कुमार पुत्र मोतीलाल सा0 लिलकर थाना सिकन्दरपुर, शिवलाल पुत्र धर्मदेव राजभर सा0 चांडी थाना सिकन्दरपुर को उनके घरों से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय बलिया भेजा गया ।

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत संगोष्ठी एवं रैली का हुआ आयोजन



**सिकंदरपुर,बलिया।** सर्व सेवा संस्थान,नवरतनपुर-रसड़ी, नवानगर द्वारा ''स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा'' के अन्तर्गत कचरा मुक्त भारत के उपलक्ष्य पर स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत संगोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से ग्रमीण क्षेत्र में जाकर आम जन के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सुबह श्स्वच्छांजलीश् के अन्तर्गत संस्था के सभी कर्मचारीगण द्वारा एक घंटे का श्रमदान कर देश को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। यह स्वच्छता कार्यक्रम सबदरा प्राथमिक स्कूल, संस्था के प्रागण के आस-पास सड़क किनारे पड़ी गंदगी एवं कूड़ा की साफ-सफाई कर सम्पन्न किया गया।

# जीवन जीने की शैली है स्वच्छता, घर, गांव को स्वच्छ रखने का करें संकल्प





**संवाददाता के बी गुप्ता, बलरामपुर** । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के मौके पर नोडल अधिकारी एमडी यूपीएसआरटीसी मासूम अली सर्वर एवं जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा नगर पालिका बलरामपुर में अंबेडकर प्रेरणा स्थल तिकोनिया पार्क एवं ग्राम पंचायत फरेंदा में झाड़ू लगाकर श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। ग्राम पंचायत फरेंदा में नोडल अधिकारी द्वारा आयोजित स्वच्छता रैली में प्रतिभाग किया गया। रैली में स्कूल के बच्चों द्वारा ग्राम वासियों को स्लोगन के माध्यम से स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। एमडी यूपीएसआरटीसी द्वारा ग्राम फरेंदा में साफ सफाई एवं स्वच्छता की व्यवस्था की सराहना की गई। इस दौरान उन्होंने ग्राम में श्रमदान करते हुए झाड़ू लगाकर ग्राम वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी द्वारा ग्राम में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालय फरेंदा में आयोजित गोष्ठी में नोडल अधिकारी एमडी यूपीएसआरटीसी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर मनाया जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा में सभी भागीदार बने, इसे केवल सरकारी कार्यक्रम के तौर पर ना देखें, बल्कि इसे अपने जीवन में अपनाए। सभी अपने आसपास, अपने घरों में साफ सफाई रखें। उन्होंने कहा अपने आसपास एवं घरों में साफ सफाई रखने पर बीमारियां दूर भागती हैं तथा घरों में लक्ष्मी का वास होता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा की स्वच्छता जीवन जीने की शैली है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर मनाई जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा में सभी जनपद वासी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि सभी अपने घर,गांव,मोहल्ले को स्वच्छ सुथरा रखने का संकल्प ले। सभी यह संकल्प करें कि शौच के लिए बाहर नहीं जाएंगे तथा घर में बने शौचालय का प्रयोग करेंगे। कचरा इधर-उधर नहीं फेंकेंगे तथा गीला कचरा व सूखा कचरा अलग-अलग करते हुए कचरा इकट्ठा करने वाली गाड़ी में रखेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, डीपीआरओ, चेयरमैन नगर पालिका धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, ग्राम प्रधान फरेंदा अखिलेश सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस पर 25 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** एक अक्तूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस के शुभ अवसर पर संकल्पसंस्थान द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल फैजाबाद के ब्लड बैंक परिसर पर हुआ।।रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रयागराज के रि.मुख्य चिकित्सा अधिकारी रहे और जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ नानक शरण ने किया।।उद्घाटन कार्यक्रम में जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ विपिन कुमार, डॉ शेषाद्र श्रीवास्तव, डॉ आशीष पाठक, डॉ मंजूषा गुप्ता,काउंसलर ममता खत्री,मौजूद रहे।रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को अयोध्या के पूर्व विधायक जय शंकर पाण्डेय ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।रक्तदान शिविर में 25 रक्तदाता साथियों ने रक्तदान किया।रक्तदान करने वालो में संकल्प संस्थान के अध्यक्ष डॉ आशीष पाण्डेय" दीपू ", मो साहिल,जितेंद्र यादव,मानवेंद्र श्रीवास्तव,विकास मिश्रा,अनुज त्रिपाठी, डॉ विवेक श्रीवास्तव,अक्षत पाण्डेय,सुधीरश्रीवास्तव,चंद्रहास,राहुल यादव सहित 25 युवाओं ने रक्तदान किया।।संकल्प संस्थान के अध्यक्ष डॉ आशीष पाण्डेय दीपू ने रक्तदान करते हुए स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस पर हर युवा को रक्तदान के लिए प्रेरित और जागरूक करने की संकल्प दिलाया।

## जिले के सभी शक्ति केन्द्रों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर पूरे देश में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। जनपद अयोध्या में एक तारीख एक घंटा स्वच्छता अभियान के तहत भाजपा जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकताओं के द्वारा महानगर व जिले के सभी शक्ति केन्द्रों पर स्वच्छता अभियान चला कर स्वच्छता की शपथ ली गई। भाजपाईयों द्वारा लोगों के स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया गया। करियप्पा मंडल के पाटेश्वरी देवी मंदिर पर सांसद लल्लू सिंह ने कार्यकताओं के साथ साफ-सफाई की। मंदिर परिसर व अगल-बगल झाड़ू लगाया, घासों को साफ किया गया तथा कुण्ड की सफाई की। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने जो स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए सभी नागरिक मिल कर कार्य करें। गांधी जी के स्वप्न को को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान प्रारम्भ किया था। जो आज जन-जन का अभियान बनता जा रहा है। स्वच्छता अभियान में रवि सोनकर, अमल गुप्ता राम मिलन निषाद बृजेन्द्र सिंह, रिंकू सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# व्यक्ति स्वस्थ रहकर ही जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर सकता है :वेद प्रकाश गुप्ता



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ,पूरा बाजार अयोध्या।** सीएचसी पूरा बाजार में आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत आयुष्मान कार्ड समारोह पूर्वक वितरित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति स्वस्थ रहकर ही जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर सकता है समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहे इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने प्रत्येक पात्रों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है जो फलीभूत भी हो रहा है उन्होंने कहा कि लोगों को आयुष्मान कार्ड के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े इसलिए ग्राम सभाओ में भी कैंप लगाकर पात्रों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है । विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए हैं जिससे लोगों को लाभ भी मिल रहा है उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति समाज को नई दिशा दे सकता है इसलिए प्रदेश सरकार प्राइमरी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक विकास की गंगा बहा रही है सीएचसी अधीक्षक डा अमित वर्मा ने ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों से आग्रह किया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए पात्रों को प्रेरित करें ताकि उन्हें आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल सके। मुख्य अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता ने नवनियुक्त पांच आशा बहूओ को मोबाइल फोन भी वितरित किया तथा सीएचसी पर लगे स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण भी किया इस अवसर पर गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह पूरा मंडल प्रभारी दिनेश मिश्रा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रामप्रीत वर्मा जिला पंचायत सदस्य देवता पटेल विकास मित्तल संतोष सिंह राजेश पाठक राम अनुज सिंह अच्छेलाल निषाद ग्राम प्रधान दतौली प्रहलाद वर्मा प्रदीप सिंह सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग व स्वास्थ्य कैंप में परीक्षण करने व दवा लेने आए लोग भी उपस्थित थे।

## तमाम सरकारी कार्यालय विभागों और विद्यालय में लगे हैं कचरे के ढेर

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । आज यानी 1 अक्टूबर को कचरा मुक्त भारत स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छता के लिए 1 घंटे का श्रमदान मात्र दिखावा साबित हो रहा है। भरपूर सफाई अमला व साधनों के बावजूद शहर में सफाई नाम के लिए हो रही है। वार्डो में फैली गंदगी और हाइवे पर लगे कचरे के ढ़ेर स्वच्छता अभियान की सच्चाई उजागर कर रहे हैं। विभागों के अधिकारी नेताओं ने सुबह से ही झाड़ू लगाना शुरू कर दिया लेकिन झाड़ू उसे जगह लगाया जहां पर कोई गंदगी नहीं थी उसे जगह किसी ने झाड़ू नहीं लगाई जहां गंदगी का ढेर लगा हुआ ऐसे कचरा मुक्त भारत स्वच्छ भारत अभियान से क्या लाभ सफाई करनी है तो जी जान से करें नगर मोहल्ले गली को साफ सुथरा रखें एक दिन झाड़ू पकड़ लेने और फोटो खिंचवा देने से नगर मोहल्ला शहर स्वच्छ नहीं होगा नगर निगम के पास साधन सुविधाएं, फिर भी शहर में जिम्मेदारों की लापरवाही से कचरा मुक्त भारत स्वच्छ भारत अभियान दिखावा साबित हो रहा है। शहर में जगह-जगह गंदगी के ढ़ेरों को देखकर शहर में सफाई के दावों की सच्चाई का अंदाजा लगाया जा सकता है। नालियों की सफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जाता है। नालियां कचरे से पटी पड़ी हैं, इनके ठहरे पानी में मच्छरों के लार्वा पनप रहे हैं। लोगों का कहना है गंदगी के कारण संक्रामक रोगों का। खतरा बना है। यही है एक दिन का कचरा मुक्त भारत स्वच्छ भारत अभियान से स्वच्छ नहीं होगा जनपद जनपद में कई सरकारी कार्यालय कई विद्यालय प्राथमिक विद्यालय में कचरे का ढेर लगा हुआ है। लेकिन झाड़ू लेकर स्वच्छ अभियान चलाने वाले लोग वहां जाकर साफ सफाई नहीं करते हैं जहां करना चाहिए बस फोटो खिंचवानी है।

## प्रबंधक के साथ शिक्षकों और बच्चों ने विद्यालय परिसर में लगाई झाड़ू, स्वच्छता की ली शपथ



**सिकन्दरपुर, बलिया।** नगर के नूरजहाँ मुस्लिम गर्ल्स इण्टर कालेज में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत प्रबंधक शेख अहमद अली 'संजय भाई' और मैनेजिंग इंचार्ज नजरूलबारी के नेतृत्व में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान शिक्षकों ने छात्राओं के साथ मिलकर स्कूल परिसर में सफाई की। साथ ही विद्यालयों को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई। बच्चों को घर के आसपास साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक किया गया।इस दौरान छात्राओं ने रैली निकाली एवं नारे लगाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। छात्राओं ने नारे लगाकर आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने, सड़कों पर कचरा नहीं फेंकने का आग्रह किया। प्रबंधक शेख अहमद अली ने बताया कि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है, ताकि हमारा देश भी पूरी तरह से स्वच्छ बना रहे। मैनेजिंग इचार्ज नजरूलबारी ने बच्चों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में बताया । बच्चों को बताया कि स्वच्छता से बीमारियां नहीं फैलती हैं। स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। गंदगी से बीमारी फैलती है। इसलिये हमको अपने घर और आसपास हमेशा सफाई रखनी चाहिए। प्रधानाचार्य सन्तोष शर्मा ने कहा कि स्वच्छता को हमें अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। हमें अपने आसपास स्वच्छ वातावरण लखना चाहिए। गौहर खान, रेयाज अहमद, मनोहर, हेना कैसर, नफीसा, कनीज गौसिया, तमन्ना परवीन, नाहीद फातमा, साफिया, लैबा परवीन, राबिया सुल्ताना आदि शामिल रहे।

## विश्व हिंदू महासंघ ने चलाया स्वच्छता अभियान



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । स्वच्छता अभियान पखवाड़े के अंतर्गत गुलाब बाड़ी उद्यान में विश्व हिंदू महासंघ जिला एवं महानगर मातृशक्ति कमेटी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया वहां पर उद्यान को साफ सुथरा करके झाड़ू लगाकर वहां का कचरा कूड़ेदान में डालकर वहा पर आए लोगो को सार्वजनिक स्थानों को कचरा मुक्त रखने के लिए जागरूक किया स्वच्छता अभियान में जिलाध्यक्ष मातृशक्ति श्रीमती पल्लवी वर्मा जिला उपाध्यक्ष अमिता सिंह जिला मंत्री अमृता सिंह, शकुंतला श्रीवास्तव , सचिवएवं महानगर मातृशक्ति अध्यक्ष श्रीमती शशि रानी शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रीना द्विवेदी, सचिव शांति गुप्ता, उपाध्यक्ष पायल जैसवाल, सचिव शकुंतला गौतम, मंत्री चंदा सिंह, सदस्य कांति शर्मा, सदस्य राजकुमारी, महामंत्री सुनीता श्रीवास्तव ,उपाध्यक्ष समता शुक्ला ,आदि दर्जनों महिलाओं ने सहयोग किया।

## दहेज हत्या में वांछित दो गिरफ्तार

**संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या** । रुदौली कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित महिला सहित दो लोगों को गोहन्ना मोड़ के पास से वगिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली रुदौली पुलिस ने स्थानीय थाना पर दर्ज मुकदमा 498ए/323/304बी/506/ व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित दो लोगों लालता प्रसाद पुत्र रामधीरज,भिखना पत्नी रामधीरज निवासीगण बिजड़ी रुदौली को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार हेड कांस्टेबल राजेश यादव,सन्तोष गुप्ता, म0 का0 गीता देवी मौजूद रही।

**बैठक** संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंडल में विद्युत आपूर्ति में और सुधार किए जाने का निर्देश दिया

# आयुक्त महोदय देवीपाटन मंडल की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न



**सौरभ पांडे ब्यूरो की बलरामपुर** । देवीपाटन मंडल के आयुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंडल के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों,कानून व्यवस्था,राजस्व वसूली की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंडल में विद्युत आपूर्ति में और सुधार किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की जनमानस की विद्युत को लेकर समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। कृषि विभाग द्वारा मंडल में बीज के डीबीटी में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। आयुक्त महोदय ने कहा की मनरेगा के कार्यों की गहनता के साथ जांच की जाए। उन्होंने कहा की मंडल में बलरामपुर,बहराइच और श्रावस्ती अकांक्षात्मक जनपद में शामिल है , यहां स्वास्थ्य,शिक्षा में काफी सुधार की सम्भावना है,इसके लिए चिकित्सालयो में डॉक्टरों की उपस्थिति एवं परिषदीय विद्यालयों में शिक्षको की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा की परिषदीय विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष बच्चो की शतप्रतिश उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा की सड़को पर छुट्टा जानवर/गोवंश ना दिखे, निराश्रित गोवंश स्थलों पर क्षमता के अनुसार संरक्षित किया जाए। नगर निकाय द्वारा मंडल में विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया। गन्ना किसानों के भुगतान के लेकर उन्होंने बजाज चीन मिल द्वारा गन्ना किसानों के बकाया राशि के भुगतान में विलम्ब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ,कड़ी करवाई किए जाने का निर्देश दिया। बाढ़ प्रबंधन को लेकर उन्होंने कहा की बाढ़ से बचाव के लिए अक्टूबर माह में ही तैयारिया प्रारंभ की जाए। कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा के दौरान उन्होंने मंडल में गैंगस्टर, भूमाफिया को चिन्हित करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वन माफियाओं को चिन्हित किया जाए तथा तथा कड़ी कार्रवाई की जाए। आयुक्त महोदय ने कहा कि आगामी त्योहार नवरात्रि एवं अन्य त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्वक संपन्न कार्य जाने हेतु सभी तैयारी कर ली,रामलीला स्थल,पूजा पंडाल स्थल,विसर्जन स्थल का एसडीएम,सीओ द्वारा निरीक्षण कर लिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की अभियान चलाकर आतिशबाजी की दुकानों का लाइसेंस चेक किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की मंडल में कही भी अवैध पटाखों की दुकान संचालित ना हो,यह सुनिश्चित किया जाए। कर करेतर की समीक्षा के दौरान उन्होंने राजस्व वसूली के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रवर्तन कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया।

# स्वच्छता पखवाड़ा पर प्रमुख सचिव महोदय एवं जिलाधिकारी महोदय ने झाड़ू लगाकर श्रमदान करते हुए स्वच्छता का दिया संदेश



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के मौके पर नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास श्री अनिल कुमार सागर एवं जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह द्वारा नगर पालिका बलरामपुर में अंबेडकर प्रेरणा स्थल/ तिकोनिया पार्क एवं ग्राम पंचायत फरेंदा में झाड़ू लगाकर श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। ग्राम पंचायत फरेंदा में प्रमुख सचिव महोदय द्वारा आयोजित स्वच्छता रैली में प्रतिभाग किया गया। रैली में स्कूल के बच्चों द्वारा ग्राम वासियों को स्लोगन के माध्यम से स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। प्रमुख सचिव महोदय द्वारा ग्राम फरेंदा में साफ सफाई एवं स्वच्छता की व्यवस्था की सराहना की गई। इस दौरान उन्होंने ग्राम में श्रमदान करते हुए झाड़ू लगाकर ग्राम वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रमुख सचिव महोदय एवं जिलाधिकारी महोदय द्वारा ग्राम में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालय फरेंदा में आयोजित गोष्ठी में प्रमुख सचिव महोदय ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर मनाया जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा में सभी भागीदार बने, इसे केवल सरकारी कार्यक्रम के तौर पर ना देखें, बल्कि इसे अपने जीवन में अपनाए। सभी अपने आसपास, अपने घरों में साफ सफाई रखें। उन्होंने कहा अपने आसपास एवं घरों में साफ सफाई रखने पर बीमारियां दूर भागती हैं तथा घरों में लक्ष्मी का वास होता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने कहा की स्वच्छता जीवन जीने की शैली है । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर मनाई जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा में सभी जनपद वासी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि सभी अपने घर,गांव,मोहल्ले को स्वच्छ सुथरा रखने का संकल्प ले। सभी यह संकल्प करें कि शौच के लिए बाहर नहीं जाएंगे तथा घर में बने शौचालय का प्रयोग करेंगे। कचरा इधर-उधर नहीं फेंकेंगे तथा गीला कचरा व सूखा कचरा अलग-अलग करते हुए कचरा इकट्ठा करने वाली गाड़ी में रखेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय संजीव कुमार मौर्य,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, डीपीआरओ, चेयरमैन नगर पालिका धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, ग्राम प्रधान फरेंदा अखिलेश सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### सदर अस्पताल में सफाई अभियान चलाया गया



**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी**। सदर अस्पताल सीतामढ़ी में सुबह ठीक 10 बजे स्वच्छाग्रह सफ़ाई कार्यक्रम चलाया गया । बड़ी संख्या में अस्पताल कर्मी लगभग एक घंटा तक समूचे अस्पताल के अंदरूनी और बाहरी भाग की सफ़ाई की । इस अवसर पर प्रभारी डीएस डॉ सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि संपूर्ण देश में एक साथ इस सफ़ाई कार्यक्रम द्वारा हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि दे रहे है । अस्पताल प्रबंधक विजय झा ने कहा की सदर अस्पताल सीतामढ़ी पूरे वर्ष स्वक्छता और इसके प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाता रहता है । अस्पताल परिसर के बाहर भी एनजीओ , नगर निगम , व्यबसायी संगठन , जनप्रतिनिधि , लायंस क्लब , एनएसीसी , स्काउट एंड गाइड , स्कूल - कॉलेज आदि के साथ स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगातार कार्य कर दही है । इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर भगवान प्रजापति , सौरभ शर्मा , ओमकान्त शर्मा , समता सुनीता , लीलावती , नीरा , ममता , राजबाला , डीएमएनईओ मनीषा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

### तमाड़ के प्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान



**चंदन कुमार गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट रिपोर्टर, रांची झारखंड,तमाड़**। रविवार को तमाड़ भाजपा मंडल द्वारा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के नेतृत्व में दिउड़ी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार गत 26 अगस्त से ही भाजपा सेवा पखवाड़ा के निमित्त कई कार्यक्रम भाजपाईयों द्वारा चलाए जा रहे हैं आज रविवार को तैमारा में वीर शहीद भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति की साफ सफाई एवं माल्यार्पण तथा भारत स्वच्छता अभियान के तहत धार्मिक स्थल दिउड़ी मंदिर में साफ सफाई का कार्यक्रम चलाया गया। आज कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बडाईक, प्रवासी विस्तारक कार्यकर्ता सह नामकोम सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, सोहराई पाहान, भाजयुमो अध्यक्ष महावीर सोनी, भाजयुमो महामंत्री विवेक गुप्ता, सुरेन्द्र साहु,मदन सिंह मुंडा,हरि सिंह मुंडा, गोविंद सिंह मुंडा सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### कैसर खान को पद मुक्त करने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओ में रोष



**खूंटी**। अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला खूंटी के अध्यक्ष कैसर खान को पद से हटाने का मामला पूरी तरीका से जोर पकड़ता जा रहा है यह रोष विरोध का मामला तोरपा प्रखंड से शुरू होते हुए मुरहु प्रखंड और आज 1.10.2023 को कर्रा प्रखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई, इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा की कैसर खान को अध्यक्ष पद के हटाने पर रोष और अपना विरोध जाहिर करते हुए कहा कि जब तक कैसर खान को पुनः जिला अध्यक्ष पद नहीं दिया जाता है तब तक सभी कांग्रेसी कार्यकरता इसका विरोध जारी रखेंगे और पूरा लोकसभा क्षेत्र में इसका खामियाजा कांग्रेस को चुनाव में कहीं ना कहीं देखने को मिलेगा अगर जरूरत पड़ी तो सभी कांग्रेसी कार्य करता सामूहिक रूप से इस्तीफा भी दे देंगे और अपना जमीन तलाशने की कोशिश करेंगे इस बैठक में मुख्य रूप से ओबीसी जिला अध्यक्ष सोनू इमरान पूर्व जिला अध्यक्ष कैसर खान 20 सूत्री उपाध्यक्ष सदस्य सोहेल अंसारी अख्तर अहमद पपलू खान तौफीक अंसारी इमरान खान शहजाद खान परवेज खान प्रिंस खान अरकम हुसैन भोला खान मेराज हाफिजी आमिल अफसर रेहान अंसारी तारीख इकबाल इरफान खान रशीद खान तस्लीम अंसारी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रक्तदान जरूरतमंद के लिए संजीवनी



**विधि भट्ट / दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान**। उदयपुर कृष्णा कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज चौधरी ने बताया कि रक्तदान कर दूसरों की जिंदगी बचाने के निस्वार्थ समाज सेवा के सिलसिला को आगे बढ़ाते हुए संस्था के युवा पहुंचे राजसमंद शर्मा हॉस्पिटल जहां रिंकू कुंवर कडेचा को रक्त की आवश्यकता पड़ी डॉक्टर ने तुरंत व्यवस्था करने को कहा तभी संस्था से नारायण मेघवाल, चैन सिंह खरवड़, समाजसेवी मनोज चौधरी मौके पर पहुंचकर मौके स्थिति को देखते हुए ब्लड डोनेट किया।

स्वच्छता अभियान के तहत भाजपा ने अनुमंडल अस्पताल व मधुबनी प्रखंड में चलाया सफाई अभियान, किया श्रमदान

# विधायक राम सिंह, भाजपा नेत्री विजया सिंह ने झाड़ू लगाकर किया श्रमदान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को भाजपा संगठन जिला बगहा द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में स्थानीय विधायक राम सिंह व गंडक पार के मधुबनी प्रखंड परिसर में भाजपा नेत्री सह प्रखंड प्रमुख विजया सिंह ने सफाई अभियान चला कर श्रमदान किया। भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजया सिंह ने बताया कि प्रखंड के साथ ही बांसी अंबेडकर चौक सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाई गई। इस दौरान कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी हृदया दुबे,जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि ऋतु जायसवाल,नंदकिशोर राम, धनंजय पांडेय, भोला गुप्ता, कैलाश चौधरी, रामाशंकर चौधरी, संतोष मिश्रा, दुखी राम, संतोष कुमार ,जिला महामंत्री सुजीत चौरसिया,बगहा भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज सिंह,भूपनरायण यादव,दीपक राही ,मनोज साहू,रौशन तिवारी व भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया। गौरतलब हो कि 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती के एक दिन पूर्व यानी 01अक्टूबर को प्रधानमंत्री के अपील पर आज पूरा देश 1 घंटे का श्रमदान कर भारत को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दे रहा है।

## जिला पदाधिकारी महोदय को पांच सूत्री मांगो के साथ ज्ञापन दिया



**मधुबनी संबाददाता**। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मान्यवर चौधरी विकास पटेल जी के आह्वान पर और बामसेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम साहब के समर्थन से आंदोलन के प्रथम चरण मे आज जिला पदाधिकारी महोदय को पांच सूत्री मांगो के साथ ज्ञापन सौंपा गया और उपरोक्त के संदर्भ में हम लोग आप से निमलिखत मांग करते हैं 1महिला आरक्षण के अंतर्गत ओबीसी महिला को भी संख्या के अनुपात मे सिटे आरक्षित की जाए 2 महिला आरक्षण के अंतर्गत एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को सपरेट इलेकटोरेट के साथ लागू किया जाए 3 ओबीसी समाज को पालिटिक्स रिजर्वेशन लागु नही किया गया है इसलिए हमारी मांग को ओबीसी को संख्या के अनुपात में सेपरेट इलेकटोरेल के साथ आरक्षण लागु किया जाए 4 एससी एसटी के पालिटिकल रिजर्वेशन में भी सेपरेट लागु किया जाए पांच सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्षः-मा.चौधरी विकास पटेल के आह्वान पर किया गया। जिसमें तमाम सहयोगी संगठनों ने बढ़-चढ़कर इस चरणबद्ध आंदोलन को सफल बनाने में भाग लेंगे और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं के साथ धोखाधडी करने के विरोध में 30 सितमबर 2023 31 राजयों के 563 जिलो से महामहिम राष्ट्रपती को ज्ञापन भी देंगे।

## गांधी जी के जयंती मनाने के लिए अपने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया



**मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर**। जनाब इशितयाक आलम जिला पार्षद एवं कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता होने के नाते उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सभी कांग्रेस के शुभचिंतकों को कल हमारे राष्ट्रपिता गांधी जी के जयंती के शुभ अवसर पर अररिया जिला में गांधी आश्रम में एकत्र होकर गांधी जी का जन्मदिन जोर-शोर से एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाने का आग्रह किए हैं सभी कार्यकर्ताओं से अपील किए हैं कि कल गांधी आश्रम में आकर गांधी जी का जन्मदिन मनाना है उनके हर कार्य का जानकारी सभी को देना है क्योंकि हमारे राष्ट्रपिता एक ऐसे व्यक्ति थे जो सभी जाति को लेकर सभी धर्म को लेकर हमेशा चलते रहे देश के लिए कुर्बान हो गए इन्हीं के कार्य का नतीजा है कि आज हमारा देश आजाद देश कहा जाता है वरना इस देश में अंग्रेजों का उम्र था और रहता भी हमारे पूज्य पिता महात्मा गांधी ने देश के लिए हर मोड़ पर खड़े रहे हर जाति के लिए खड़े रहे इसलिए उनके जन्मदिन दिवस हमें जोर-जोर से मानना है।

## मुरली भरना में बाढ़ का पानी भरने सें स्थिति त्राहिमाम

**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा**। जिले के कहरा प्रखंड स्थित मुरली पंचायत के भरना गांव में बाढ़ के पानी ग्रामीणों के घरों में घुसने से स्थिति त्राहिमाम बनी हुई है। वही स्कूल के चारों तरफ बाढ़ के पानी भरने से बच्चे भी स्कूल नहीं जा रहे हैं।ग्रामीण संजीव राय, विकेश कुमार, श्याम सुंदर राय, गणेश राय,राजकुमार राय, अनीता देवी,अनिता देवी, पार्वती देवी, कविता देवी ने बताया कि मुरली भरना क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। यहां आज तक कोई भी विकास कार्य किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा नहीं किया जाता है। वहीं मुखिया विजय कुमार महतो ने बताया कि 19 हजार की आबादी वाला यह पंचायत मे लगभग 11000 मतदाता है।वही समूचे पंचायत में धेमुरा नदी का पानी चारो बगल भर जाने से खेत खलिहान सभी डूब चुके हैं। वहीं लोगों के घर घर में पानी घुस चुका है।उन्होंने बताया कि इस संबंध में अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को बाढ़ पीड़ितों के लिए फसल मुआवजा एवं राहत चलाने की मांग की गई तो अधिकारियों ने बताया कि जिले में केवल चार प्रखंड ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र माना गया है।ऐसे में कहरा प्रखंड को बाढ़ग्रस्त इलाका नहीं मानते हुए कोई भी सहायता एवं सुविधा देने में असमर्थता व्यक्त की। मुखिया श्री महतो ने बताया कि 3 साल पहले तक यहां दो जगह पर नाव चलती थी। जिसके कारण लोगों को आवागमन में सुविधा मिलती थी। उन्होंने बताया कि सरकारी नाव की सुविधा नहीं रहने के कारण गांव के बहू बेटियां पानी में घास भूसा लाने के लिए मजबूर है। वहीं अन्य ग्रामीण राजू राय, कमल राय, श्रवण पटेल, विजय कुमार, घनश्याम पटेल, मुरारी महतो ने बताया कि वार्ड नंबर आठ में पेयजल की समस्या काफी गंभीर बनी हुई है।साथ ही शौच करने में लोगो को भारी मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है।वही इस पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय योजना के तहत कोई प्रगति नहीं है। मुरली भरना में बाढ़ का पानी रहने के कारण लोग कष्ट में जी रहे हैं। वही रास्ता पर पानी रहने से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच राहत चलाने, फसल क्षतिपूर्ति देने, सड़क एवं पुल का निर्माण करने तथा आवागमन की सुविधा के लिए सरकारी नाव की व्यवस्था बहाल किए जाने की मांग की है।ज्ञात हो कि मुरली भरना से बनगांव की दुरी मात्र पांच किलोमीटर की दूरी है लेकिन पुल व सीधी सड़क नही रहने कारण लोगों को पच्चीस किलोमीटर चक्कर लगाना पड़ता है।

### श्रमदान अभियान के तहत जवानों ने की साफ-सफाई



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज**। एसएसबी 44वी वाहिनी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में श्रमदान कार्यक्रम के तहत वाहिनी मुख्यालय के मुख्य द्वार से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरकटियागंज, रेलवे प्रवेशिका स्कूल +02 नरकटियागंज का प्रांगण, रेलवे ट्रैक नरकटियागंज एवं सभी बाहरी सीमा चौकियों के कार्यक्षेत्र में मंदिर, स्कूल, सड़क, बाज़ार, कैंपस एरिया में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में वाहिनी से कार्यवाहक कमानडेंट गोविंद कुमार ठाकुर, उप-कमानडेंट हरिमेंद्र कुमार दुबे, सहित वाहिनी के अन्य बल कार्मिकों नें भारी संख्या में बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाते हुऐ कार्यक्रम को सफल बनाया।

### स्वच्छता ही सेवा के तहत चला साफ-सफाई अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज**। प्रखंड अंतर्गत चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रखण्ड समेत सभी पंचायतों में स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर में एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता, बीडीओ सतीश कुमार व लोहिया स्वच्छ के ब्लॉक कॉर्डिनेटर राम विनय प्रसाद समेत अन्य कर्मियों ने साफ सफाई किया। हालाकि पुरैनिया हरसरी पंचायत में स्वच्छता कर्मियों के हड़ताल के चलते यहां यह अभियान नहीं चलाया गया। वहीं शिकारपुर में मुखिया राहुल जयसवाल, कुकुरा में मुखिया दीपक यादव, परोराहा में मुखिया प्रभात बैठा के नेतृत्व में जगह जगह सफाई अभियान चलाया गया। इसी तरह प्रखंड के राजपुर तुमकड़िया, कुंडीलपुर, हरदीटेढ़ा, केसरिया, शेरहवा, सुगौली, बनवरिया, गोखुला, नौतनवा, धुमनगर, भसुरारी समेत अन्य पंचायतों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पंचायतों में मुखिया,वार्ड सदस्यों के साथ-साथ, पंचायत कर्मी व स्वच्छता कर्मी भी शामिल रहे।

### चुन्नीलाल कलाल महामंत्री नियुक्त



**सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान / उदयपुर**। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल प्रजापत एवं भाजपा देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष प्रेमचंद लोहार ने भारतीय जनता पार्टी देहात जिला उदयपुर ओबीसी मोर्चा का महामंत्री चुन्नीलाल कलाल को नियुक्त किया है। चुन्नीलाल कलाल पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विद्यालय प्रमुख, जिला प्रवक्ता ,जिला उपाध्यक्ष, जिला मंत्री, जिला महामंत्री पद पर रह चुके हैं। साथ ही वर्तमान में अखिल भारतीय वेगड़ा कलाल समाज, सर्व वर्गीय कलाल समाज में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। शिक्षाविद एवं समाजसेवी व आम जन तक सीधी पहुंच की कार्य शैली एवं कुशल नेतृत्व को देखकर शेष नेतृत्व ने पुनः यह दायित्व प्रदान किया है।

### लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जिताएं



**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी**। राष्ट्रीय जनता दल के तत्वाधान में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ एवं बिहार विधान परिषद के उपसभापति रामचंद्र पूर्वे जी का जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा एवं जिला प्रधान महासचिव मो जलालुद्दीन खा के नेतृत्व में जिला राजद कार्यालय में सीतामढ़ी आगमन पर अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया ! मंत्री समीर कुमार महासेठ एवं बिहार विधानपरिषद उपाध्यक्ष डॉ रामचंद्र पूर्वे , विधायक मुकेश कुमार यादव, बेलसंड विधायक संजय कुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष मो शफीक खा प्रदेश महासचिव बृजमोहन मंडल जी, वरिष्ठ नेता मनोज कुमार, सुधीर कुमार ,बाजपट्टी प्रमुख मो अफजल आलम एवं एवं पीके चौधरी को अंग वस्त्र मिथिला के पवित्र पाग और फूल माला से भव्य स्वागत किया गया समीर कुमार महासेठ व रामचंद पुर्वे ने राजद कार्यकर्ताओं से कहा की राजद को मजबूत करने के लिए सब को मिहनत करनी होगी राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव तथा बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के विजन को गांव-गांव पहुंचने की सलाह दी ।तथा आने वाले 2024 में इंडिया गठबंधन के समर्थित उम्मीदवार को भारी मतों से जीताना है।

समारोह | सनातन पाठशाला में रविवार अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन समारोह मनाया गया

## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर गोपाल कनेरिया का अभिनंदन



**विशाखा व्यास/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान**। उदयपुर तत्वावधान में सेक्टर 4 स्थित स्वागत वाटिका में आयोजित सनातन पाठशाला में रविवार अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन समारोह मनाया गया जिसमें समाज मे वृद्धजन की समाज में भूमिका और उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए समाज सेवी वृद्धजन गोपाल कनेरिया का गायत्री महामंत्र पट्टिका और श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया । समाज सेवी नरेश पूर्बिया की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने परिवार के वृद्धजन की सेवा सुश्रुषा, उनकी आज्ञा का पालन, उनके चरण स्पर्श कर प्रणाम करना और उन्हें प्रसन्न रखने का संकल्प लिया गया। डॉ शीतल जोशी द्वारा श्रीमद् भागवत गीता श्लोक अभ्यास, किशन जी द्वारा खड़ग विद्या कौशल प्रशिक्षण,संस्कार पुरोहित डॉ भूपेंद्र शर्मा द्वारा हवन और डॉ मुकेश प्रजापत द्वारा प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास करवाया गया। मोटिवेशनल स्पीकर देव्यांशी प्रजापत द्वारा सपने जरूर सच होते हैं विषय पर स्पीच देते हुए कहा कि हमें बड़े सपने देखना चाहिए और उन सपनों को साकार करने के लिए संकल्प लेकर शत प्रतिशत प्रयास करने चाहिए । संस्कृत भारती विद्वत परिषद चित्तौड़ प्रान्त प्रमुख डॉ रेनू पालीवाल ने समाज में मातृ शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वाल्मीकी रामायण आधारित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आशीष सिंहल द्वारा संचालित की गई। जिसमें कनिष्ठ वर्ग में चारवी पांचाल प्रथम, छायल पानेरी द्वितीय और भविष्यराज, हार्दिक गोयल और आर्य राणावत तीसरे स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग की सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्नेहा, द्वितीय वैदेही राणावत और तिथि शौर्या राणावत, देव्यांशी प्रजापत और मिषिका पंचाल रहे। यह जानकारी विप्र वाहिनी के प्रदेश महासचिव डॉ विक्रम मेनारिया ने दी ।

# सदर अस्पताल में जिला विधिक सेवा अधिकार यूनिवर्सिटी नागरिकता दिवस मनाया गया




**मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर, अररिया**। जिला के सदर अस्पताल में जिला विधिक सेवा अधिकार यूनिवर्सिटी नागरिकता दिवस मनाया गया जिसमें बड़े बुजुर्गों एवं बेसहारों का कई मामले सुने गए इसमें बताया गया कि कोई बूढ़े बुजुर्ग करके सहारा है घर से बेघर हो उनका मामला सुना जाता है वहीं मौके पर इस संस्था के वकील और सदा अस्पताल के डॉक्टर मूईज अन्य गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे डॉक्टर मूईज ने बताया कि हमारे अस्पताल में हर तरह की सुविधा निशुल्क है यहां पर चाहे कोई भी बीमारियां है सब का इलाज फ्री में किया जाता है और हर तरह की दवाई भी फ्री में मिलता है और हर तरह के कैंप भी लगाया जाता है अस्पताल के तरफ से हर डॉक्टर टाइम पर आते हैं हर तरह के बीमारी देखते हैं और जहां तक होता है डॉक्टर या नर्स या कंपाउंड के द्वारा अच्छा सेवा देने का कहते हैं डॉक्टर भी अच्छी सेवा देते हैं यहां के पब्लिक को किसी तरह का कोई परेशानी नहीं होना चाहिए इसके लिए का साहब भी और डॉक्टर के हमेशा सतर्क रहते हैं खासकर सदर अस्पताल के प्रबंधक विकास आनंद हमेशा सतर्क रहते हैं पेशेंट को लेकर की पेटेंट किस तरह का कोई परेशानी ना हो।

## ख़ास ख़बर

### किशनगंज इन्सान स्कूल के संस्थापक पद्म श्री डॉ सैय्यद हसन की शैक्षणिक सेवाओं को याद किया गया



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)** । इन्सान स्कूल के संस्थापक एवम किशनगंज सहित पूरे सीमांचल में शिक्षा का दीप प्रज्ज्वलित करने वाले विश्व प्रसिद्ध शिक्षाविद पद्म श्री डॉ सैय्यद हसन को आज उनके 99 जन्म दिवस पर याद किया गया। आज इंसान स्कूल के प्रांगण में एक समारोह आयोजित किया गया, जिस में उनके आदर्शों पर चलने का वचन दिया गया। इस प्रोग्राम को इंसान डिग्री कॉलेज के द्वारा आयोजित किया गया, जिस में सभी शिक्षकों, छात्रों और अभिभाविकों ने शिरकत की। इस अवसर पर पूर्व छात्रों में से खालिद सरफराजी और नन्हा मुश्ताक मौजूद थे। प्रोग्राम में गीत, सैय्यद भाई के जीवन पर डोकमेंटरी, स्कूल का तराना प्रस्तुत किया गया। प्रोग्राम को संबोधित करने वाले लोगों में रविंद्र श्रीवासताव, मोहम्मद् शौकत अली, शकीरा जमाल, शिफा सैय्यद हफ़ीज़, रज़ा सैय्यद हफ़ीज़, राजा राम प्रसाद अदि के नाम शामिल हैं।कोमेल अहमद , जहांगीर अली ने गीत सुनाया। मंच संचालन कोमेल अहमद ने किया। इस अवसर पर इन्सान स्कूल एवम इन्सान कालेज प्रांगन में पोधारोपन भी किया गया। अंत में उनके लिये सब ने दुआ की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कि। बहरहाल इस अवसर पर लोगों ने कहा कि किशनगंज जिला समेत पूरे सिमांचल में शिक्षा का अलख जगाने एवम इस क्षेत्र के शैक्षणिक पिछड़ेपन को दूर करने में स्वर्गीय सैयद हसन साहब का नाम इतिहास के सुनहरे अक्षरों में लिखा जायेगा। लोगों ने उम्मीद जताई और खुशी जाहिर किया कि उनके नक्शे कदम पर चलते हुए उनके पुत्र आज जिस प्रकार शैक्षणिक कार्य में व्यस्त हैं आगे भी उनके पुत्र शिफा सैयद हफीज एवम रेजा सैयद हफीज किशनगंज जिला एवम सिमांचल में शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह कारनामा अंजाम देंगे। और किशनगंज जिला का नाम पूरे देश एवम दुनिया में रौशन करेंगे।

### जिला मंगल मिलन आयोजन समिति की बैठक




**मोतिहारी अशोक वर्मा** । हिंदू नवजागरण मंच के जिला मंगल मिलन आयोजन समिति कि बैठक जिला कार्यालय श्री नरसिंह बाबा मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं जिला उपप्रधान शंभू प्रसाद जायसवाल ने की। आयोजन समिति के सचिव संजय कुमार तिवारी ने कहा कि मंच ने समाज को संगठित करने एवं अपनी समस्याओं का समाधान ग्राम एवं नगर स्तर पर करने हेतु मंगल मिलन का अभिनव प्रयोग किया है जो प्रत्येक मंगलवार को अपने ग्राम मुहल्ले में आयोजित किया जाता है। वर्ष में एक बार जिला मंगल मिलन किया जाता है जो इस बार 31 अक्टूबर को मोतिहारी नरसिंह बाबा मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा । जिला मुख्य कार्यकारी दिनेश कुमार ने कहा कि बैठक में जिला मंगल मिलन कि सफलता हेतु संख्यात्मक एवं व्यवस्थापक विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में पांच सौ गांवों से पांच हजार लोगों के उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है। अध्यक्ष शंभू प्रसाद जायसवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंडाल, भोजन, स्वागत, प्रचार, स्वच्छता ,कोष आदि विभागों के प्रमुख की घोषणा की। धन्यवाद ज्ञापन मुरारी शरण पांडे एवं संचालन राममनोहर ने की। बैठक में जिला प्रधान रमाकांत शर्मा शास्त्री,प्रो शोभाकांत चौधरी,राजनारायण तिवारी, आंनद केशरी,संदीपानंद जी, चंद्रिका सिंह,अमित कुमार, राजेश्वर प्रसाद सिंह, त्रिलोकी नाथ चौधरी,मुना श्रीवास्तव, अरविंद कुमार जायसवाल, ओमप्रकाश सिंह, रामेश्वर यादव,अनिल गिरी,रुमीत रौशन,दीपक कुमार,ऋषभ मिश्रा, संतोष पासवान, सत्येन्द्र सिंह,मनीष शाही, गोविन्द श्रीवास्तव,चंदन पांडेय,रवीश पाठक,विजय उपाध्याय, शिवशंकर प्रसाद,रामविनोद राय, रामेश्वर पंडित, शिव साह, उचित नारायण झा आदि उपस्थित थे।

# यहां के गरीबों के आंखों में मैने राम का दर्शन किया था



**मोतिहारी, डा०नंद किशोर साह वरिष्ठ संवाददाता** । गांधी जी भले हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी विचारधारा और स्मृतियाँ आज भी मौजूद है। आज भी, गाँधी जी की पसंदीदा जगहों पर देश-विदेश के लोग उन्हें महसूस करने आते है। चम्पारण का गाँधी की राजनैतिक जिन्दगी में निसंदेह बहुत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। गाँधी जी ने स्वंय बार-बार स्वीकार किया है कि चम्पारण ने ही उन्हें हिन्दुस्तान से परिचय कराया। बापू की कर्मभूमि चम्पारण की पवित्र धरती भारतीय इतिहास के पन्नों पर सादगी और सौहार्द के लिए स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। यहाँ केवल महानेता ही नहीं बल्कि देवी-देवता भी जन्म लिये है। साहित्यकारों ने इस महानगरी की प्राकृतिक सुन्दरता पर अथक कलम चलाया है, यहाँ की नदियों में अपनी लेखनी डूबो-डूबो कर साहित्य की मेढ़ बनाई है। उपनिवेषिक शासन से पीड़ित ग्रामीण भारत में शोषित किसान परिवारों के पक्ष में अहिंसात्मक सत्याग्रह की शुरूआत महात्मा गाँधी द्वारा चम्पारण में हुई थी। मानवीय मुल्यों से परिपूर्ण हमारी आजादी की लड़ाई में चम्पारण के प्रसंगों का विलक्षण महत्व रहा है। महात्मा गाँधी को बुद्धिजीवी, किसान, श्रमिक वर्ग के साथ-साथ सत्याग्रही, समाज सेवी आदि अनेक क्षेत्र के लोगों के विचारों पर बड़ा गहरा प्रभाव पड़ा। गाँधी जी ने अंग्रेजी शासन में निलहों के अत्याचार से पीड़ित, षोशित यहाँ के किसानों व आम लोगों के अन्दर चम्पारण की मिट्टी के गुण को जागृत कर अंग्रेजों को सात समुन्दर पार खदेड़ दिया। नील की खेती का काला अध्याय चम्पारण के इतिहास की पहचान है। षुरूआत व्यापारी से जमींदार बनें अग्रेजों ने बेतिया राजा से तालमेल कर संयुक्त चम्पारण की लगभग आधी भूमि को अपने अधीन कर लिया, जिन पर वे नील की खेती कराते थे। तीन कटिया कानून बनाया। तब प्रति एक बीघा जमीन पर तीन कट्ठा नील की खेती करना किसानों के लिए अनिवार्य हो चला था। उपर से चालीस कर भी जबरन थोंपे गये थे। कानून नहीं मानने का परिणाम क्रूरता का नंगा नाच था। सन् 1892 में हुए सर्वेक्षण के अनुसार चम्पारण में नील के 21 कारखाने थे। तब लगभग 9,570 एकड़ भूमि में नील की खेती होती थी। 1906 में किसानों ने उपद्रव षुरू किया।ढ़ाका थाना क्षेत्र के तेलहरा कोठि के प्रबंधक ढ़लूम फील्ड की हत्या कर दी गयी। साठी में शेख गुलाब के नेतृत्व में किसानों ने सभा कर संघर्श का एलान किया। कोटवा के जसौली पट्टी गाँव निवासी बाबू लोमराज सिंह, शीतल राय आदि भी रैयतों को संगठित कर रहे थे1908 में परसा, भलहिया, बैरिया और कुड़िया कोठी में नीलहों पर हमले हुए। प्रतिरोध में आम लोगों के खिलाफ 57 मुकदमें दर्ज किये गये। इसमें कुल 226 को सजा हुई। किसान स्व0 शीतल राय को 30 माह की कैद व अन्य से तीस हजार रूपये सामूहिक जुर्माना वसूला गया। 1914 में बाबू लोमराज सिंह ने पीपराकोठी के मैनेजर नार्मन के खिलाफ उस समय के कमिष्नर को लगभग सात सौ किसानों का एक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा था। वहीं पंडित राज कुमार षुक्ल नील के दागदार धब्बे से किसानों को मुक्त कराने के लिए इस मुददे को विभिन्न मंचो पर उछालते रहे। उन्होनें 1915 में छपरा के प्रान्तीय सम्मेलन के मंच से रैयतों की पीड़ा से लोगों को अवगत कराया। दिसम्बर, 1916 में पंडित राज कुमार षुक्ल ने लखनऊ में आयोजित भारतीय राश्ट्रीय काँग्रेस के अधिवेषन में भी इस मुदद् को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, पं0 मदन मोहन मालवीय व गाँधीजी के समक्ष रखा। फिर पंडित षुक्ल साबरमती आश्रम गये और गाँधीजी को लेकर पटना, मुजफ्फरपुर होते हुए 15 अप्रैल 1917 को अपराह्न 3:00 बजे चम्पारण के मोतिहारी रेलवे स्टेषन पर उतरें। उनके आगमन से चम्पारण के किसानों के हृदय में धधकती ज्वाला को मानों हवा मिल गयी। गाँधीजी के साथ बाबू धरनीधर और बाबू रामनवमी प्र0 वकील आये थे। उनके साथ गाँधीजी ने दूसरे ही दिन किसानों की समस्याओं की पड़ताल शूरू कर दी। महात्मा गाँधी जब शहर के धर्म समाज चैक स्थित गोरख बाबू के मकान में ठहरे थे उसी समय बाबू लोमराज सिंह ने यहाँ के किसानों के दर्द से उन्हें अवगत कराकर जसौलीपट्टी ले जाने को तैयार करा लिया। दूसरे दिन हाथी पर सवार होकर गाँधीजी अपने वकीलों के साथ जसौलीपट्टी के लिए प्रस्थान कर रहे थे। इसी बीच चंद्रहिया पहुँचते ही उन्हें नोटिस मिली, जिसमें तत्कालीन कलक्टर डब्ल्यू0बी0 हैकाक ने उन्हें जिला छोड़ने का आदेष दिया था।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चला सफ़ाई अभियान



**सिकंदरपुर,बलिया।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत देश के पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि अर्पित करने के लिए रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर के प्रांगण में पूर्व विधायक व भाजपा जिला अध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान चलाया। वही नगर पंचायत सिकंदरपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय जायसवाल के नेतृत्व में सभासद व भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई किया। तहसील प्रांगण में उप जिलाधिकारी सिकंदरपुर रवि कुमार पासवान व क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष प्रांगण में थानाध्यक्ष दिनेश पाठक, बस स्टैंड चौराहे पर ट्रैफिक इस्पेक्टर रुद्र प्रताप मल्ल, बीआरसी कर्मियों, पूर्व माध्यमिक विधालय के शिक्षको ने जगह जगह श्रमदान कर साफ सफाई किया। इस दौरान पीएम की अपील पर भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय यादव ने भी रविवार को सिकंदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में भाग लिया और झाड़ू लगाकर श्रमदान किया. इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारा दायित्व होता है कि हम अपने तीर्थों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखें।

### उत्कृष्ट पत्रिका के लिए "गांधी स्मृति सम्मान से फरहान अहमद को किया गया सम्मानित



**वाराणसी।** गाँधी जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को बीएचयू स्थित सामाजिक विज्ञान संकाय के संबौधि सभागार में आयोजित प्रो. हरिहर नाथ त्रिपाठी फाउंडेशन द्वारा महात्मा गांधी जी का राष्ट्र निर्माण में क्या भूमिका थी, उसपर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो जोशी ने किया। कार्यक्रम के दौरान निडर, निर्भीक, निष्पक्षता का समाज में अहम योगदान देने के लिए "पत्रकार" फरहान अहमद को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम आयोजक व फाउंडेशन के सचिव डॉ क्षेमेन्द्र मणि त्रिपाठी ने फरहान अहमद को सम्मानित करते हुए कहा समाज में आपके द्वारा किये गये उत्कृष्ट सेवा एवं योगदान को अंगीकृत करता है तथा आपके द्वारा इन सराहनीय कार्यों एवं चुनौतीपूर्ण दायित्व के लिए प्रो हरिहर नाथ त्रिपाठी फाउंडेशन आपको महात्मा गाँधी जी के जयंती के अवसर पर गाँधी स्मृति सम्मान से सम्मानित करता है।

## कला, संस्कृति, नाटक तथा वास्तुकला के अध्ययन के लिये जानी जाती है ब्रिटेन की लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी



**अली रेजा सिद्दिकी, किशनगंज** । अंग्रेज़ी के विश्वविख्यात नाटककार शेक्सपीयर ने किस प्रकार मैकवेथ, ओथेलो और मच एडू अबाउट नथिंग जैसे नाटकों को शब्द दिये। कैसे विलियम वड्सर्वर्थ ने इंग्लैंड की प्राकृतिक छटा को अपनी कविता का हिस्सा बनाया, इन्हें यदि ठीक से समझना हो तो उसी धरती पर उतरना होगा जहाँ ये भाषा जन्मी और जहाँ ये कवि जन्मे। पिता की इस इच्छा को अमली जामा पहनाया ठाकुरगंज के एक लाल ने। शालीन भारतीय जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी साहित्य में बी.ए. आनर्स तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ से अंग्रेज़ी साहित्य में ही एम.ए. एवम् एम.फिल. की है, आज उच्च शिक्षा के लिये ब्रिटेन की लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी पहुँच गये हैं। शालीन के चाचा सुभाष कुमार यादव ने बताया कि वहाँ इनका प्रवेश 'मास्टर इन जेन्डर स्टडीज एण्ड इन्गिलश' में हो गया है। कल रात इनके पिता एवं माता ने नयी दिल्ली के इन्दिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन पर ब्रिटेन के मैनचेस्टर विमानपत्तन के लिये शालीन को विदा किया। ध्यातव्य है कि शालीन के पिता डॉ. प्रमोद भारतीय स्वयं एक संवेदनशील साहित्यकार हैं और कई भाषाओं में वर्षों से लिखते रहे हैं। डॉ. भारतीय ने बताया कि साहित्य शालीन को न केवल माता-पिता से विरासत में मिला है बल्कि यह उसके रक्त में भी रचा-बसा है। शालीन के पितामह स्व. माणिक चन्द्र यादव अपने समय में गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस की चर्चाओं में न केवल रस लिया करते थे बल्कि नित्य इनकी चौपाइयों का सस्वर पाठ भी किया करते थे। डॉ. भारतीय के अग्रज और नगर के वरिष्ठ समाजसेवी विनोद यादव ने बताया कि ब्रिटेन के जिस लंकाशायर में अवस्थित लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी में शालीन अंग्रेज़ी साहित्य के अध्ययन के लिये पहुँचे हैं, आज से 75 साल पहले अपने परिवार के ही एक सदस्य जोगेश्वर प्रसाद यादव भी मायनिंग इन्जीनियरिंग की पढ़ाई करने के लिये गये थे। आज परिवार में इतिहास ने अपने को दुहराया है।इस अवसर पर समाज सेवी सुमित यादव उक्त परिवार को बधाई दी एवम शालीन भारतीय के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### मदरसा बरकते अरशद परिसर में प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, मो असलम ,मधुपुर/ देवघर** । मधुपुर शहर के बड़बाद मोहल्ला स्थित मदरसा बरकते अरशद कैंपस में अल बदर टूर्स एंड ट्रेवल्स मधुपुर ब्रांच के तत्वाधान में हज्जे उमरा पर जाने वाले को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि मैन ब्रांच पुणे के डायरेक्टर मौलाना गुलजार सकाफी एवं हजारीबाग ब्रांच के मशहूर शायर हाजी जफर अकील उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत हजरत मौलाना सरफुद्दीन ने कुराने पाक की तिलावत से की।वहीं ट्रेनर हजरत मौलाना हाजी यासीन फैजी, मौलाना सनाउल्लाह अजहर कादरी ने हज्जे उमरा पर जाने वाले जाईरिन को हज से मुतल्लिक सारे अरकान को बारीकी से बताया साथ में एहराम बांधने की तरीका के बारे में तफसील से जानकारी दी। मौके पर मेन ब्रांच पुणे के मुख्य अतिथि हजरत मौलाना गुलजार सकाफी ने संबोधित करते हुए कहा हज्जे उमरा का पहला फायदा यह है कि वह हाजी को बुराई से बचाता है। इसकी तैयारी और इसराफ व फजूल खर्ची मालो वक्त से बचने से रोकता है। उन्होंने कहा क्योंकि हज एक ऐसी इबादत है जिसकी हर अदा इस जमील व वकादर मतलक और महबूब ए बरहक के इसको मोहब्बत के जज्बे का इजहार करती है। हजरत मौलाना जफर अकील ने कहा हज इंसानी मसावात का वह पैगाम देता है जिसकी सदा एक तरफ बंदे मोमीन के दिल में गूंजती है। अल बदर टूर्स एंड ट्रेवल्स ब्रांच मधुपुर के डायरेक्टर मौलाना अब्दुल अजीज शामिल है।मौके पर सभी जाने वाले उमरा हज को अल-बदर टूर्स एंड ट्रेवल्स के द्वारा बैग उपलब्ध कराया गया साथ में हज से मुतल्लिक किताबें भी दी गई। इस मौके पर शायरे इस्लाम जावेद अख्तर फैजी मौलाना इम्तियाज जमामे नूर हाजी वसीम अहमद अकील अहमद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### 4 हाजी हज्जे उमरा कर के पहुंचे मधुपुर, स्वागत में उमड़ी भीड़



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता,मधुपुर/ देवघर** । चार हाजी हज्जे उमरा करके कोलकत्ता से अकाल तख्त एक्सप्रेस ट्रेन से रविवार को मधुपुर स्टेशन पहुंचे। जहां स्टेशन पर उनके चाहने वालों ने फुल और माला पहनाकर स्वागत किया।स्वागत करने के लिए मधुपुर स्टेशन में लोगों की भीड़ उमडी। सभी हाजी गिरिडीह जिले के गांडे थाना के रहने वाले हैं। जिनमें दो पुरुष, दो महिलाएं शामिल है। वही ट्रेन से उतरकर मधुपुर रेलवे स्टेशन पर हाजीयों ने एक साथ मुल्क में शांति और अमन चैन की दुआएं मांगी। वहीं उमरा से वापस आने वालों में गिरिडीह जिले के गांडे थाना के मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद गफ्फार, शहीदन बीवी, मेहरुन निशा सभी जिला गिरिडीह थाना गांडे के रहने वाले है। मौके पर मोहम्मद मेराज, मोहम्मद इशितयाक, मोहम्मद शौकत, मोहम्मद मुस्ताक, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद आताउल, मोहम्मद रफायत मोहम्मद मुख्तार समेत दर्जनों चहने वाले लोग उपस्थित थे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मधुपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता ,मधुपुर/ देवघर** । स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत 1 अक्टूबर रविवार को सुबह 10:00 से 11:00 बजे तक एक घंटा महात्मा गांधी जयंती के एक दिन पूर्व मधुपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई अभियान चलाया गया। पूरे भारतवर्ष में चल रहे एक समय पर स्वच्छ अभियान के तहत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार भारी बारिश में भी स्वच्छता अभियान चलाया। मौके पर विधायक स्वास्थ्य प्रतिनिधि मौ० शाहिद,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष फैयाज केशर, स्वास्थ्य कर्मी नीरज कुमार, मरियम मरांडी चाँदनी कुमारी और महिला आरोग्य समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और शहरी सहिया उपस्थित थे।

दर्जा | आज कमरतोड़ महंगाई और बेरोजगारी से गरीबों का जीना मुहाल हो गया है

## वास -आवास और रोजगार के अधिकार को मौलिक संवैधानिक का दर्जा दिया जाए - वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता





**अशोक वर्मा, मोतिहारी** । अखिल भारतीय खेत एवम ग्रामीण मजदूर सभा का प्रथम जिला सम्मेलन आज कॉमरेड केदार प्रसाद सभागार,कॉमरेड रामप्रताप पासवान मंच नगर भवन मोतिहारी में संपन्न हो गया। सम्मेलन की शुरुआत कॉमरेड मोहन राम ने झंडोतोलन करके किया।तत्पश्चात शहीद व दिवंगत साथियों को एक मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीतलाल सहनी,मोहम्मद इसराफिल,राकेश मुखिया, देवंती देवी और उपेंद्र सहनी की अध्यक्षमण्डली ने की। सम्मेलन का उदघाटन करते हुए मुख्य अतिथि खेग्रामस के राज्य अध्यक्ष सह भाकपा माले विधायक कॉमरेड वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अब यह बात दिन के उजाले की तरह साबित हो गया है कि केंद्र की मोदी सरकार गरीब और मजदूर विरोधी है।इस सरकार की नीतियां अपने पूंजीपति मित्रों अंबानी - अडानी को फायदा पहुंचाने और देश को लूटनेवाली है।आज कमरतोड़ महंगाई और बेरोजगारी से गरीबों का जीना मुहाल हो गया है।जिस मनरेगा कानून को ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों ,मजदूरों को रोजगार और उचित मजदूरी देने के लिए खेत मजदूरों ने लंबी लड़ाई से हासिल किया था।आज उसे मोदी सरकार धीरे धीरे फंड कटौती कर समाप्त करने की साजिश में लगी है।उस कानून में प्रावधान है की तय न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी नहीं दी जाएगी ।यह सरकार उसका भी उल्लंघन कर रही है।राष्ट्रीय स्तर पर अकुशल मजदूरों के लिए प्रतिदिन 429 रुपए मजदूरी अभी तय है लेकिन केंद्र सरकार बिहार में मनरेगा योजना में मात्र 228 रुपए मजदूरी देकर कानून का खुलेआम उल्लंघन कर रही है जो घोर अपराध है।मजदूर इस मेहनत की लूट को बर्दाश्त नहीं करेंगे।2024 के चुनाव में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। आज जिस बुलडोजर राज की शुरुआत यूपी से हुआ था उसका प्रयोग पूरे देश में किया जा रहा है।गरीबों के घरों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए ध्वस्त किया जा रहा है।यह घोर अन्याय है ।इसे रोकने के लिए देश में नया वास आवास कानून बनाने की जरूरत है।हाउसिंग राइट कानून बनाकर संवैधानिक दर्जा दिया जाए।मोदी सरकार ने 2022 तक सबको आवास देने का वादा किया था वह धोखा साबित हुआ है।करोड़ों परिवार आवास विहीन हैं। आगे उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिला आरक्षण कानून में समाज के वंचित पिछड़े,दलित,अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं करके वंचित समुदाय के अधिकारों की हकमारी किया है।मनीपुर से लेकर पूरे देश में महिलाओं,दलितों,आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर जुल्म बढ़ा है।सभी लोगों को एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है।

## हिन्दू राष्ट्र संगठन का 11वां स्थापन का किया गया भव्य आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ , रूपेश मिश्रा** । हिन्दू राष्ट्र संगठन का 11वाँ स्थापना दिवस पूरे भारत में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इसी कड़ी में कटिहार बैगना नवनीत नगर स्थित जिला कार्यालय के प्रशाल में 11वाँ स्थापना दिवास का भव्य आयोजन किया गया। इस स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुराग कश्यप ने किया। आयोजन का श्री गणेश मुख्य अतिथि वीरांगना श्रीमति आरती चौधरी कोषाध्यक्षक भाजपा जिला महिला मोर्चा विशिष्ठ अतिथि श्रीमंत मिथुन कुमार यादव प्रदेश सह प्रभारी बिहार ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस स्थापना दिवस कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य ललित कुमार जिला प्रभारी के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती आरती चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित हिन्दू महापरिवार को संबोधित करते हुए कहा कि भारतवर्ष में बहुसंख्यक सनातनी आपसीं भेद भाव से ग्रषित हो कर कमजोर होता जा रहा है साथ ही हम सब अपनी संस्कृति को भूल कर पश्चमी सभ्यता को अपनाने लगे हैं जिससे सनातन संस्कृति स्नेह धुमिल की कगार पर पहुंचने लगा है ।यह एक गंभीर चिंता का विषय है । जबकि पश्चिमी संस्कृति के लोग जब भारत धरा पर आते हैं तो प्रभु राम और श्री कृष्ण के द्वारा बताए गए सतमार्गों की ओर आकर्षित होते हैं। उदाहरण के तौर पर जब हम मथुरा और वृंदावन जैसे पुण्य धरा पर जाते हैं तो स्पष्ट तौर पर देखने को मिलता है की यह पश्चिमी देश से शांति की तलाश में आए हुए पर्यटक भारतवर्ष में आकर हमारी सनातन संस्कृति एवं आचार विचार के रंगों में रंगे हुए दिखाई पड़ते हैं । इसलिए सनातन की रक्षा एवं इसकी सभ्यता संस्कृति के बारे में गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता ही नहीं अपितु इस धरोहर को सजोने हेतु हम सभी सनातनी को मिलकर संगठित होना होगा और इस अति पौराणिक सभ्यता की रक्षा करनी होगी । कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि श्री मिथुन कुमार ने कहा की राष्ट्रीय हिंदू संगठन सनातन की धूमिल होती संस्कृति की रक्षा एवं टुकड़ों में बाटे हिंदू समाज को एक जुट करने तथा भारतवर्ष को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के निहित लगातार कार्य कर रहा है और अब धीरे धीरे इसका असर भी दिखने लगा है जिसके परिणाम स्वरूप सनातनी जागृत हो रहे हैं एवं बिखरे हुए हिंदू समाज अब संगठन की ओर अग्रसर होते हुए संगठित भी हो रहा है। जिस दिन या टुकड़ों में बटा हुआ हिंदू समाज संगठित होकर एक विशाल परिवार के रूप में खड़ा हो जाएगा उसी दिन भारतवर्ष को हिंदू राष्ट्र होने से कोई नहीं रोक सकता। वहीं अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्षक अनुराग कश्यप ने कहा कि भारतवर्ष हिन्दू राष्ट्र ही था परंतु हम हिदुओं की लापरवाही एवं पश्चमी संस्कृत के प्रति आकर्षण के प्रणाम स्वरूप हिन्दू टुकड़ो में बंटता गया और आतताई ने इसका लाभ उठाते हुए हिंदुओं में फूट डालने का कुत्सित कार्य किया और सैकड़ो वर्षों तक भारतवर्ष गुलाम रहा और जब यह देश आजाद हुए तब तक हिन्दू राष्ट्र विलुप्त हो चुका था। उन्हों ने उस खोई महान संस्कृति को पुनः स्थापित करने हेतु सनातनियों को संगठित होकर हिंदुराष्ट्र स्थापित करने हेतु जागृत होने का आह्वान किया। जिला प्रचारक श्रीमंत अतुल आनंद ने अपने ओजस्वी संबोधन से उपस्थित सनातनियों के अंतरात्मा को झकझोर दिया एवं कहा कि अब बहुत देर हो चुकी है इसलिए उठो हिंदुओ सभी भेद भाव को मिटा कर एकजुट हो और विलुप्ति की ओर अग्रसर सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु मिलकर हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य करने का निवेदित आग्रह किया। इन अभिभाषणों के बीच जोश और जागृति का संचार होता दिख रहा था और लगातार पूरा प्रशाल जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान होता रहा। जिला प्रवक्ता शिव राय ने गर्मजोशी से हिदू समाज के आपसीं भेद भाव को मिटाकर एक जुट होने का संदेश दिया ।

# खास ख़बर

## जल निगम की मोटर जलने से कस्बा वासी पानी के लिए परेशान



**शुभ भास्कर, बबुरी, चंदौली।** बबुरी कस्बा में लगभग 10 दिन से दो मोटर जल–निगम का जलने की वजह से पानी की दिक्कत से कस्बा वासी परेशान हैं, वहीं समाजसेवी श्री प्रकाश सोनिया ने बबुरी जलनिगम की दोनों मोटर जल जाने के कारण पानी की समस्या पिछले लगभग दस दिनों से बनी हुई थी, इस संबंध में जे ई और अन्य अधिकारियों से वार्ता करने पर ये पता चला कि अभी कल शाम तक मोटर आ पाएगी और सुचारू रूप से जल का संचालन परसों सुबह से हो पाएगा।

## स्वच्छता को लेकर नगर के लोगों को किया जागरूक



**चकिया चन्दौली।** आदर्श नगर पंचायत चकिया चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने स्वच्छता अभियान के तहत नगर के लोगों को जागरूक करने के लिए नगर के प्राचीन काली जी के पोखरा पर श्रमदान करते हुए नगर के लोगों को जागरूक किया तथा बताया की अपने आसपास सभी लोग साफ सफाई रखे जिससे सभी जगह सफाई हो जाएगी तथा सफाई व्यस्था सुनिश्चित हो पायेगी इस दौरान प्रमुख रुप से श्रमदान मे नगर पंचायत चकिया के कर्मचारी व नगर के प्रबुद्धजन मौजुद रहे।

## संघर्ष और संगठन के बदौलत देववंशी पटवा समाज बनेगा ब्रांड



**चंदौली।** अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज की ओर से रविवार को बबुरी कैम्प कार्यालय पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन को मजबूती देते हुए पदाधिकारियों का गठन और जन जागरण रथ यात्रा को लेकर चर्चा किया गया। अंत में राष्ट्रीय महामंत्री आकाश पटवा के जन्म दिन पर समाज को संगठित करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार देववंशी ने कहा कि संघर्ष और संगठन के बल पर देववंशी पटवा समाज पूरे प्रदेश में ब्रांड बनकर उभरेगा। आगामी दिनों 17 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक पूरे प्रदेश में देववंशी पटवा समाज का जन जागरण रथ यात्रा कार्यक्रम सामाजिक और राजनैतिक पहचान के साथ समाज को एक संबल प्रदान करेंगा। वही वाराणसी महानगर अध्यक्ष विक्रम देववंशी ने समाज के युवाओं को सोशल मिडिया से लेकर प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मिडिया तक समाज का परचम फहराने का आवाहन किया। अंत में जिलाध्यक्ष बिनोद पटवा के नेतृत्व में बबुरी नगर ईकाई का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जितेन्द्र पटवा,महामंत्री शिवकांत उर्फ बबलू पटवा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक पटवा, संगठन मंत्री दासी पटवा, अनिल पटवा कोषाध्यक्ष व संरक्षक मंडल में बुद्धिराम पटवा, हरिश्चन्द्र पटवा, लक्ष्मन पटवा, सत्यदेव, गणेश, मनोज, मोहन, फेकन और कृष्णा पटवा को मालाफूल पहनाकर समाज के लोगों ने सम्मानित किया। अंत में राष्ट्रीय महामंत्री के जन्मदिवस पर मिठाई खिलाकर बधाई दिया। इस मौके पर आनंदी पटवा, राकेश पटवा, गणेश पटवा, ओमप्रकाश पटवा सहित अन्य मौजूद रहे।

## चन्दौली में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को मारी टक्कर, एक की मौत, एक की हालत गंभीर



**शुभ भास्कर, चंदौली।** जनपद के कंदवा थाना क्षेत्र के कंजेहरा समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बीती देर रात कंदना थाना के असना गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह 52 वर्ष कुशी पई निवासी ओमप्रकाश बिंद 50 वर्ष के साथ बाइक से कुछ सामान लेकर वापस घर आ रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दोनों व्यक्तियों को टक्कर मार दी।आनन फानन में एंबुलेंस की मदद से घायल दोनों व्यक्तियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां पर अरविंद कुमार सिंह को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया तथा घायल ओमप्रकाश बिंद की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिनका जिला अस्पताल में जारी है। वही मृतक अरविंद कुमार सिंह के शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मोर्चरी भेज दिया गया है।

# "स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम" के तहत लोगों को किया जागरूक





**डीडीयू नगर।** डीडीयू नगर में आज "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के तहत केंद्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के सैकड़ों विद्यार्थियों, शिक्षक शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने प्राचार्य के नेतृत्व में जीटी रोड रेलवे ब्रिज के बगल में स्थित तालाब क्षेत्र की साफ सफाई की। "1 अक्टूबर, सुबह 10:00 बजे, 1 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान " अभियान के तहत यह कार्यक्रम पूरे उत्साह व मनोयोग से किया गया। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर से बाहर किसी सार्वजनिक स्थान को चिन्हित कर उसकी साफ सफाई जन- सहयोग व श्रमदान से पूर्ण करने का अभियान पूरे देश में चिन्हित संगठनों खासकर केंद्रीय विद्यालयों के द्वारा चलाया जा रहा है। केंद्रीय विद्यालय संगठन, वाराणसी संभाग के 20 चुने हुए विद्यालयों को यह जिम्मेदारी सौंप गई थी जिसमें केंद्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर एक था। विद्यालय द्वारा अपने परिसर से बाहर निकटतम स्थल जी टी रोड रेलवे ब्रिज तालाब क्षेत्र को इसके लिए चिन्हित किया गया था। जहां पहले गंदगी की मात्रा अधिक थी और यह आम लोगों के उपयोग के लिए महत्वपूर्ण है। अतः इस चिन्हित स्थान की साफ सफाई आज दिनांक 1 अक्टूबर को 10:00 बजे से 11:00 बजे के बीच विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन के सहयोग से पूरा किया गया और इस कार्यक्रम के तहत आम लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक कर 'एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत' के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री कौशल कुमार भारती ने अपने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ खुद झाड़ू पकड़ कर श्रमदान किया और लोगों को इसके प्रति और अधिक जागरुक होकर अपने आसपास के परिसर की सफाई एवं स्वच्छता को बनाए रखने का महत्वपूर्ण संदेश दिया वही विद्यार्थियों का नेतृत्व छात्र आनंद यादव एवं छात्रा आकांक्षा मिश्र नें किया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक श्री चंद्र भूषण प्रसाद ने विद्यार्थियों के श्रमदान हेतु प्रोत्साहित किया। मीडिया प्रभारी चारु भारद्वाज ने चिन्हित स्थल की खासियत बताते हुए स्वच्छता हेतु लोगों को संवेदनशील होने का आग्रह किया। विद्यालय की उप प्राचार्या श्रीमती मंजू तिवारी ने इस कार्यक्रम की भूरि- भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय संयोजक श्री मनीष पाण्डेय सहित विद्यालय के दर्जनों शिक्षाकर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर शतायु मतदाताओं को किया सम्मानित





**सकलडीहा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार को सकलडीहा तहसील परिसर में शतायु मतदाताओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सकलडीहा मनोज कुमार पाठक ने कुल 15 शतायु मतदाताओं को शॉल, माल्यार्पण और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सकलडीहा ने कहा कि शतायु मतदाता लोकतंत्र की रीढ़ हैं। अपने जीवन काल में कितने ही बार मतदान करके इन्होंने लोकतंत्र को मजबूत किया है। इसलिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आज इनको सम्मानित किया जा रहा है। तहसीलदार सकलडीहा विकास धर दुबे ने ने कहा कि कितनी ही कुर्बानियों के बाद हमें लोकतंत्र की आजादी मिली है, इसे मजबूत करने की जरूरत है। नायब तहसीलदार अमित सिंह ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और मतदाता इसकी जान है। हमें हर चुनाव में मतदान जरूर करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जनपद के स्वीप आइकॉन राकेश यादव रौशन ने और धन्यवाद ज्ञापन अमरेंद्र श्रीवास्तव उर्फ पेड़ा ने किया। इस अवसर पर लेखपाल चंद्रभूषण, स्वीप सहयोगी फ़ैयाज़ अहमद, तथा दर्जनों बीएलओ उपस्थित थे।

## कलानी गांव के काली मंदिर से सवा 16 किलो का घंटा चोरों ने उड़ाया



**चंदौली।** इलिया थाना अंतर्गत कलानी गांव के काली मंदिर से हौसला बुलंद चोर सवा 16 किलो का घंटा चुरा ले गये। तहरीर के बाद भी पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न किए जाने से चोरों का हौसला बुलंद है और एक के बाद एक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। बता दें कि मंदिर के पुजारी बसावन साधु के अलावा कौशल सिंह, रामरूप खरवार, कमल साहू, अवधेश, काशी यादव आदि ग्रामीणों ने गांव में पिछले 6 माह के अंदर तीन बार चोरी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि हर बार चोरी की घटना के बाद भी पुलिस ना तो एफआईआर दर्ज करती है नहीं कभी चोरी की घटना का खुलासा की है जिससे चोरों का हौसला बुलंद है। आरोप है कि छः माह पूर्व मंदिर से सवा 11 किलो का घंटा तथा तीन माह पूर्व मां काली की सोने की आंख तथा दान पेटिका से दस हजार नगद की चोरी हुई थी कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव में गठित श्री राम सेवा समिति के लोगों ने चेतावनी दिया है कि अबकी बार चोरी की घटना का खुलासा नहीं हुआ तो गांव के समस्त लोग सड़क पर उतरकर आन्दोलन करने को मजबूर होंगे।

## राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के जवानों ने किया गंगा घाट की सफाई



**चंदौली।** एनडीआरएफ के जवानों द्वारा माँ गंगा के घाट पर स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत साफ सफाई अभियान के तहत सफाई कार्य किया। इस दल का नेतृत्व उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा द्वारा किया गया। ग्यारहवीं एनडीआरएफ वाराणसी के जवानों ने मां गंगा के दशाश्वमेध घाट, राजेन्द्र घाट एवं दशाश्वमेध भवन वाराणसी मे भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार विशेष स्वच्छता पखवाड़ा "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के तहत वृहत स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि एनडीआरएफ टीमें अपने आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, रैलियां, जागरूकता के कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आज एनडीआरएफ टीमों के द्वारा वाराणसी, लखनऊ, गोरखपुर एवं भोपाल में वृहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य में अपने आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ व साफ़ रखने के लिए जागरूक करना हैं। आपदाओं में राहत बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ सदैव तत्पर रहती है और इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान देती है। आज स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के साथ "फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन" का आयोजन "स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत" थीम के साथ गोदौलिया चौराहे से लेकर दशाश्वमेध घाट तक किया गया। जिसमें एनडीआरएफ के महिला एवं पुरुष बचाव कर्मियों के साथ अधिकारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। एनडीआरएफ के साथ स्वच्छता अभियान में नगर निगम, जल पुलिस तथा नाविकों ने भी भाग लिया। इस अभियान में उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा द्वारा स्वच्छता अभियान मे शामिल लोगों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## स्वछता अभियान के तहत हुई साफ सफाई



**चहनियाँ चंदौली।** स्व्च्छता ही सेवा के अंतर्गत बलुआ स्थित पतित पावनी पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर वन विभाग व गंगा सेवा समिति के लोगो ने साफ सफाई किया । वही प्रतिदिन एक घण्टे श्रम दान कर साफ रखने का संकल्प लिया । स्व्च्छता ही सेवा के अंतर्गत बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर प्रभागीय वनाधिकारी रणबीर मिश्रा व उप प्रभागीय वनाधिकारी सत्यपाल प्रसाद के निर्देशन में रविवार को एसडीएम मनोज पाठक व क्षेत्रीय वन अधिकारी नित्यानन्द पाण्डेय के नेतृत्व में वन विभाग वन विभाग व गंगा सेवा समिति के लोगो व सफाई कर्मियों ने मिलकर घाट की साफ सफाई किया गया । इस दौरान गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा कि गांव, घर ,घाट व सार्वजनिक स्थलों को साफ स्वच्छ रखना हम सबका कर्तव्य है । केंद्र सरकार की योजना स्व्च्छता ही सेवा में सभी लोग मिलकर सहयोग करे । पूरे दिनचर्या में केवल एक घण्टे साफ सफाई के लिए निकाले । इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी आनन्द यादव,वन विभाग के जितेंद्र यादव,अभिषेक यादव,सियाराम,राजेश साहनी,जुगनू पासवान आदि लोग उपस्थित थे ।

## व्यापारी स्वाभिमान यात्रा को सफल बनाने में नगर अध्यक्ष के साथ उनके पदाधिकारियों सहित व्यापारियों संग हुई बैठक



**शुभ भास्कर, बबुरी, चंदौली।** बबुरी कस्बा स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला मंत्री महेंद्र सेठ के आवास पर व्यापारी स्वाभिमान यात्रा को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के गौरवपूर्ण 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा डिजिटल रथ के साथ पूरे प्रदेश में दूसरे चरण में भ्रमण कर रही है।वहीं व्यापारी स्वाभिमान यात्रा 8 अक्टूबर 2023 को चन्दौली में आएगी।वहीं व्यापारी स्वाभिमान यात्रा को सफल बनाने के निमित बबुरी नगर में नगर अध्यक्ष के साथ उनके पदाधिकारियों सहित व्यापारियों संग बैठक की गई। जिसमें कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई गई, वहीं जिला मंत्री महेंद्र सेठ ने संबोधित करते हुए कहा आप सभी व्यापारियों को व्यापारी हित में काम करने की बात कही किसी भी व्यापारी को कोई भी परेशानी हो हम उसके साथ डट के खड़े रहेंगे। इस मौके पर राघवेंद्र सिंह,व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष. शशि प्रकाश गांधी, जिला मंत्री. महेंद्र सेठ, रवि पाठक, सोनू केशरी, भईया लाल केशरी,पंकज जायसवाल,पप्पू पटवा,गया सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## विधायक ने ग्राम सभा रघुनाथपुर में लाख 96 हजार की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क का किया शिलान्यास



**शुभ भास्कर, बबुरी, चंदौली।** बबुरी क्षेत्र के ग्राम सभा रघुनाथपुर में मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने ग्राम सभा रघुनाथपुर में( त्वरित आर्थिक विकास योजना )के अन्तर्गत 42 लाख 96 हजार की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क का किया शिलान्यास।विधायक ने वहां की स्थानीय जनता को चंदन टीका व माल्यार्पण कर कराया, जनता के बीच संबोधित करते हुए विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि लोगों को लग रहा आश्चर्य पर उन्हें अवगत कराया की, मैं आज जो भी हूं आप सभी के आशीर्वाद से ही हूं, मेरे पूरे कार्यकाल में जो भी शिलान्यास व उद्घाटन होगा वो सभी जनता के द्वारा ही कराया जाएगा,कोई भी जनप्रतिनिधि बिना जनता के आशीर्वाद के नहीं बन सकता इसलिए सभी को ऐसा ही विचार रखना चाहिए, जिससे जनता को सम्मान मिल सके। इस मौके पर सीकरी ग्राम प्रधान पति बब्बू सिंह, रघुनाथपुर ग्राम प्रधान संगम, सूरज सिंह, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## बाबू बालिका इंटर कॉलेज चंदौली खुर्द में रविवार को स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया



**तारा जीवनपुर चंदौली।** बाबू बालिका इंटर कॉलेज चंदौली खुर्द में रविवार को स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया छात्रों द्वारा विद्यालय प्रांगण सहित चंदौली मार्ग पर अभियान के तहत साफ सफाई कर लोगों को जागरूक करने का काम किया बाबू बालिका इंटर कॉलेज चंदौली खुर्द के छात्राओं द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यालय ही नहीं बल्कि चंदौली काली मार्ग पर साफ सफाई कर अभिभावकों को सफाई के प्रति जागरूक करने का काम किया गया इस मौके पर प्रधानाचार्य शकुंतला सिंह ने कहा कि विद्यालय ही नहीं पालकी अपने घरों केआस- पास साफ सफाई रखने की जरूरत है इससे ही स्वच्छ भारत का सपना साकार किया जा सकता है इसके पति हम सभी को सजग और जागरूक रहने की जरूरत है इस मौके पर राजेश सिंह शाहिद तमाम लोग मौजूद रहे।

आवागमन — पुल के निर्माण के लिए व्यापारियों ने किया था धरना -प्रदर्शन

## रेलवे क्रॉसिंग के पास पथ ऊपरचलगामी पुल का निर्माण अधर में लटका











**सैयदराजा (चंदौली)।** नगर के रेलवे स्टेशन के समीप उत्तरी बाजार व दक्षिणी बाजार को जोड़े जाने वाले गेट संख्या 72 बी पिछले करीब एक वर्ष पूर्व पक्की दीवार खड़ी कर दी गई जिससे आवागमन ठप हो गया जब इसी क्रॉसिंग के सहारे उत्तरी बाजार में एकमात्र राजकीय कन्या इंटर कॉलेज वह महिला महाविद्यालय स्थित है यह बाजार सकलडीहा कस्बा,फेसुडा,नई बाजार कसवड,आदि कई गांवों को जोड़ता है छात्र व छात्रायों ,राहगीरो के आने-जाने का का मुख्य मार्ग है इससे नगर का बाजार दो हिस्सों में बट गया है आवागमन हेतु लोग साइड से होकर रेलवे ट्रैक पार करते हैं इसके चलते आए दिन ट्रेन से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है अब तक लगभग आधा दर्जन से अधिक छात्र व छात्राएं वह राहगीर दुर्घटना में जान गवां बैठे ,कई बार रेलवे के आलाअधिकारियों को ध्यान भी अकृष्ट कराया गया लेकिन आज तक फुट ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं हो सका वही नागरिकों ने इसके लिए आंदोलन अनशन भी किया था इस समस्या को लेकर कई बार रेल अधिकारी व जिले के अधिकारियों से फुटओवर ब्रिज निर्माण के लिए ध्यान भी अकृष्ट कराया था रेल के विभाग अधिकारियों ने कार्य भी शुरू कर दिया लेकिन स्थिति यह भी है लेकिन छह माह हो गए इसका आधा कार्य भी पूरा नहीं हो सका बिगत दिनों से पुल का निर्माण कार्य रुका हुआ है ,लोगों ने इसको संज्ञान में लेकर अधिकारियों से अवगत भी कराया हुआ है लेकिन फुट ओवर ब्रिज का निर्माण लगता है ठंडे बस्ते में चला गया है वही नगर के जाने-माने चिकित्सक डॉ रामअशीष कुशवाहा, समाजसेवी राजेश जायसवाल उर्फ बाढ़ू जायसवाल, पप्पू गुप्ता ,सोहेल राईन, रजनीश सिंह शिक्षक आदि गण्यमान्य लोगों का कहना है कि आगामी दिनों मे नवरात्रि ,दशहरा व दीपावली डाला ,छठ जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार है आसपास के काफी संख्या में लोग मेले में आते-जाते रहते हैं बाजार में आने जाने के लिए मुख्य क्रॉसिंग रेलवे ट्रैक ही है इसे कभी भी बड़ा हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है नागरिकों ने रेलवे क्रॉसिंग के समीप निर्माणाधीन पथ ऊपरचल गामी को जल्द से जल्द पूर्ण करने की मांग की है?

# पीडीडीयू नगर के रेलवे यूनियन नेता अशोक कुमार सिंह ने ली आम आदमी पार्टी की सदस्यता





**पीडीडीयू नगर।** आज एक प्रमुख घटनाक्रम के तहत गोधना स्थित एक आवास पर अयोजित एक सादे समारोह में रेलवे मेंस यूनियन के जुझारू व प्रसिद्ध नेता अशोक कुमार सिंह ने आज आम आदमी पार्टी में शामिल हो गये। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने उन्हें आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और उन्हें मुगलसराय विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि आम आदमी पार्टी का संगठन तेजी से बढ़ रहा है। समाज के ढेर सारे अच्छे लोग आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं । इसी क्रम में आज मुगलसराय के प्रतिष्ठित व्यक्ति रेलवे मेंस यूनियन के बड़े नेता अशोक सिंह ने आज आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इनका आम आदमी पार्टी परिवार में हृदय से अभिनंदन है। संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जो दिल्ली और पंजाब में जनकल्याणकारी बेहतरीन कार्य किया है और कार्य कर रही है, उससे पूरे देश का माहौल बदला है। अब देश व प्रदेश के लोग धर्म और जाति की राजनीति छोड़कर के शिक्षा और स्वास्थ्य की राजनीति को पसंद करने लगे हैं। आम आदमी पार्टी की स्वीकार्यता पूरे देश के साथ उत्तर प्रदेश और जनपद चंदौली में भी तेजी से बढी है। आगामी लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी लोकसभा की 100 से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है अरविंद केजरिवाल देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि लोगों का आप के प्रति भारी रूझान ये बता रहा है कि 2027 में आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश की सत्ता में निश्चित रूप से काबिज होगी । इस अवसर पर नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ही एकमात्र ऐसे नेता है जो जिनसे भाजपा डरती है। क्योंकि अरविंद केजरीवाल जी ने दिल्ली में बेहतरीन वर्ल्ड क्लास स्कूल बनवाए हैं,ढेर सारे ऐसे काम अरविंद केजरीवाल जी ने किया है, जिससे आम आदमी पार्टी को भारत के लोग पसंद कर रहे हैं। अशोक कुमार सिंह ने कहा कि जिला अध्यक्ष संतो कुमार पाठक जी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, मुझपर जो भरोसा जताया है, उसे पूरी सिद्दत से , तन मन धन से निभाऊंगा और उस भरोसे को कभी टूटनें नहीं दूंगा और मुगलसराय में आम आदमी पार्टी को सबसे मजबूत पार्टी बनाने का काम करूंगा।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।